▸▸ वर्ष 72 ▸▸ अंक 207 ▸▸ पृष्ठ 12
रीवा, शुक्रवार 25 अप्रैल, 2025
▸▸ वैशाख कृष्ण पक्ष 12, विक्रम संवत् 2082
▸▸ नगर ▸▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

सभी महान चीजें सरल होती हैं, और उनमें से कई को एक ही शब्द में व्यक्त किया जा सकता है- स्वतंत्रता, न्याय, सम्मान, कर्तव्य, करुणा, आशा।
-विंस्टन चर्चिल

**कश्मीर में कत्लेआम** | सर्वदलीय बैठक में केंद्र सरकार ने सुरक्षा में चूक को किया स्वीकार

# हर कार्रवाई को विपक्ष का पूरा समर्थन कहा- धवस्त किए जाएं आतंकी ठिकाने

## पाकिस्तान ने की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति की मीटिंग

**नई दिल्ली, इस्लामाबाद, जेएनएन।** गुरुवार को भारत और पाकिस्तान, दोनों देशों में बैठकें हुईं। पहलगाम आतंकी हमले पर विचार करने के लिए नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक हुई, जबकि पाकिस्तान के इस्लामाबाद में नेशनल सिक्योरिटी कमेटी की बैठक हुई।

पार्लियामेंट एनेक्सी बिल्डिंग में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के नेताओं ने ऐलान किया कि इस समय पूरा देश एकजुट है। वहीं सरकार ने माना कि सुरक्षा में चूक हुई है। बैठक में गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस जयशंकर, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत लगभग सभी राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुए। बैठक में सरकार से मांग की गई कि वह सीमा पार के आतंकी संगठनों पर कठोर कार्रवाई करे। सभी ने आतंकी हमले की निंदा की और मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए दो मिनट का मौन रखा।

सर्वदलीय बैठक में भाग लेने के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा- विपक्ष ने सरकार को कोई भी कार्रवाई करने के लिए पूरा समर्थन दिया है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि पूरा देश इस समय साथ है।

सरकार ने माना है कि पहलगाम में सुरक्षा में चूक हुई है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा- आईबी और गृह मंत्रालय के अधिकारियों ने नेताओं को चूक के बारे में जानकारी दी। सभी दलों ने कहा कि वे सरकार के साथ हैं और आतंकवाद के खिलाफ हैं। सरकार ने वादा किया है कि सुरक्षा चूक की जांच कराई जाएगी और ऐसी व्यवस्था की जाएगी, जिससे पहलगाम जैसी घटनाएं फिर न हों। उधर, पहलगाम हमले के बाद भारत के ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## शोक और आक्रोश के बीच भारत-पाक के बीच बढ़ा तनाव

### भारत ने ये फैसले लिए



- भारत का कोई भी विमान पाकिस्तान के एयरस्पेस का इस्तेमाल नहीं करेगा।
- वायुसेना ने युद्धाभ्यास शुरू किया। इसे आक्रमण नाम दिया गया। इसमें अंबाला और हाशीमारा की दो राफेल स्क्वॉड्रन हिस्सा लेंगी।
- आईएनएस सूरत युद्धपोत से मिसाइल की टेस्टिंग की गई। टेस्टिंग सफल रही। सतह से समुद्र पर हमला करने का सफल परीक्षण किया गया।
- सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी शुक्रवार को बैसरन का दौरा करेंगे। वे वहां सैन्य कमांडरों और स्थानीय अधिकारियों के साथ सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा करेंगे और आगे की रणनीति तय करेंगे।

### पाकिस्तान में हुए ये निर्णय



- दोनों देशों के सभी द्विपक्षीय समझौते स्थगित किए जाएंगे, इसमें 1972 का शिमला समझौता भी शामिल।
- सिंधु जल समझौते को रोक जंग की तरह माना जाएगा। पाक निपटने के लिए तैयार।
- एलएसी पर वायुसेना की तैनाती करेगा और कश्मीर मसले को नए सिरे से वैश्विक मंचों पर उठाएगा। संयुक्त राष्ट्रसंघ से दखल की मांग की जाएगी।
- भारत के वक्फ कानूनों की निंदा की। इसे मुसलमानों को दबाने का प्रयास कहा।
- पहलगाम हमले के सबूत मांगे और उचित कार्रवाई का वादा किया गया। पाक ने हमले की भी निंदा की है।

## हमास ने पीओके में आतंकियों से की थी मुलाकात : इजरायल

पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत में मौजूद इजरायल के राजदूत रियुवेन अजार ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले की तुलना 7 अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर हमास के हमले से की। साथ ही कहा कि हमास के आतंकियों ने कुछ समय पहले पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) का दौरा किया था और वहां आतंकवादी समूहों से मुलाकात की थी। उन्होंने कहा कि आतंकवादी संगठन सभी स्तरों पर एक-दूसरे का सहयोग कर रहे हैं। वे हमलों के दौरान एक-दूसरे की नकल भी करते हैं। ये आतंकवादी समूह एक-दूसरे को प्रेरित भी कर रहे हैं। पहलगाम और इजराइल हमले के बीच समानताएं हैं। निर्दोष पर्यटक पहलगाम में छुट्टियां मना रहे थे, जबकि इजराइल में संगीत समारोह हो रहा था।

## बीस देशों के राजनयिकों को दी हमले की जानकारी

भारत ने गुरुवार को विदेशी राजनयिकों को पहलगाम आतंकी हमले और उसमें पाकिस्तान की संलिप्तता से अवगत कराया। सूत्रों के अनुसार विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, चीन, रूस, जर्मनी समेत करीब 20 से अधिक देशों के राजनयिकों को इस बारे में जानकारी दी। इसमें जी-20 और खाड़ी के च्यादातर देश शामिल थे। मिस्री ने राजनयिकों को निर्दोष नागरिकों पर हुए नृशंस आतंकवादी हमले के विभिन्न पहलुओं तथा आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहनशीलता की दृढ़ नीति से अवगत कराया। राजनयिकों को संबंधित जानकारी भारत द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ कई कदमों की घोषणा के एक दिन बाद दी गई। भारत ने बुधवार को पाकिस्तानी सैन्य प्रतिनिधियों को निष्कासित करने, 1960 की सिंधु जल संधि को निलंबित करने और अटारी भूमि-पारगमन चौकी को तत्काल प्रभाव से बंद करने सहित कई अहम कदम उठाए हैं। राजनयिकों को जानकारी देने के लिए आयोजित बैठक में ओमान, संयुक्त अरब अमीरात, कतर, नॉर्वे, इटली, इंडोनेशिया और मलेशिया के राजनयिक भी मौजूद रहे। अमेरिका, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ, इटली, जापान, चीन, रूस, जर्मनी और फ्रांस के शीर्ष राजनयिक बैठक में शामिल थे।

## गलती से पाकिस्तान सीमा में पहुंचा जवान

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर जिले की पाकिस्तान से लगती अंतरराष्ट्रीय सीमा पर बुधवार को गलती से पाकिस्तान में प्रवेश कर गए सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवान को पाक रेंजर्स ने हिरासत में ले लिया है। बुधवार देर रात बीएसएफ और पाक रेंजर्स के बीच हुई फ्लैग मीटिंग में बीएसएफ ने अपने जवान को लौटाने की मांग की लेकिन पाक रेंजर्स ने इसको ठुकरा दिया। इस मुद्दे को लेकर गुरुवार को फिर बीएसएफ और पाक रेंजर्स के बीच फ्लैग मीटिंग हुई। हालांकि, बात नहीं बनी।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने पत्रकार को पीटा

**कठुआ।** सुरक्षा चूक पर सवाल पूछने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने दैनिक जागरण के पत्रकार राकेश शर्मा पर हमला कर दिया। हमले की वीडियो वायरल हो गई है। भाजपा विधायक देविंदर मन्याल, राजीव जसरोतिया और भरत भूषण से पत्रकार ने केंद्र सरकार की विफलताओं पर सवाल किया तो कार्यकर्ता हिमांशु शर्मा ने 'देश विरोधी' कहकर निशाना बनाया और अन्य कार्यकर्ताओं ने भी हमला कर दिया। पुलिस ने उन्हें अस्पताल पहुंचाया। पत्रकार संगठनों ने इसकी कड़ी निंदा की है।




# बिहार में बोले मोदी-आतंकियों को मिलेगी कल्पना से भी कड़ी सजा

**मधुबनी, जेएनएन।** पहलगाम अटैक के बाद गुरुवार को बिहार के मधुबनी पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- पूरा देश आतंकवादियों को सजा देने के संकल्प में एक है। मानवता में विश्वास रखने वाला हर व्यक्ति हमारे साथ है। मैं विभिन्न देशों के लोगों और उनके नेताओं को धन्यवाद देता हूं जो हमारे साथ खड़े हैं। प्रधानमंत्री ने अपना शुरुआती भाषण अंग्रेजी में दिया और विश्व समुदाय को संबोधित किया। वे यहां पंचायती राज दिवस कार्यक्रम में पहुंचे थे।

इससे पहले पीएम ने मृतकों को मंच से श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि अपनी बात शुरू करने से पहले मैं आप सबसे एक प्रार्थना करना चाहता हूं। आप जहां हैं, वहीं अपने स्थान पर बैठे रहकर ही 22 तारीख को जिन परिवारजनों को हमने खोया है, उन्हें श्रद्धांजलि दें। इसके बाद मैं अपनी बात शुरू करूंगा। फिर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई। मोदी स्वयं हाथ जोड़े खड़े रहे।

पंचायती राज पर उन्होंने कहा कि आज आज राष्ट्र कवि रामधारी सिंह दिनकर की पुण्यतिथि भी है। मैं उन्हें नमन कहता हूं। बिहार से बापू ने सत्याग्रह की शुरुआत की थी। उनकी सोच थी कि जब तक गांव का विकास नहीं होगा, तब तक भारत का विकास नहीं हो पाएगा।



"पहलगाम के दोषियों को मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। आतंकियों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलकर रहेगी। आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने भाई, किसी ने जीवन साथी खोया। इनमें से कोई बांग्ला बोलता था, कोई कन्नड़, कोई गुजराती था, कोई बिहार का लाल था। आज सभी की मृत्यु पर कारगिल से कन्याकुमारी तक हमारा आक्रोश एक जैसा है। पीएम ने कहा-हम उन्हें धरती के अंतिम छोर तक खदेड़ेंगे। आतंकवाद से भारत की आत्मा कभी नहीं टूटेगी। आतंकवादियों को सजा मिलेगी।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री (मधुबनी में अपने संबोधन के दौरान)**

## नीतीश बोले- आतंक के खिलाफ देश एकजुट

कार्यक्रम में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा, 2 दिन पहले आतंकी हमले में कई लोगों की मौत हुई है। ये घटना निंदनीय है। पूरा देश आतंक के खिलाफ एकजुट है। नीतीश ने मंच से लोगों से कहा, प्रधानमंत्री जी ने इतना काम किया है। इनके लिए जोरदार तालियां बजाइए। उन्होंने कहा- 2005 में हमारी सरकार बनी थी। ये हमारा 20वां साल है। पहले पंचायतों का बुरा हाल था। कोई काम नहीं होता था। हमने चीजों को बदला।




**आईपीएल में आज**
चैन्नई बनाम हैदराबाद
समय : शाम 7.30 बजे से
प्रसारणः स्टार स्पोर्ट्स और जियो हॉटस्टार पर

**विशेष सूचना**
ज्ञान वही जो निरभिमान बना दे...
(पढ़ें सम्पादकीय पेज पर)

## राणा की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** पटियाला हाउस कोर्ट ने तहव्वुर राणा की याचिका गुरुवार को खारिज कर दी। याचिका में राणा ने अपने परिवार से फोन पर बात करने की अनुमति मांगी थी। राणा के वकील पीयूष सचदेवा ने तर्क दिया था कि एक विदेशी नागरिक के तौर पर उसे अपने परिवार से बात करने का मौलिक अधिकार है।

# मॉक ड्रिल के 7 दिन बाद भेल परिसर में लगी भीषण आग



**खास बातें**
- 5 घंटे में भी नहीं बुझ सकी आग
- बीच-बीच में होते रहे धमाके
- भेल प्रबंधन का तर्क पेड़ों के सुलगने से हो रहे हादसे

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** गुरुवार को भोपाल बीएचईएल परिसर में सुबह 11.30 बजे के करीब भीषण आग लग गई। गर्मी के चलते दोपहर के समय आग तेजी से भड़की और देखते ही देखते इसने विकराल रूप ले लिया। गौरतलब है कि सात दिन पहले ही एक अन्य परिसर में मॉक ड्रिल की गई थी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग की लपटें 20 फीट से भी ज्यादा ऊंची थीं। वहीं परिसर से 15 किमी दूर से भी आग को आसानी से देखा जा सकता था। आग के चलते आसपास के पेड़-पौधे झुलस गए। भेल प्रबंधन के मुताबिक, आग सुबह लगभग 11.30 बजे के करीब मटेरियल गेट नंबर 9 से 200 मीटर अंदर वीरान क्षेत्र में लगी। इस स्थान पर फैक्ट्री से निकलने वाले अपशिष्ट को इकट्ठा कर रखा गया है। इसी ढेर में किसी कारण से आग लग गई, जो विकराल हो गई। आग को 15 किमी दूर से भी आसानी से देखा जा सकता था। आग लगने के बाद बीएचईएल परिसर में मौजूद सीआईएसएफ की फायर टीम ने मोर्चा संभाला। लगभग एक घंटे में आग का फैलाव रोक दिया गया, लेकिन देर शाम तक भी आग पर काबू नहीं पाया जा सका था। शाम 5 ■ शेष पृष्ठ 7 पर

## शादी नहीं तोड़ी तो लड़की को जबरन सल्फास खिलाया



**डबरा का मामला, 6 मई को थी शादी**

**जागरण, डबरा।** बारह दिन बाद दुल्हन बनने की खुशी लिये अपनी शादी की तैयारी में जुटी लड़की की घर में ही मौत हो गई। मौत की वजह है एक तरफा प्यार। मोहल्ले में ही रहने वाला लड़का उससे एक तरफा प्यार करता था। उसने घर में घुसकर लड़की पर शादी तोड़ने का दबाव बनाया। लड़की नहीं मानी तो उसने जबरन उसे सल्फास की एक साथ तीन गोलियां खिला दीं और भाग गया। परिजन लड़की को बेसुध हालत में अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उसकी मौत हो गई। अब लड़का और उसका पूरा परिवार फरार है। एक तरफा प्यार में जान ले लेने की यह घटना दतिया के भांडेर थाना क्षेत्र के बगदा गांव की है। मृतका प्रियंका (21) पुत्री बृजेंद्र अहिरवार की 6 मई को टीकमगढ़ में शादी होने वाली थी। परिवार में शादी की रौनक शुरू हो गई थी। लड़की के पिता ने पुलिस का बताया कि इस रिश्ते से बेटी भी बहुत खुश थी। मगर, गांव का एक युवक बेटी से एक तरफा प्यार करता था। वो शादी तोड़ने का दबाव बना रहा था।

# ईडी कोर्ट ने खारिज की सौरभ और शरद की जमानत याचिका

### बुधवार को बहस के बाद सुरक्षित रखा था फैसला



**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की स्पेशल कोर्ट ने परिवहन विभाग के करोड़पति पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा और उसके साथी शरद जायसवाल की जमानत याचिकाएं गुरुवार को खारिज कर दीं। स्पेशल कोर्ट के जज सचिन घोष ने अपने फैसले में लिखा कि अपराध की गंभीरता और प्रकरण की परिस्थितियों को देखते हुए दोनों को जमानत नहीं दी जा सकती। विशेष न्यायाधीश की अदालत में दोनों की जमानत के लिए 21 अप्रैल को याचिकाएं दाखिल की गई थीं। इन याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई हुई थी, जिसके बाद फैसले को आदेश के लिए सुरक्षित रखा गया था। सौरभ की तरफ से दूसरी बार जमानत के लिए आवेदन पेश किया गया था। ईडी के विशेष लोक अभियोजक ने सौरभ और शरद की जमानत ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### सौरभ-शरद की ओर से दिए तर्क

- ईडी ने 8 अप्रैल को जल्दबाजी में पेश कर दिया आरोप पत्र।
- अक्षम अधिकारी ने नियम विरुद्ध तरीके से संपत्ति अटैच की।
- ईडी अब तक एक भी संपत्ति सौरभ के नाम पर साबित नहीं कर सकी।
- इस मामले में लोकायुक्त कोर्ट पहले ही दोनों को दे चुकी है जमानत।
- दोनों प्रतिष्ठित नागरिक, जमानत मिलने पर फरार नहीं होंगे।
- इनके पासपोर्ट पहले से ही जब्त, परिजनों और सहयोगियों को ईडी कोर्ट पहले ही दे चुका है जमानत।

### विरोध में ईडी द्वारा दी गई दलीलें

- सौरभ ही करोड़ों की मनी लॉन्ड्रिंग और संपत्ति बनाने का मास्टरमाइंड।
- सौरभ और शरद के खिलाफ दर्ज अपराध संज्ञेय और गैर जमानती।
- जमानत पर सौरभ-शरद अभियोजन की कार्रवाई कर सकते हैं प्रभावित।
- दोनों की आयु और बीमारी जमानत का आधार नहीं।
- केस की विवेचना जारी है और प्यारेलाल केवट की गिरफ्तारी बाकी।
- जमानत मिलने पर दोनों के फरार होने की भी आशंका।

## फिटजी के मालिक गोयल के 8 ठिकानों पर ईडी का छापा

**नोएडा और गुरुग्राम में एक साथ एक्शन**

**नई दिल्ली। प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली, नोएडा और गुरुग्राम में फिटजी कोचिंग के मालिक डीके गोयल के 8 ठिकानों पर छापेमारी की है। मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत कोचिंग सेंटर के मालिकों और प्रमोटरों से जुड़े ठिकानों पर छापा मारा गया है। ईडी ने बताया कि उप्र और दिल्ली में कई एफआईआर दर्ज होने के बाद यह कार्रवाई की जा रही है।

दरअसल, फिटजी के मालिक और प्रमोटर्स पर कोचिंग सेंटर से लिए गए पैसे को निजी फायदे और दूसरी कंपनियों में लगाने का आरोप है। जनवरी 2025 में अचानक फिटजी के कई सेंटर बिना किसी सूचना के बंद हो गए थे। ईडी के मुताबिक पैरेंट्स ने पूरे साल के लिए एडवांस पेमेंट किया था, लेकिन फिटजी वालों ने उन्हें सेंटर बंद होने की जानकारी नहीं दी। इससे 12 हजार छात्रों का भविष्य खतरे में पड़ गया। मामले में ईडी ने मुख्य साजिशकर्ताओं के घरों पर भी तलाशी ली है। इसमें एक प्रमोटर डीके गोयल का घर और कुछ ऑफिस शामिल हैं। ईडी के अनुसार कोचिंग सेंटर से लिए गए पैसे को गलत तरीके से इस्तेमाल किया गया। अब ईडी मामले की गहराई से जांच कर रही है।

**गंभीर खतरा** | ग्लेशियरों के पानी पर निर्भर दो अरब लोगों की जिंदगी हो सकती हैं प्रभावित

# हिमालय में पिछले 23 साल में सबसे कम बर्फबारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) ने अपनी एक रिपोर्ट में चेतावनी दी कि हिमालय पर्वत श्रृंखला में बर्फ की कमी का रुझान लगातार तीसरे वर्ष भी जारी रहा है और इस कारण से क्षेत्र में जल सुरक्षा खतरे में पड़ गई है।

हिमालय-हिंदुकुश पर्वत श्रृंखला अफगानिस्तान से म्यांमार तक फैली हुई है, जबकि आर्कटिक और अंटार्कटिक महाद्वीप के बाद बर्फ और ग्लेशियरों का सबसे बड़ा भंडार इसी क्षेत्र में है। यह जलाशय लगभग दो अरब लोगों के लिए ताजे पानी का मुख्य स्रोत हैं, जबकि कृषि, घरेलू इस्तेमाल और अन्य आवश्यकताओं के लिए भी इन्हीं जलाशयों पर निर्भर रहा जाता है।

रिपोर्ट में विशेष रूप से बताया गया है कि दक्षिण-पूर्व एशिया की दो सबसे लंबी नदियां मेकांग और सालवीन, जो चीन और म्यांमार को पानी देती हैं, उनकी लगभग आधी बर्फ पिघल चुकी है। आईसीआईएमओडी के महानिदेशक पेमा गियामात्सु ने दीर्घकालिक समाधान के लिए नीतिगत बदलावों का आह्वान किया है। उन्होंने कहा, 'कार्बन उत्सर्जन ने हिंदुकुश पर्वतमाला में अभूतपूर्व बर्फ हानि के मार्ग को अपरिवर्तनीय बना दिया है।' उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के लिए तुरंत उपाय किए जाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

संयुक्त राष्ट्र के विश्व मौसम विज्ञान संगठन के मुताबिक, एशिया जलवायु संबंधी आपदाओं से सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्र है। संगठन ने मार्च महीने में एक रिपोर्ट जारी की, जिसके मुताबिक पिछले छह सालों में से पांच वर्ष ऐसे थे जिनमें ग्लेशियरों में सबसे तेज गिरावट देखी गई। यह स्थिति इस क्षेत्र की पर्यावरणीय स्थिरता और मानव जीवन के लिए बढ़ती कठिनाइयों का संकेत दे रही है। इससे मौसम विज्ञानियों की भी चिंता बढ़ गई है।




### सूखे और अन्य जोखिमों में होगी बढ़ोत्तरी

आईसीआईएमओडी की इस ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, इस क्षेत्र में मौसमी बर्फ आवरण (वह समय जब बर्फ जमीन पर रहती है) सामान्य से 23.6 फीसदी कम है, जो पिछले 23 सालों में सबसे निचला स्तर है। रिपोर्ट के मुख्य लेखक शेर मोहम्मद ने समाचार एजेंसी एएफपी से कहा, 'इस साल बर्फबारी जनवरी के अंत में शुरू हुई और पूरे शीतकाल में औसत से कम रही।' उन्होंने कहा कि इस कमी से नदी के प्रवाह में संभावित कमी, भूजल पर निर्भरता में वृद्धि, तथा सूखे जैसे जोखिम में वृद्धि हो सकती है। क्षेत्र के कई देशों ने पहले ही सूखे की चेतावनी जारी कर दी है, जबकि फसल की पैदावार और पानी की उपलब्धता भी खतरे में है। यह स्थिति उस आबादी के लिए और भी जटिल हो जाती है जो लंबे समय तक चलने वाली, तीव्र और बार-बार आने वाली गर्मी की लहरों से जूझती है।

### इन देशों की जलवायु पर पड़ सकता है असर

पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, म्यांमार और नेपाल अंतरराष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र के सदस्य देश हैं। अंतर-सरकारी निकाय ने क्षेत्र की 12 प्रमुख नदी घाटियों पर निर्भर देशों से जल प्रबंधन, सूखे की तैयारी, पूर्व चेतावनी प्रणालियों में सुधार करने और क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया है।

# वॉशिंगटन से ट्रेड डील करने वाला पहला देश होगा भारत

**नई दिल्ली।** अमेरिका के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने भारत-अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता होने की उम्मीद जताई है। उन्होंने कहा, भारत राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पारस्परिक शुल्क से बचने के लिए व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला पहला देश बन सकता है। अमेरिका की ओर से भारतीय निर्यात पर 26 प्रतिशत का पारस्परिक टैरिफ फिलहाल 90 दिनों के लिए स्थगित है। इसकी अवधि 8 जुलाई को समाप्त हो जाएगी। हालांकि, अन्य देशों की तरह भारत पर मौजूदा नीति के तहत 10 प्रतिशत टैरिफ लागू है।

रिपोर्ट के अनुसार बेसेन्ट ने पत्रकारों की एक राउंडटेबल बैठक में कहा, भारत के साथ व्यापार वार्ता सफल निष्कर्ष पर पहुंचने के 'बहुत करीब' है। दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में 'इतने अधिक टैरिफ' नहीं हैं। इससे पहले अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भारत से गैर-टैरिफ बाधाओं को हटाने, बाजारों तक अधिक पहुंच और अधिक अमेरिकी ऊर्जा और सैन्य हार्डवेयर खरीदने का आग्रह किया।

### भारत में गैर-टैरिफ व्यापार बाधाएं कम

विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष की वार्षिक बैठकों के अवसर पर आयोजित डीसी कार्यक्रम में बेसेन्ट ने कहा, भारत में गैर-टैरिफ व्यापार बाधाएं भी कम हैं, जाहिर है, मुद्रा में कोई हेरफेर नहीं है। सरकारी सब्सिडी भी बहुत कम है, इसलिए भारतीयों के साथ समझौता करना बहुत आसान है। रिपोर्ट के अनुसार राष्ट्रपति ट्रंप ने मांग की है कि अन्य देश अमेरिकी वस्तुओं पर अपने टैरिफ और गैर-टैरिफ अवरोधों को समाप्त करें, साथ ही अमेरिकी व्यापार घाटे को भी समाप्त करें।

## कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले का विरोध, पुतला दहन किया गया




**टीकमगढ़।** बुधवार शाम को कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में कांग्रेस विधायक व पूर्व मंत्री के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। टीकमगढ़ के गांधी चौराहे पर आतंकवाद का पुतला दहन किया गया। इस दौरान पाकिस्तान और आतंकवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए गए हैं। कांग्रेस विधायक व पूर्व मंत्री यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि इतनी बड़ी घटना हो गई वहां कही भी एक भी पुलिस का सिपाही मौजूद नहीं था। मैं समझता हु कि यह भारत सरकार का फेल्यू है। इसके लिए इन्हें माफी मांगनी चाहिए। दूसरी बात गृह मंत्री जब वहां पहुंचते है तो लोगों को उम्मीद जागी कि कोई सार निकलेगा लेकिन ग्रहमंत्री जब मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने गए तो उनके लिए लाल कारपीट बिछाया गया। इसी देश में जब शिवराज पाटिल देश के गृहमंत्री थे उन्होंने केवल दिन में तीन बार ड्रेस बदल ली थी उसके ऊपर से मनमोहन सिंह ने उन्हें हटा दिया था। और अमित शाह जी के लिए लाल कारपीट बिछाया गया है तो उन्हें पूरे देश का और शहीदों का अपमान किया है। तीसरी बात प्रधानमंत्री द्वारा सब दलीय बैठक बुलाई गई। जिनसे उन्होंने राजनाथ सिंह को मीटिंग लेने को कहा और खुद इसी घटना का राजनैतिक लाभ लेने के लिए बिहार के दौरे पर चले गए। भारतीय जनता पार्टी एक के बाद एक दुर्भाग्यपूर्ण काम कर रही है। इन्हें कोई आतंकवादी घटना से कोई लेना देना नहीं है। वोट के लिए राजनीति करते है इसके अलावा भाजपा के लोग कोई अच्छा काम नहीं करते है। आगे उन्होंने कहा कि कश्मीर घटना कोई राज्य का मामला तो है नहीं जम्मू कश्मीर में भी पुलिस भारत सरकार के अंडर में है। स्टेट का विषय ही नहीं कानून व्यवस्था इसकी जिम्मेदारी देश के गृहमंत्री मंत्री रक्षा मंत्री और प्रधानमंत्री जिम्मेदार है। इन्हें बर्खास्त कर देना चाहिए जैसे शिवराज पाटिल को किया गया था।

## टीकमगढ़ अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय द्वारा जलाया आतंकवाद का पुतला



**टीकमगढ़ ।** आज दिनांक 24. 04.25 को गांधी चौराह टीकमगढ़ पर आतंकवाद का मुस्लिम समुदाय द्वारा पुतला जलाया गया कांग्रेस अल्पसंख्यक राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय इमरान प्रतापगढ़ी तथा प्रांतीय अध्यक्ष सम्माननीय शेख अलीम के निर्देशन में जिला अध्यक्ष कांग्रेस अल्पसंख्यक टीकमगढ़ खलील मोहम्मद के नेतृत्व में मुस्लिम समुदाय द्वारा आतंकवाद का पुतला दहन किया गया विगत दिवस दिनांक 22 अप्रैल 2025 को जम्मू कश्मीर के पहलगाम पर्यटकों पर हमले की कायरता पूर्ण घटना आतंकवादियों ने की हमले में 26 से अधिक पर्यटकों की मौत हुई है आतंकवाद द्वारा हमारे देश के विभिन्न समुदायों की एकता को बिगाड़ने की कोशिश की जा रही है य अल्पसंख्यक मुस्लिम समुदाय द्वारा आतंकवाद का जबरदस्त विरोध प्रकट किया गया पुतला जलाकर आतंकवाद के पुतले पर जूते मारे गए इस दौरान बशीर खान बस ऑनर शान मोहम्मद शरीफइलेक्ट्रिकल कल्लू खान स्टील सलीम खान पार्षद हाजी सफी उल्ला आरिफखान हाजी इम्तियाज रफीक खान शाहिद खान पप्पू हाजी रफीक लाइनमैन अजहरुद्दीन शरीफ खान माते इंजीनियर शोएब खान जमील इलेक्ट्रिकल जमशेद मंसूरी अल्ला महर सहित काफी मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद थे

## जतारा रेंजर की सूझबूझ और समन्वय से लगातार दूसरे दिन आधी रात में अवैध लकड़ी परिवहन करते जब्त हुआ ट्रक



**जतारा ।** विदित हो कि टीकमगढ़ जिले अंतर्गत विगत कुछ माह से वन माफिया रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन के साथ साथ अन्य अवैध अपराधों के लिए उत्तर प्रदेश के लकड़ी तस्करों के साथ मिलकर टीकमगढ़ जिले के विभिन्न स्थानों से राजस्व भूमि पर बिना अनुमति के खैरए यूकेलिप्टसए बबूलए और श्यामर के वृक्षों की कटाई करके संगठित अपराध के तहत उत्तर प्रदेश के गाजियाबादए सीतापुरए बदायूं एओर अन्य जगह टीकमगढ़ से काटी गई लकड़ी का अवैध परिवहन कर रहे हैंए जिस पर नियंत्रण रखने के लिए वन विभाग द्वारा लगातार वाहन की जप्ती जारी हैए जिसके तहत टीकमगढ़ए बलदेवगढ़ए सहित जतारा रेंज अंतर्गत अनेकों वाहनों की जप्ती की कार्यवाही को अंजाम दिया गया। जिसको सतत जारी रखते हुए और मुखबिर तंत्र को मजबूत करते हुए विगत दिवस 22704्2025 की रात्रि में पुलिस के सहयोग से जप्ती की कार्यवाही करते हुए एक ट्रक क्रमांक न्च् 93 ठज् 8995 अवैध लकड़ी के परिवहन में जप्त किया गया था। और ट्रक चालक एवं वाहन मालिक के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 243्20 दिनांक 22्04्2025 पंजीबद्ध किया गया था। उसके बाद अलर्ट और चौकन्ना हुआ वन विभाग का अमला लगातार अवैध लकड़ी परिवहन के नियंत्रण के लिए मुखबिर तंत्र को मजबूत करते हुए गस्ती बढ़ाने पर आमदा हो गया जिसके चलते दिनांक 23्04्2025 की आधी रात्रि में कनेरा गांव के समीप एक ट्रक पंजीयन क्रमांक न्झ 04 ब्ब् 7786 को ऊरू प्रजाति की लकड़ी का अवैध परिवहन बिना वैध अभिलेखों और वन विभाग की अनुमति के बगैर करने के कारण जप्त किया गया। जिसके बाद जप्त ट्रक को मय वनोपज के सुरक्षित जतारा थाने में खड़ा कराने के बाद वाहन मालिक और वाहन चालक के विरुद्ध वन अपराध प्रकरण क्रमांक 243्21 दिनांक 23्04्2025 पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना में लिया गया। आज की जप्ती की कार्यवाही वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवार के कुशल नेतृत्व में वन संरक्षक छतरपुर और वन मंडल अधिकारी टीकमगढ़ के दिशा निर्देशन में की गई । जिसमें मौके से स्वयं वन परिक्षेत्र अधिकारी जतारा शिशुपाल अहिरवारए शुभम पटेल वनरक्षकए प्रमोद अहिरवार वनरक्षकए अशोक वर्मा वनरक्षकए आजाद खान स्थाई कर्मीए सुरक्षा श्रमिक शंकर यादव और पर्यावरण प्रेमी निहाल खान मौजूद रहे।

## विट्स में आईओटी प्रोजेक्ट एक्जीविशन का आयोजन



**सतना।** विट्स महाविद्यालय का यह सतत् प्रयास रहा है कि छात्रों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ-साथ प्रायोगिक विधाओं में भी पारंगत किया जा सके। इसी कड़ी में कम्प्यूटर साईस डिपार्टमेंट के तत्वाधान में आईओटी प्रोजेक्ट एक्जीविशन का आयोजन किया गया। प्रोजेक्ट कोआर्डीनेटर डॉ उदय सिंह कुशवाहा ने बताया कि बी टेक फाइनल इयर छात्रों द्वारा बनाये गये आईओटी बेस्ड प्रोजेक्ट एक्सीडेंटल डिटेक्शन एण्ड ट्रैकिंग सिस्टम, एल्डरली केयर फॉल डिटेक्शन, होम डायरेक्टर, वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम, एयर क्वालिटी मानीटरिंग सिस्टम, बायोमेट्रिक स्मार्ट डोर लॉक सिस्टम, स्मार्ट एग्रीकल्चर सिस्टम, स्मार्ट होम आटोमेशन सिस्टम इत्यादि का एक्जीविशन किया गया। विट्स प्राचार्य डॉ पी के शुक्ला ने छात्रों के मॉडल का अवलोकन करते हुए छात्रों की क्रिएटीविटी एवं टेक्निकल स्किल्स की सराहना की। ज्ञात हो कि महाविद्यालय के छात्रों हेतु ब्लॉक चैन, आईओटी, मेटावर्स, मशीन लर्निंग जैसी टेक्नॉलाजी सीखने हेतु सेंटर ऑफएक्सीलेंस की स्थापना की गई है। आईओटी नेटवर्किंग के विकास की एक बड़ी सफलता है। इस तकनीक का इस्तेमाल सभी गैजेट्स और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को इंटरनेट के माध्यम से आपस में जोड़ने के लिए किया जाता है।

# प्रिज्म जॉनसन को राज्यपाल ने किया सम्मानित



**जागरण, सतना।** प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड को कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी के तहत सशस्त्र सेना झंडा दिवस के अवसर पर भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के निस्वार्थ बलिदान और अटूट समर्पण का सम्मान करने एवं शहीदोंए पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों और विकलांग सैनिकों के परिवारों के कल्याण हेतु सशस्त्र सेना झंडा दिवस निधि 2023.24 में किए गये सराहनीय योगदान के लिए मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा राजभवन में आयोजित एएसएफकी 24वीं बैठक के भव्य समारोह में स्मृतिचिन्ह एवं प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड की ओर से मनीष कुमार सिन्हा सीनियर वाइस प्रेसीडेंट एचआरएम एंड कार्पोरेट अफेयर्स ने स्मृतिचिन्ह एवं प्रशस्तिपत्र ग्रहण किया। इस भव्य सम्मान समारोह का आयोजन संचालनालय सैनिक कल्याण मध्य प्रदेशए भोपाल द्वारा किया गया था। प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्व के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए इस सम्मान को प्राप्त करने पर कंपनी के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ राकेश जैन ने हर्ष व्यक्त करते हुये कहा कि प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड लंबे समय से समाजसेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। जिनमें प्रमुख रूप से वरिष्ठ नागरिकोंए वृद्धाश्रमए महिलाओं को सशक्त बनानाए आपदा प्रबंधनए सशस्त्र बल कर्मियोंए युद्ध विधवाओं और उनके आश्रितों के कल्याण के लिये कार्य शामिल हैं। उन्होने आगे कहा कि कंपनी भविष्य में भी ऐसे समाजोन्मुखी कार्यों की श्रंखला को जारी रखेगी। कंपनी को समाजसेवा के क्षेत्र में मिले सम्मान पर प्रेसीडेंट एंड प्लांट हेड मनीष कुमार सिंह एवं अन्य वरिष्ट अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हर्ष व्यक्त किया। उपरोक्त आशय की जानकारी प्रिज़्म जॉनसन लिमिटेड के एजीएम जनसंपर्क देवेन्द्र मिश्रा ने दी।

## नरवाई जलाने की 27 घटनायें सैटेलाईट मैपिंग में आई सामने

**सतना।** पर्यावरण सुरक्षा के लिये ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशानुसार फसलों (विशेषतः धान एवं गेहूं) की कटाई उपरांत फसल अवशेषों को खेतों में जलाना प्रतिबंधित किया गया है। जिले में भी नरवाई जलाने से होने वाली आगजनित घटनाओं पर नियंत्रण के लिये कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर अनुविभागीय दंडाधिकारियों को संबंधित व्यक्ति पर तत्काल पात्रतानुसार जुर्माना अधिरोपित करते हुये आग के कारण का पंचनामा तैयार करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये गये हैं। लेकिन प्रतिबंधों के बावजूद भी जिले में नरवाई जलाने की घटनायें सामने आ रही हैं।

## प्रभारी मंत्री ने अम्बेडकर की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये

**सतना ।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय सतना जिले के प्रवास के दौरान सेमरिया चौक में स्थापित बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इसके बाद प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय ने सेमरिया चौक में विक्रम सिंह खोहर द्वारा संचालित सार्वजनिक प्याऊ का प्रभारी मंत्री ने फीता काट कर शुभारंभ किया। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, अरविंद सिंह पप्पू, बालेंद्र गौतम सहित कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## अमर ज्योति ने करवाया नेत्रदान



**सतना।** वरिष्ठ समाजसेवी अशोक नंदवानी एवं मुरली नंदवानी की पूज्यनीय माता श्रीमती विद्या देवी नंदवानी का स्वर्गवास हो गया निधन उपरांत संजय हेतचंदानी दिलीप सोनी की प्रेरणा से प्रेरित होकर परिवार ने माँ का नेत्रदान करवाने का निर्णय लिया सतगुरु की तकनीकी टीम द्वारा नेत्रदान कराया गया। अमर ज्योति के संयोजक मनोहर डिगवानी ने कहा निश्चित रूप से विद्यादेवी के इस नेत्रदान से दो अंधकारमय जीवन रोशन होंगे नेत्र प्राप्त करने वाले नेत्रहीन आजीवन परिवार को दुवाए देंगे।

## आदतन अपराधी विजय पासी ने महिला के साथ की मारपीट

**सतना।** आदतन अपराधी विजय पासी ने गुरूवार को एक महिला के साथ मारपीट की है। बताया जाता है कि इस अपराधी पर पूर्व से तकरीबन दो दर्जन से अधिक अपराध विभिन्न धाराओ के तहत पंजीबद्ध है। 24 अप्रैल को फरियादिया रश्मी गुप्ता पति उमेश गुप्ता उम्र 46 वर्ष निवासी सतना कवरराम टाकीज जवान सिंह कालोनी थाना कोलगवां जिला सतना हाल निवास सुभाष स्कूल के पीछे बीपी मिश्रा के किराये के मकान बिछिया थाना बिछिया जिला रीवा ने थाना आकर मौखिक रिपोर्ट दर्ज कराई कि पेशवर कुख्यात अपराधी विजय पासी पिता छोटेलाल पासी निवासी बैलौहन टोला बिछिया थाना बिछिया जिला रीवा के विरूद्ध पुरानी रंजिस को लेकर घर में घुसकर मां बहन की अश्लील भद्दी.भद्दी गालियां देते हाथ मुक्का से मारपीट कर चोट पहुचानें व जान से मारने की धमकी दिये जाने की शिकायत की है जिस पर पुलिस ने बिछिया थाना में अपराध क्रमांक 242/25 धारा 332, 296, 115(2) 351(3) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

# विश्व हिन्दू महासंघ ने पहलगाम में हुई घटना पर दर्ज कराया विरोध



**जागरण, सतना।** अप्रैल को कश्मीर के पहलगाँव मे जिहादियो द्वारा हिंदुओं की निर्मम हत्या के विरोध मे विश्व हिंदू महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष संजीव शर्मा के नेतृत्व में शाम 6 बजे सिविल लाइन चौराहे में विरोध प्रदर्शन किया गया जिसमें सभी प्रदर्शनकारियों ने अपने हाँथो में पाकिस्तान मुर्दाबाद आतंकवाद मुर्दाबाद की तख्तियां ले कर जम कर नारे बाजी की शहर अध्यक्ष प्रणय धाराधर ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिस तरह से जिहादियों द्वारा धर्म पूँछ-पूँछ कर हिंदुओं की निर्मम हत्या की वह किसी भी सभ्य समाज में बर्दास्त के काबिल नही हैएअब समय आ गया है सरकार इन जिहादियो और उनके आकाओं को शमूल नष्ट करने के लिए कोई ठोस कदम उठा सारा देश सरकार के साथ है तदुपरांत हमले में मारे गए सभी हिंदुओं को मोमबत्तियां जलाकर दो मिनट का मौन रखकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई । ईश्वर से प्रार्थना की गई की मृत आत्माओं को अपने श्री चरणों मे स्थान दे प्रदर्शन में मुख्य रूप से सौरभ गुप्ता,भूपेश दयाल सिंह,प्रदेश मीडिया प्रभारी संदीप गुप्ता सम्पत मिश्रा,दिलीप गुप्ता, संतोष कुशवाहा,आयुष अग्रवाल,नितिन सिंह, अविन शर्मा,प्रकाश चतुर्वेदी,प्रदीप त्रिपाठी, अंशु शर्मा, दीपक मिश्रा,निर्भय सिंह तिवारी,अभिषेक दत्त पाण्डेय, लोकेश द्विवेदी, आदित्य तिवारी, कार्तिकेय मिश्रा,सम्पत मिश्र, ज्ञानेंद्र चतुर्वेदी नितेश दुबे,हिमांशु चतुर्वेदी, विद्या मिश्रा,शुभम शुक्ला, अनमोल मिश्रा, वरुण मिश्रा, आशुतोष त्रिपाठी,प्रथम मिश्रा,अभिषेक त्रिपाठी, दिलीप द्विवेदी,पिंटू अग्निहोत्री, विजय ओझा,सूतीक्षण मिश्रा, रविशंकर पाण्डेय रितेश त्रिपाठी, आदर्श शुक्ला,ज्ञानेंद्र सिंह तिवारी, मोहित द्विवेदी, मुकेश द्विवेदी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे।

# नो एन्ट्री : शहर में सुबह 7 से रात 10 बजे तक भारी वाहनों का प्रवेश नहीं होगा

**जागरण, सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने सतना नगर निगम क्षेत्र के अंदर प्रातः 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक मध्यम और भारी वाहनों तथा कृषि कार्य के अलावा अन्य कार्यों में संलग्न ट्रैक्टर-ट्रालियों का प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया है। पुलिस अधीक्षक सतना के प्रतिवेदन के अनुसार सतना नगर निगम सीमा क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुडे ट्रकों, भारी वाहनों, लोडिंग वाहनों एवं मालवाहक ट्रैक्टर-ट्रालियों के आवागमन से होने वाली दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाये जाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट ने मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा 115 एवं मोटरयान नियम 1994 का नियम 215 के अंतर्गत विभिन्न प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये है। इसके अनुसार सतना निगम क्षेत्र में ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुडे ट्रकों, भारी वाहनों, लोडिंग वाहनों एवं मालवाहक ट्रैक्टर-ट्रालियों का प्रवेश नगर निगम सीमा क्षेत्र में नहीं हो सकेगा। प्रातः 7 बजे से रात्रि 10 बजे तक समस्त मीडियम कमर्शियल गुड्स वाहन/हैवी कमर्शियल एरिया, ट्रांसपोर्ट नगर, बिडला फैक्ट्री एवं रेल्वे यार्ड को छोडकर किसी भी स्थान पर एमसीव्हीएचसीव्ही न तो खडे रहेंगे और न किसी प्रकार की लोडिंग-अनलोडिंग होगी। इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रांसपोर्ट नगर, बिडला फैक्ट्री एवं रेल्वे यार्ड में जो वाहन एक बार प्रवेश कर जायेंगे वे रात्रि 10 बजे के बाद ही रोड पर जा सकेंगे। बायपास पर किसी प्रकार के एमसीव्हीएचसीव्ही सभी प्रकार की पार्किंग करना, सडक किनारे खडे करना, लोडिंग-अनलोडिंग करना या अन्य किसी किस्म की व्यावसायिक गतिविधियों में भाग न लेते हुए बायपास का उपयोग केवल सतना शहर से बाहर आने-जाने के लिए किया जायेगा। ट्रांसपोर्ट संबंधी कार्य जैसे माल उतारना एवं चढाना समस्त कार्य से जुडे हुए कोई भी ट्रक भारी वाहन, लोडिंग वाहन नगर निगम क्षेत्र में वगैर अनुमति के प्रवेश नहीं कर सकेंगे। जो वाहन शासकीय कार्य में जैसे गेहूं का यातायात पीडीएस सिस्टम, दुग्ध वाहन, कृषि कार्य में उपयोग होने वाले ट्रैक्टर-ट्रालियों एवं अन्य शासकीय विभागों के कार्य से जुडे है उन वाहनों को आदेश से छूट रहेगी। विशेष परिस्थितियों में अत्यंत आवश्यक होने पर सक्षम अधिकारी नगर दण्डाधिकारी सतना से लिखित अनुमति लेकर ट्रक, भारी वाहन, लोडिंग वाहन सीमित समय के लिए नगर निगम क्षेत्र में प्रवेश कर सकेंगे।

### शहर में नो एन्ट्री प्वाइंट निर्धारित

सतना शहर में नो एन्ट्री प्वाइंट निर्धारित किये गये है। जिसमें बगहा बायपास से प्रवेश मार्ग, सोहावल बायपास, खाना खजाना बायपास, लखन तिराहा बायपास, ट्रांसपोर्ट नगर एवं यूसीएल तिराहा प्रवेश मार्ग पाइंट निर्धारित किये गये है। सतना शहर से होकर गुजरने वाले समस्त भारी वाहन उन्हें निर्धारित किये गये रिंग रोड के बाहर के बाहर ही निकलेंगे। किसी भी स्थिति में यह वाहन सतना शहर में प्रवेश नहीं करेंगे।

## एनएचएम के संविदा कर्मचारियों की हड़ताल जारी



**जागरण, सतना।** सभी एनएचएम संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की अनिश्चित कालीन हडताल तीसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान धरना स्थल पर सुंदर कांड का पाठ किया गया । विभाग में रिक्त पदों पर संविलियन किया जाकरए नियमित किया जावे। पूर्व से दी जा रही सुविधाओं में ईण् एलण् एवं मेडिकल को पृथक कर दिया है। अनुबंध प्रथा को पूरी तरह से समाप्त नहीं किया गया है। अप्रेजल जैसी कुरीति को यथावत रखा गया है। सेवा निवृत्ति की आयु में 65 वर्ष से घटाकर 62 वर्ष किया गया है। एनपीएस ग्रेच्युटी स्वास्थ्य बीमा एवं डीए की सुविधा से वंचित रखा गया है। शासन द्वारा समकक्षता वेतन विसंगतिद्ध का निर्धारण गलत तरीके से किया गया है जिसमें पुन विचार कर संशोधन किया जावें। निष्कासित सपोर्ट स्टॉफ एवं मलेरिया एमपीडब्ल्यू की एनएचएम में वापसी। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया था कि स्वास्थ्य कर्मचारियों की जायज उक्त माँगों का शीघ्र ही निराकरण नहीं किया जाता है तो समस्त स्वास्थ्य कर्मचारियों को प्रदेश स्तरीय चरणबद्ध आन्दोलन करने हेतु बाध्य होना पड़ेगा जिसकी समस्त जिम्मेदार शासन प्रशासन की होगी।

# गुप्त गोदावरी में संचालित शराब दुकान हटाने जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह ने रखी मांग



**जागरण, सतना।** जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह ने सतना प्रवास पर आए जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से चित्रकूट गुप्त गोदावरी मध्य प्रदेश की सड़क के किनारे चल रही शराब की दुकान हटाने की मांग रखी। उन्होंने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव जी की मंशा है कि धर्म स्थल शराब विक्री से मुक्त होंए लेकिन गुप्त गोदावरी की दुकान प्रावधान को पलीता लगा रही है।मध्य प्रदेश के तीर्थ स्थल गुप्त गोदावरी रोड में शराब की दुकान चल रही है जिसे हटाया जाए। जिले के प्रभारी मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को अवगत कराया।साथ ही कलेक्टर महोदय से भी दुकान को हटाने की मांग बैठक में रखीए इसी दौरान उन्होंने जिले के वन विभाग के द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि जंगल लगाने से क्या होगाघ् जब वन विभाग अपने प्लांटेशन नहीं बचा पा रहा। वन विभाग के वनकर्मी चौकीदार सुरक्षा नहीं कर पा रहे। इसकी भी चिंता मंत्री के समक्ष जताई। वही पिंडरा से बरौंधा सड़क के लिए भी बात रखी की पीडब्लूडी के द्वारा सड़क की मरम्मत नहीं हो रही वही मरम्मतीकरण की जगह पैसे बंदरबाट किए जा रहे हैं। अपने चहते ठेकेदार को टेंडर देकर फिर से सड़क को कमीशन की भेट चढ़ाने की तैयारी है।

## अभाविप ने किया पुतला दहन



**सतना।** हाल ही में हुए जम्मू कश्मीर में कायरतापूर्ण आतंकी हमले के विरोध में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सतना नगर इकाई के कार्यकर्ताओं के द्वारा द्वारा सिमरिया चौक पर आतंकवाद का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया गया एएवं भारी संख्या में कार्यकर्ताओं के द्वारा आतंकवाद के खिलाफ व पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारेबाजी करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं का कहना है कि जम्मू कश्मीर में बार.बार होने वाले आतंकी हमले ने देश की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न चिन्ह खड़े कर दिएए आतंकवाद के खिलाफ अब और अधिक कठोर नीति अपनाने की अत्यंत आवश्यकता है और अभाविप की केंद्र सरकार से यह मांग है कि इस कायरतापूर्ण हुए हमले में दोषियों को शीघ्र ही मौत के घाट उतार देना चाहिए ताकि भविष्य में कोई भी घटना ऐसी बिल्कुल ना होए और भविष्य में कोई भी विरोधी ताकते इस तरह के कार्यरतापूर्ण व इंसानियत को शर्मसार करने वाली घटना करने से सौ बार सोचे। विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं का कहना है कि हिंदू समुदाय को निशाना बनाकर यह हमला किया गया है ।

## संसदीय कार्यालय प्रभारी बनाये जाने पर संजय राय ने जताया आभार



**अमदरा ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व मंडी अध्यक्ष संजय राय को जिला मैहर के संसदीय कार्यालय का प्रभारी बनाए जाने पर सांसद गणेश सिंह का आभार जताते हुए कहा कि जो जवाबदारी एवं विश्वास के रूप में मुझे सांसद महोदय द्वारा दी गई है उसे में ईमानदारी के साथ निभाऊंगा एवं जनता की समस्याओं को सुलझाने की पूरी कोशिश करूंगा साथ ही विकास संबंधी जो भी चर्चा होगी मैं कार्यालय के माध्यम से जनता की हर समस्या को सांसद महोदय तक पहुंचाने का पूरी कोशिश करूंगा साथ ही एक निश्चित समय में हमेशा कार्यालय में उपस्थित रहकर जनता के सेवा करूंगा वही संजय राय जी को प्रभारी बनाए जाने पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमदरा सुजीत शिवहरे पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रभान पटेल शिवकुमार शुक्ला राजकुमार त्रिपाठी रहमान खान कैलाश सोनी राजेश साहू रमाकांत दुबे रामरतन शिवहरे आशुतोष गौतम व्यकेंट पांडे दिनेश सोनी अधिवक्ता अनिल शुक्ला राजेश गौतम बरही ओम प्रकाश तिवारी राजेश शर्मा जावेद खान राजकुमार जितेंद्र पटेल गोविंद बर्मन विकास गौतम वीरेंद्र चतुर्वेदी मुकेश शुक्ला रजनीश चौरिहा विजय नारायण त्रिपाठी जोगेश्वर पटेल राजीव रंजन त्रिपाठी राजीव शुक्ला राजकुमार तिवारी संदीप त्रिपाठी प्रमोद पांडे राजेंद्र विश्वकर्मा शिवकुमार पांडे राजकुमार चतुर्वेदी संजय परौहा विकास गुप्ता ने हर्ष जताते हुए बधाई दी।

## पहलगाम के दोषियो को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी : कैलाश विजय वर्गीय



**जागरण, सतना ।** पहलगाम मे हुई आतंकी घटना को अंजाम देने वालो दोषी लोगो को ऐसी सजा दी जायेगी जिसकी कल्पना भी उन्होने नही की होगी। पाकिस्तान ने जो गलती की है उसका खामियाजा उसे भुगतना पड़ेगा और दुनिया भारत की शक्ति भी देखेगी। यह बात प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास तथा जिले के पालक मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कही। जिले के प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय ने पार्टी कार्यालय मे जनप्रतिनिधियो व पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कही। उन्होने कहा कि हम पड़ोसी देश पाकिस्तान को छोटा भाई मानकर लगातार मदद कर रहे थे लेकिन हमारी इस मदद को पाकिस्तान ने हमारी कमजोरी मान लिया है। उन्होने कहा कि पहलगाम मे हुई दिल दहला देने वाली ऐसी घटना दोबारा न हो इसलिए दोषियो को ऐसी सजा मिलेगी उन्हे अपने कर्म पर पश्चतावा होगा। इस दौरान राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी भाजपा जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय सांसद गणेश सिंह विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार विधायक विक्रम सिंह विक्की पूर्व जिलाध्यक्ष पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह मंचासीन रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रमाकान्त गौतम ने किया।

**नाम सुधार सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै कशिश मिश्रा पिता श्री शिव कुमार मिश्रा निवासी वार्ड नंबर 09 संजय नगर शिव मंदिर के पास सोहागपुर जिला शहडोल मध्य प्रदेश मेरे द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की पॉलिसी संख्या 357176166 ली गई थी जिसमें भूल वश मेरा गलत नाम नीसू मिश्रा दर्ज हो गया है जबकि मेरे अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा सही नाम कशिश मिश्रा दर्ज है जो सही एवं सत्य है नीसू मिश्रा व कशिश मिश्रा उक्त दोनों नाम मेरे ही हैं अतः आज दिनांक से मेरी पॉलिसी में मेरा सही नाम कशिश मिश्रा दर्ज किया जाय।

R.N. 80717

**नाम परिवर्तन सूचना**

मै घोषणा करता हूँ कि मे मेरे पासपोर्ट मे मेरा नाम KHUBEB AHMED था जिसे मैं बदल कर अब अपना नया नाम KHUBAIB AHAMAD S/O TUFAIL AHMED कर लिया है कृपया अब से मुझे नये नाम KHUBAIB AHAMAD S/O TUFAIL AHMED के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता. 151 GRAM BARAULI POST BARAULI TAHSEEL AJAYGARH BARAULI DISTRICT PANNA (M.P) है।

R.N. 80715

**नाम परिवर्तन सूचना**

में घोषणा करती हूँ कि में मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम SONIA DHAM था जिसे मैं बदल कर अब अपना नया नाम SONIYA DHAM W/O RAJESH DHAM कर लिया है कृपया अब से मुझे नये नाम SONIYA DHAM W/O RAJESH DHAM के नाम से जाना एवं पहचाना एवं संबोधित किया जाय एवं आगे के सभी दस्तावेजों में दर्ज किया जाय तथा मेरे निवास का पता. 23 BANGLA LINE, MADHAV NAGAR, BABA NARAYAN SHAHA WARD, PO.KATNI CEMENT FACTORY, SUB DISTRICT MURWARA DISTRICT KATNI (M.P.) है।

R.N. 80716

# शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन पहली प्राथमिकता: कलेक्टर

**जागरण विशेष संवाद**

## जिले में पीएम आदिवासी महाविद्यालय खोलने का किया जा रहा है प्रयास

## सीधी तक रेल पहुचने के लिए तेजी से किया जा रहा है काम

जागरण, सीधी/अखिलेश पाण्डेय

सीधी कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी काफी शांत और मिलनशार और काफी लोक प्रिय अफसर है। जिले की आम जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका त्वरित निदान कराते है और निरंतर जिले के ग्रामीण आंचल में भ्रमण कर केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से समाज के अंतिम छोर के गरीब और पात्र व्यक्तियों को लाभांवित कर रहें है। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी 2012 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और उन्होने एचबीटीआई कानपुर से कम्प्यूटर साइंस से इंजीनियरिंग की है और वर्ष 2009 में पहली बार यूपीएससी की परीक्षा दी थी और पहले ही प्रयास में सफल हो गये थे लेकिन वह अपनी इस उपलब्धि से संतुष्ट नही हुए और पुनः 2011 में यूपीएससी की परीक्षा दी और इस बार वह यूपीएसी की परीक्षा में आंल इंडिया 49 रैंक प्राप्त किये थे। श्री सोमवंशी मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में अपनी सेवाएं दे चुके हैं और 13 वर्ष के कार्यकाल में निर्विवाद अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनाई है। वह मूलरूप से उत्तर प्रदेश के रायबरेली जिले के रहने वाले हैं। जागरण से विशेष भेट वार्ता के दौरान कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी से जिले की समस्याओं एवं विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। पेश उसी के कुछ अंश-

**प्रश्न**- वर्ष 2026-2027 वित्तीय वर्ष में आपकी प्राथमिकता किन विषयों पर है।

**उत्तर**- इस वित्तीय वर्ष में सीधी तक रेल पहुंचाने के लिए हम सब मिल कर तेजी से काम कर रहे हैं और मानसून आने तक 9 किलोमीटर और रेलवे ट्रैक का कार्य पूरा हो जायेगा। सीधी सांसद और विधायक हमारे जिले के जन प्रतिनिधि भी सीधी तक रेल पहुचाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं।

**प्रश्न**- जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले आम जनता को लाभांवित करने के लिए किस तरीके से प्रयास किये जा रहे है।

**उत्तर**- केन्द्र सरकार एवं प्रदेश सरकार की समस्त योजनाओं का बेहतर



क्रियान्वयन जिले में हो रहा है। इसकी सतत निगरानी मैं और जिला पंचायत सीईओ कर रहे है और मै स्वयं ग्रामीण आंचल में भ्रमण कर वस्तु स्थिति से अवगत होने का प्रयास कर रहा हूं। शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं से गरीब से गरीब पात्र हितग्राहियों को लाभांवित करने का काम प्राथमिकता से किया जा रहा है।

**प्रश्न**- ग्रामीण आंचल के लोग राजस्व विभाग की छोटी-छोटी समस्याओं से परेशान रहते है और पटवारियों के चक्कर काटते रहते है उनकी समस्याओं का कैसे निदान हो।

**उत्तर**- आम जनता के सीमांकन, नामांत्रण, अविवादित बांटवार एवं अन्य राजस्व की समस्याओं के लिए राजस्व



कलेक्टर जन सुनवाई में गरीब आम जनता की समस्या सुनते हुए कलेक्टर सीधी।

महाअभियान चल रहा है, जहां ग्रामीण जनों की हर समस्याओं का समाधान किया जायेगा। लापरवाही करने वाले राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाई की जायेगी।

**प्रश्न**- जल गंगा संवर्धन अभियान में सीधी जिला को प्रदेश में चौथा स्थान मिला है।

**उत्तर**- यह सब जिले की आम जनता की सहभागिता से संभव हुआ है। जल गंगा संवर्धन अभियान जिले के गांव- गांव तक चलाया जा रहा है। जिसमें जल श्रोत्रों का संरक्षण, नदी, तालाब की साफ-सफाई की जा रही है। हम सबको मिल कर अपने-अपने गांव एवं पंचायत के जल स्त्रोतों को बचाने और उन्हें संरक्षित एवं संवर्धित करने की जरूरत है। ताकि आने वाले समय में हम जल के लिए संघर्ष ना करें। बिना जन भागीदारी के कोई योजना सफल नहीं हो पाती। इसलिए मैं जिले की आम जनता से अपील करता हूं कि आप सब जल गंगा संवर्धन अभियान से जुड़े और अपनी सहभागिता निभाएं।

**प्रश्न**- बजरंग धाम कपुरी कोठार जिले का एकलौता तालाब है। जिसे पुर्नजीवित कर उसका सौदर्यीकरण कर उसे पर्यटन के रूप में विकसित किया जा रहा है किन्तु देख-रेख के अभाव में वहां का पार्क जर्जर होता जा रहा है।

**उत्तर**- बजरंग धाम कपुरी कोठार तालाब जिले का मॉडल तालाब है। मैने स्वयं वहां जाकर देखा है। उसके संरक्षण एवं संवर्धन के लिए हर संभव प्रयास किये जायेंगे। खनिज प्रतिष्ठान मद से वहां के सौदर्यीकरण के लिए 45 लाख स्वीकृत किया गया है। पार्क एवं वाटिका की देख-रेख की जिम्मेदारी महिला स्वसहायता समूह एवं स्वयं सेवी संस्था को सौंपने के लिए मेरे द्वारा सीईओ जिला पंचायत को निर्देशित किया जा चुका है।

**प्रश्न**- जिले में आवारा गौवंशों की रक्षा एवं सुरक्षा और आवारा पशुओं से किसानों की खेती को बचाने के क्या प्रयास किये जायेगें।

**उत्तर**- जल गंगा संवर्धन अभियान के अन्तर्गत गौवंश संरक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें जिला स्तरीय, खण्ड स्तरीय एवं ग्राम पंचायत स्तरीय निगरानी समिति का गठन किया गया है। जो निराश्रित गौवंश को सुरक्षा एवं संरक्षित करेगी। इस अभियान में आम जनता भी अपना सहयोग करें और हम सब मिल कर गौवंश को संरक्षित करें।

**प्रश्न**- जिले में 25 हजार से ज्यादा प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किये गये है।

**उत्तर**- प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री के द्वारा हर कच्चा आवास धारियों को पक्का आवास देने का काम जिला स्तर पर किया जा रहा है। जिन पात्र व्यक्तियों का नाम आवास की सूची में नही था। उनका भी नाम जोड़ा जा रहा है। उन्होंने हितग्राहियों से अपील करते हुये कहा है आवास स्वीकृत कराने के नाम पर यदि कोई किसी तरह से परेशान व पैसे की मांग करता है तो इसकी शिकायत संबंधित जनपद सीईओं के पास जरूर करें।

**प्रश्न**- जिले के अधिकांश विभाग प्रभार में चल रहे है।

**उत्तर**- कलेक्टर आफिस में भी एडीएम एवं डिप्टी कलेक्टर के पद खाली है और सभी प्रमुख विभागों का काम प्रभारी अधिकारियों के द्वारा कराया जा रहा है। शासन स्तर पर खाली पदों की जानकारी भेजी गई है। किन्तु अभी तक पदस्थापना नही हो पाई है। फिर भी जिले के प्रभारी अधिकारी बेहतर कार्य कर रहें है और शासन की योजनाओं का समय पर क्रियान्वयन करा रहें है।

**प्रश्न**- सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों को जबरन बंद कराने का प्रयास किया जाता है।

**उत्तर**- सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जा रहा है। शिकायत कर्ता के संतुष्टी और शिकायतों के निराकरण के बाद ही शिकायत कर्ता ही अपनी शिकायत बंद करता है। मैं स्वयं हर सप्ताह सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा करता हूं। फिर भी यदि कहीं ऐसा है तो बताईयेगा। संबंधितों पर कार्यवाही जरूर की जायेगी।

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## छात्रों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण



**जागरण, सीधी।** ज्योत्सना पब्लिक स्कूल सीधी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बबिता खरे के नेतृत्व मे सभी छात्रो का स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम संपन्न किया गया तथा बच्चो को आयरन, फोलिक एसिड, अलबेनडाजॉल दवाओ का वितरण किया गया। डॉ. बबिता खरे द्वारा उन्हे व्यक्तिगत साफ-सफाई एवं स्वास्थ्य की जानकारी भी प्रदान की गई। परीक्षण कार्य नरेन्द्र पटेल डीसीएम के द्वारा किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में संस्था की मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. स्वेता सिंह के द्वारा सभी छात्रो को स्वास्थ्य की जांच करने के लिए उत्साहित किया गया एवं साथ ही साथ डॉ. स्वेता सिंह के द्वारा इस कार्यक्रम को स्कूल मे रखने हेतु डॉ. बबिता खरे को धन्यवाद ज्ञापित किया। स्वास्थ्य परीक्षण कार्य को संपन्न कराने में संस्था के प्राचार्य प्रमोद कुमार तिवारी एवं अंजू द्विवेदी, अर्चना सिंह, चन्द्रप्रभा सिंह, वीना पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## रामगढ़ में निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन



**जागरण, सीधी।** ग्राम पंचायत रामगढ़ नम्बर 2 में ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति द्वारा चल रहे ग्रामोत्सव ग्यारहवां 2025 के दूसरे दिन जिला स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। ग्रामोत्सव संयोजक अमित कुमार गौतम स्वतंत्र ने जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि स्वास्थ्य शिविर से लगभग आधा सैकड़ा से अधिक लोग लाभान्वित हुए है। हम सब मिलकर आगे आने वाले समय पर जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से एक वृहद शिविर का आयोजन करने का प्रयास करेंगे जिसमें विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं समाजसेवियों की भी सहभागिता रहेगी और दर्जनों ग्राम पंचायत क्षेत्र के नागरिक लाभान्वित होंगे। इस दौरान ग्रामोत्सव संयोजक एवं समिति अध्यक्ष अमित गौतम स्वतंत्र, ग्राविप्र समिति सचिव प्रवीण शुक्ल, एएनएम सत्यभामा मिश्रा, एमपीडबल्यू बंश वहोरन सिंह, आशा पर्यवेक्षक रामलली विश्वकर्मा, आशा कार्यकर्ता उर्मिला शुक्ला, आशा कार्यकर्ता सुकवरिया प्रजापति, संदीप मिश्रा, प्रेम कुमार, पंच दीपक शुक्ला, सुमित गौतम, अमन शुक्ला, इंद्र कुमार मिश्रा सहित दर्जनों नागरिक और स्वास्थ्य शिविर से लाभान्वित उपचार हेतु मरीज उपस्थिति रहे।

## पहलगाम आतंकवादी हमले की भर्त्सना एवं श्रद्धांजलि



**जागरण, सीधी।** मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला सीधी ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए जघन्य आतंकवादी हमले की कठोर शब्दों में भर्त्सना करते हुए कहा है कि यह हमला न केवल निर्दोष नागरिकों के जीवन पर किया गया एक अमानवीय आक्रमण था, बल्कि मजहब के आधार पर मानवता की नृशंस हत्या का कृत्य भी था। शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय ने कहा कि निर्दोषों के विरुद्ध ऐसी हिंसा सभ्यता के मूल्यों पर सीधा आघात है। यह हमारे देश की एकता और अखंडता पर हमला है। सभी राजनीतिक दलों और संगठनों को अपनी भिन्नताओं से ऊपर उठकर इस आतंकवादी कृत्य के विरुद्ध एकजुट होना चाहिए। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सीधी इस घटना की घोर निंदा करता है और देश के नागरिकों से शांति, संयम एवं एकता बनाए रखने की अपील करता है। जिला सचिव रामजी शुक्ला ने कहा कि मजहब के नाम पर इस प्रकार की हत्याएं मानवता के इतिहास पर कलंक हैं। हम मृतकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं तथा उनके परिवारों के प्रति अपनी गहन संवेदनाएं व्यक्त करते हैं। सम्पूर्ण शैक्षिक जगत आतंकवाद के विरुद्ध एकजुट होकर मानवता एवं राष्ट्रीय एकता के मूल्यों की रक्षा करने के लिए कृतसंकल्प हैं। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ सीधी पीड़ित परिवारों के साथ अपनी एकजुटता व्यक्त करता है और सरकार से अपेक्षा करता है कि आतंकवाद के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही कर दोषियों को दंडित किया जाए।

## किए जा रहे जल संरक्षण संवर्धन के कार्य

**जागरण, सीधी।** जन भागीदारी से जल संरक्षण और जल संवर्धन सुनिश्चित कराने तथा नवीन जल संग्रहण संरचनाओं के निर्माण, भूजल संवर्धन, पूर्व से मौजूद जल संग्रहण संरचनाओं की साफ-सफाई व जीर्णोद्धार/मरम्मत, जल स्त्रोतों में प्रदूषण स्तर को कम करने, जल वितरण की संरचनाओं की साफ-सफाई तथा मानसून में किये जाने वाले पौधारोपण हेतु आवश्यक तैयारियों के कार्य प्राथमिकता से किये जाने के उद्देश्य से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मप्र शासन भोपाल के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के कार्य कराये जा रहे हैं। कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा जिला सीधी द्वारा जारी कलेण्डर के परिपालन में गुरुवार दिनांक 24 अप्रैल 2025 को जिले की जनपद पंचायत कुसमी की ग्राम पंचायत पिपराही, जनपद पंचायत मझौली की ग्राम पंचायत भुमका, जनपद पंचायत रामपुर नैकिन की ग्राम पंचायत बघवार तथा नैकिन, जनपद पंचायत सीधी की ग्राम पंचायत बरंबाबा तथा बम्हनी एवं जनपद पंचायत सिहावल की ग्राम पंचायत गहिरा तथा जनकपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत कार्यक्रम आयोजित हुए।


**RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI**

**Admission open** for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
| --- | --- | --- |
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

**Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi**

Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068


# जुआ खेलते 5 आरोपी पकड़ाए, 1 लाख से अधिक का मशरूका जब्त



**जागरण, सीधी।** ताश के पत्तों से जुआ खेल रहे 5 आरोपियों को जमोड़ी पुलिस ने हिरासत में लेकन जुआरियों से नगदी के साथ लगभग 1 लाख 8 हजार रूपए कीमती मशरुका जप्त किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय सीधी गायत्री तिवारी के मार्गदर्शन मे तथा थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व मे जमोड़ी पुलिस ने ताश के पत्तों के साथ जुआ खेल रहे 5 आरोपियों को हिरासत मे लेकर मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार थाना प्रभारी जमोड़ी उनि0 दिव्य प्रकाश त्रिपाठी को बीते दिनांक 23 अप्रैल 2025 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त प्राप्त हुई कि ग्राम पड़रा दमोदर बस्ती में कुछ लोगों के द्वारा हार जीत की बाजी लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेला जा रहा है। सूचना प्राप्त होने पर थाना प्रभारी जमोड़ी ने मुखबिर की सूचना की तस्दीक व कार्यवाही पुलिस टीम का गठन कर रावना किया, जो पुलिस टीम मुखबिर द्वारा बताये अनुसार ग्राम पड़रा दमोदर बस्ती में पहुंचकर देखी तो 5 लोग गोलाकार में बैठकर अपने अपने सामने पैसा व ताश की पत्ती रखकर हार जीत की बाजी लगाकर ताश के पत्तों से जुआ खेलते मिले जिनसे नाम पता पूंछा तो अपना नाम बालेन्द्र दुबे पिता रामायण दुबे उम्र 39 वर्ष निवासी पड़ा थाना जमोड़ी जिला सीधी, अजय सिंह सेंगर पिता मुरूर सिंह सेंगर उम्र 39 वर्ष निवासी जमोड़ी सेंगरान थाना जमोड़ी जिला सीधी, दिवाकर सिंह चौहान पिता सुजान सिंह चौहान उम्र 25 वर्ष निवासी पटेहरा खुर्द थाना कोतवाली सीधी, गंगा विश्वकर्मा पिता मनबहोर विश्वकर्मा उम्र 65 वर्ष निवासी पड़रा थाना जमोड़ी जिला सीधी, अजय सिंह सेगर पिता स्व. राजबहोरन सिंह सेंगर उम्र 35 वर्ष निवासी पनवार सेंगरान थाना जमोड़ी जिला सीधी का होना बताये जो आरोपीगणों का यह कृत्य थाना 13 जुआ एक्ट के तहत दण्डनीय पाये जाने से आरोपी गणों के कब्जे से बरामद कुल 7800 रुपये नगद, ताश के 52 पत्ते 2 अदद मोटरसायकल कीमती 50 हजार रुपये एवं 5 नग मोबाइल कीमती 50 हजार रुपये कुल कीमती 107800 रुपये का मशरुका जप्त कर उक्त आरोपियों के विरुद्ध धारा 13 जुआ एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी, प्रआर महाराणा प्रताप सिंह, आरक्षक सुनील बागरी, केपी सिंह व ललित मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

# सेमरिया बाजार में अचानक उठी सड़क, मचा हड़कंप



**जागरण, सेमरिया।** सेमरिया बाजार में एक अजीबोगरीब घटना देखने को मिली, जहां दोपहर में अचानक पीसीसी सड़क लगभग एक फीट ऊपर उठ गई। इस घटना से बाजार में हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ जमा हो गई। गौरतलब है कि सेमरिया बाजार में कुछ वर्ष पहले ही पीसीसी सड़क का निर्माण हुआ था। अचानक सड़क के एक हिस्से में दरार आ गई और वह लगभग एक फीट ऊपर उठ गया। लोगों ने तरह-तरह के कयास लगाने शुरू कर दिए, लेकिन वास्तविक कारण का पता नहीं चल पाया। इस घटना के बाद सेमरिया बाजार में लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गई है। पूर्व उपाध्यक्ष प्रभात वर्मा ने बताया कि दोपहर में अचानक सड़क ऊपर उठ गई। जिससे आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। लोगों ने जाकर देखा तो सड़क वास्तव में एक फीट ऊपर उठ गई थी। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस घटना के कारण का पता लगाया जाए, फिलहाल सड़क के ऊपर उठने से लोगों में दहशत का माहौल है और लोग इसकी वास्तविकता जानने के लिए उत्सुक हैं। घटना की जानकारी होते ही सेमरिया पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को सड़क से दूर रहने की हिदायत दीए ताकि किसी प्रकार की घटना न घटे।

## अंततः रामपुर नैकिन डीसी के जेई हटाये गये

**जागरण, सीधी।** विद्युत वितरण केन्द्र रामपुर नैकिन में पदस्थ कनिष्ट अभियंता दीपक सागर के विरूद्ध गंभीर शिकायतें मिलने एवं एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपे जाने के बाद उन्हें तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित कर दिया गया है। मप्रपूक्षेविविकंलिमि सीधी के अधीक्षण अभियंता पीआर तिवारी द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि दीपक सागर कनिष्ट अभियंता वितरण केन्द्र रामपुर नैकिन को प्रशासनिक आधार पर उसी पद पर स्थानांतरित कर वितरण केन्द्र मवई में तत्काल प्रभाव से पदस्थ करते हुये कार्यमुक्त किया जाता है। कनिष्ट अभियंता दीपक सागर अपनी उपस्थिति नवीन पदस्थापना स्थल पर देकर अवगत करावें और कार्यों का सम्पादन समय-सीमा में सुनिश्चित करें।

## मारपीट कर गर्भपात करने के आरोपी को 5 वर्ष कारावास

**जागरण, सीधी।** मारपीट कर गर्भपात कारित करने वाले आरोपी को द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्रृंखला कोर्ट रामपुर नैकिन जिला सीधी की न्यायालय के द्वारा 5 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई गई है। बताया गया कि दिनांक 29 अप्रैल 2017 को शाम 5 बजे आरोपी मुकुन्दकली शुक्लास एवं अरविंद शुक्लाग बाडी के विवाद के कारण फरियादी देवकी अग्निहोत्री पत्नि अवनीश अग्निहोत्री को गाली देने लगे, तब देवकी ने गाली देने से उन्हें मना किया तो दोनों आरोपीगण ने मिलकर उसे लात-घूंसो से मारा-पीटा, मौके पर हल्लागुहार करने पर रामकली पटेल, अंकित पटेल ने आकर बीच-बचाव किया। आहत देवकी ने अपनी सास सावित्री और रिश्तेदार वीरेश के साथ थाना रामपुर नैकिन जाकर घटना की रिपोर्ट की, जहां से उसे चिकित्सीय परीक्षण हेतु रामपुर नैकिन शासकीय अस्पताल भेजा गया और फरियादिया के पेट में दर्द होने के कारण उसे रीवा अस्पताल के लिए रेफर किया गया। रीवा अस्पताल में उपचार एवं सोनोग्राफी में यह ज्ञात हुआ कि देवकी के पेट में गर्भस्थ शिशु की उक्त मारपीट के कारण मृत्यु हो गई है। तब उक्त रिपोर्ट प्राप्त होने पर आरक्षी केन्द्र रामपुर नैकिन द्वारा फरियादी के द्वारा पूर्व में की गई रिपोर्ट जिस पर से अदम चेक असंज्ञेय अपराध की सूचना लेख किया गया था, पर से दिनांक 5 जुलाई 2017 को अपराध कमांक 237 ध् 2017 धारा 316 भादंस के तहत पंजीबद्ध करते हुए विवेचना में लिया गया एवं संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय रामपुर नैकिन में प्रस्तुत किया गया। जिसके न्यायालयीन प्रक्र. 63/2017 में शासन की ओर से सशक्त पैरवी करते हुए अपर लोक अभियोजक आदित्य प्रताप सिंह के द्वारा अभियुक्तगण को संदेह से परे प्रमाणित कराया गया। परिणामस्वरूप द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्रृंखला कोर्ट रामपुर नैकिन जिला सीधी की न्यायालय के द्वारा अभियुक्त अरविंद शुक्ला पिता नीलमणि शुक्ला उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम ममदर थाना रामपुर नैकिन जिला सीधी मप्र को धारा 323 भादवि में 3 माह का कठोर कारावास धारा 316 भादवि में 5 वर्ष का कठोर कारावास एवं एक हजार रूपए अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# वसीयत के कानूनी पहलुओं पर हुआ विशेष प्रशिक्षण



**जागरण, सीधी।** व्यवहार न्यायालय रामपुर नैकिन में एक विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया, जो विधिक जागरूकता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस शिविर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनीष श्रीवास्तव, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी परमानंद सनोड़िया एवं अरहम खान की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षण सत्र का प्रमुख उद्देश्य अधिवक्ताओं एवं पक्षकारों को लोक अदालत की प्रक्रिया, उसके लाभ तथा सुलह-सफाई के महत्व से अवगत कराना था। बैठक के दौरान न्यायाधीशगण ने लोक अदालत को न्याय प्रणाली का सशक्त माध्यम बताते हुए इसे त्वरित और सुलभ न्याय दिलाने का प्रभावी उपाय कहा। इस अवसर पर वसीयत से संबंधित सिविल प्रकरणों को ध्यान में रखते हुए एक विशेष प्रशिक्षण सत्र भी आयोजित किया गया। जिला न्यायाधीश श्री श्रीवास्तव ने वसीयत की कानूनी स्थिति पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए अधिवक्ताओं को इसके विविध पहलुओं की जानकारी दी। साथ ही न्यायिक मजिस्ट्रेट अरहम खान ने वसीयत की प्रमाणिकता से जुड़ी कानूनी प्रक्रिया को सरल भाषा में समझाया। गौरतलब है कि इस प्रकार के विधिक प्रशिक्षण शिविर न्यायाधीशों द्वारा प्रतिमाह आयोजित किए जाते हैं, जिनका उद्देश्य अधिवक्ताओं को अद्यतन विधिक जानकारी देना और न्याय प्रणाली को अधिक प्रभावशाली बनाना है। यह आयोजन न केवल अधिवक्ताओं के लिए ज्ञानवर्धक रहा बल्कि जनता को भी न्याय के प्रति जागरूक करने में सहायक सिद्ध हुआ।

# रोड की ही मिट्टी को उलटी-पलटी कर गायब हो जाते हैं संविदाकार

## दो-तीन वर्ष से धूल व कीचड़ का दंश झेल रहे नगरवासी व स्कूली छात्र-छात्राएं



जागरण, मझौली

नगर परिषद मझौली बाईपास रोड से उड़ रहा धूल एवं बरसात के दिनों में उत्पन्न कीचड़ नगर वासियों एवं स्कूली बच्चों के लिए मुसीबत बनी हुई है। जिसका प्रभाव परेशानियों के साथ स्वास्थ्य पर भी पढ़ रहा है। वहीं राहगीर एवं आने जाने वाले टू व्हीलर वाहन चालकों को भी बाईपास रोड की धूल व अतिक्रमण ग्रसित बाजार रोड की जाम का झाम झेलना पड़ रहा है। लोगों की शिकायत एवं जनप्रतिनिधियों के निर्देश के बाद भी संविदाकार की उदासीनता व जिम्मेदार अधिकारियों कर्मचारियों की निष्क्रियता बरकरार बनी हुई है। बस एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाने तक सक्रिय दिख रहे हैं। बता दें कि अतिक्रमण ग्रसित बाजार रोड हर घण्टे लगने वाले जाम से राहगीर, स्कूली बच्चों को आने-जाने में हो रही समस्या तथा दुर्घटनाओं से निजात दिलाने स्थानीय लोगों एवं स्कूली बच्चों की मांग व शिकायत पर क्षेत्रीय विधायक के प्रयास से मझौली बाईपास जिसकी लंबाई लगभग डेढ़ से दो किलोमीटर तथा स्वीकृत लागत राशि 5 से 6 करोड़ के लगभग बताई जा रही है। दो वर्ष पूर्व निविदा पास हुए हुआ होगा, जहां मात्र 3 नग गुणवत्ता विहीन पुल जिसमें कुछ पुराने बने पुल को जामे पहना राशि निकल जाने की खबर है के साथ बर्ष में हफ्ते दो हफ्ते उसी रोड की पडी मिट्टी को उलटी पलटी कर नगर वासियों एवं स्कूली छात्र-छात्राओं को धूल व कीचड़ परोस संविदाकार व उनके कर्मचारी ग़ायब हो जाते है। वहीं विभागीय अधिकारी भी क्षेत्र में नजर नहीं आ रहे हैं। विकास कार्य को प्राथमिकता के साथ न कर शायद क्षेत्रीय विधायक के साथ सरकारों की मन्सा में पानी फेर रखे हैं। यह हाल लगभग 2-3 वर्ष से निरंतर जारी है। जिसका दंश नगरवासियों के साथ नामी गिरामी स्कूल शासकीय सीएम राइज एवं मॉडल स्कूल के पढ़ने वाले बच्चों, शिक्षकों व आने जाने वाले राहगीरों एवं दो पहिया वाहन चालकों को भुगतना पड़ रहा है। वही लगातार उड़ती बाईपास रोड की धूल से लोगों की स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है तो बाजार रोड से निकलने वाले भारी वाहनों से दुर्घटना की संभावना भी हमेशा बनी रहती है। जिसके प्रति ना तो संविदाकार गंभीर दिख रहे ना ही जिम्मेदार विभागीय अधिकारी कर्मचारी।

### विभागीय लापरवाही आ रही सामने

नगर क्षेत्र में बन रही बाई पास सड़क के देख रेख की जिम्मेवारी लोक निर्माण विभाग की है लेकिन विभाग के उपयंत्री से लेकर सभी वरिष्ट अधिकारी कभी भी इस निर्माणकार्य को लेकर गम्भीर नही दिख रहे। जबकि लोगों की इस समस्या को लेकर कई बार एसडीओ उप यंत्री को मीडिया के द्वारा अवगत कराया गया।जो मीडिया के सामने फोन कर औपचारिकता पूर्ण कर महीनो के लिए खुद गायब हो जाते हैं, तथा राजस्व अधिकारियों पर भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही न करने को आरोप संविदाकार के साथ अधिकारी-कर्मचारी भी लग रहे हैं जबकि खबर है कि एसडीएम मझौली द्वारा लोकनिर्माण विभाग को खुद भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही करने के लिए सुनियोजित रिकार्ड राजस्व को उपलब्ध कराने हेतु पत्र भी लिखा गया है। ताकि भूमि अधिग्रहण कर धारा 11 का प्रकाशन किया जा सके।

"उनका टेंडर निरस्त हो गया था। पुनः रीवा से प्रयास कर पाए हैं। होली के कारण काम चालू नहीं किया है। जल्द ही काम चालू करेंगे पानी भी डलवाएंगे।"

**स्तुति गौतम एसडीओ लोनिवि उप संभाग मझौली**

"अभी तक भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण नहीं की गई है। धारा 11 का प्रशासन नहीं किया जा सका है। किसान विचलित है। काम करने में दिक्कत डाल रहे हैं, जिस कारण हम काम नहीं कर पा रहे हैं।"

**रमेश कुमार गुप्ता, संविदाकार**

"हमने यहां की समस्या को देखते हुए काफी प्रयास कर डबल लेन की बाईपास रोड स्वीकृत कराया वह भी छोटी-मोटी राशि नहीं 5-6 करोड़ की। भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही अभी तक नहीं हो पाई है, जिसके लिए मैंने कई बार विभाग को बोल चुका हूं। हमें लगता है कि जिस हिसाब से बायपास रोड की आवश्यकता है विभाग उतना संवेदनशीलता नहीं दिख रहा है। विभागीय लापरवाही ज्यादा दिख रही है। शुरू में भू-स्वामियों द्वारा भी अवरोध किया गया था। भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही जारी है। पुनः आप लोगों के समाचार के माध्यम से जिला प्रशासन एवं जिम्मेदार अधिकारियों को अवगत करा रहा हूं कि जल्द से जल्द भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही पूर्ण कर अति शीघ्र कार्य चालू कराया जाए ताकि बरसात से पहले कार्य पूर्ण हो जाए।"

**कुंवर सिंह टेकाम विधायक विधानसभा क्षेत्र धौंहनी।**

# सीएम राइज विद्यालय भूगोल, विज्ञान और गणित की प्रयोग आधारित कार्यशाला हुई आयोजित

जागरण, राजनगर

शासकीय सी एम राइज मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजनगर जिला छतरपुर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद भोपाल मध्य प्रदेश शासन के सहयोग से वेधशाला के यंत्रों में गणित एवं भूगोल का महत्व पर कार्यक्रम राष्ट्रीय गणित दिवस के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के विग्रह पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य अनिल कुमार अरजरिया एवं भोपाल से पधारे कार्यक्रम समन्वयक स्रोत शिक्षक दीपक सोनी द्वारा किया गया , प्राचार्य अरजरिया के द्वारा विभिन्न प्रकार के खगोलीय मॉडलों सूर्य ग्रहण चंद्र ग्रहण, मौसम परिवर्तन , रॉकेट मॉडल, नैनो सोलर सिस्टम,डे टाइम एस्ट्रोनॉमी एक्टिविटीज में सूर्य अवलोकन,सूर्य संदेश में प्रायोगिक गतिविधियों के महत्व पर ध्यान आकर्षित कराया। स्त्रोत शिक्षक दीपक सोनी ने बताया कि खगोल विज्ञान छात्रों के लिए कई रोचक और शिक्षाप्रद गतिविधियाँ होती है, जिनसे उन्हें ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने में मदद मिल सकती है। खगोलीय दृश्य , छात्र ग्रहणों, चंद्रग्रहणों, उल्का वर्षाओं, और अन्य खगोलीय घटनाओं की समय-समय पर जानकारी लेते रहना चाहिए इसके लिए वे खगोल एप्लीकेशन्स, टेलीस्कोप्स, या दूसरे खगोलीय उपकरणों का उपयोग कर सकते हैं।



स्त्रोत शिक्षक अशीष पारे विज्ञान संचारक मध्य प्रदेश विज्ञान सभा भोपाल ने बताया कि स्टार गेजिंग रात को आसमान को देखना और चारों ओर के नक्शे को पहचानना। इसके लिए वे खगोलीय नक्शे और स्टार चार्ट्स का उपयोग कर सकते हैं। यह कार्यक्रम मुख्यतः छात्र छात्राओं में प्रायोगिक विषयों के प्रति जिज्ञासाओं का वास्तविक समाधान करने एवं प्रयोग आधारित पठन पाठन को बढ़ावा देने हेतु किया जाता है। इस प्रकार की कार्यशालाएं छात्र छात्राओं में विज्ञान आदि विषयों के प्रति रुचि जागृत करने में सहयोग करती हैं द्य स्त्रोत्र शिक्षक दीपक सोनी ने अनेकानेक प्रयोगों के साथ ही छात्र छात्राओं को सरल चल मॉडल्स के माध्यम से सोलर सिस्टम, ब्रह्मांड, भूगर्भ आदि में होने वाली गतिविधियों का प्रदर्शन किया। साथ ही सुलभ सामग्री से बने मॉडल्स के माध्यम से भी जिज्ञासाओं का समाधान किया। कार्यशाला के अंत में छात्र छात्राओं के मूल्यांकन हेतु प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें शिक्षकों एवं प्रतिभागियों ने बढ़-कर का हिस्सा लिया। प्रश्नमंच के माध्यम से प्रायोगिक विषयों को पढ़ने के लिए छात्र छात्राओं के उत्साह को दोगुनी गति प्राप्त हुई। इस अवसर पर रामानुजन के ऊपर व्याख्यान आयोजित किया गया एवं इसी विषय पर पोस्टर प्रदर्शनी भी रखी गई। विद्यालय परिवार से शिक्षक शिक्षिकाएं अनुभा नामदेव, नवीन पटेल, जेके खलखो, मनोज पटेल, रश्मी चौरसिया, देवीप्रसाद द्विवेदी, रामगोपाल पटेल, कैलाश नाथ गोस्वामी, कौशल्या देवी अहिरवार, देवेंद्र अहिरवार, नीरज गोस्वामी, देवेंद्र राठौड़ आदि ने कार्यक्रम के सफल संचालन में सहयोग किया। संस्था के छात्रों ने प्रश्न मंच में बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमें विजेताओं शिप्रा सोनी, तुलसीदास पटेल, आकाश रैकवार, नेहा तिवारी, आकांक्षा दुबे को स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया।

## पति से विवाद के बाद महिला ने खाया ज़हर, इलाज के दौरान मौत

**छतरपुर।** सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत विश्वनाथ कॉलोनी स्थित रीजेंसी होटल के पीछे रह रही 30 वर्षीय पूजा राजपूत ने बुधवार देर रात कथित रूप से पति से विवाद के बाद ज़हरीली दवा खा ली। गंभीर हालत में उसे पहले जिला अस्पताल और फिर एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल वालों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पोस्टमार्टम के दौरान दोनों पक्षों में विवाद हो गया, इस दौरान मारपीट हुई जिसका वीडियो सामने आया है। वीडियो में एक महिला चप्पलों से मारपीट करती नजर आ रही है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, पूजा राजपूत मूलत- महोबा जिले के ग्राम सिजवाहा की निवासी थी। उसकी शादी 31 मई 2023 को मिडका गांव निवासी मयंक राजपूत से हुई थी। शादी के बाद दंपति छतरपुर के वार्ड नंबर 3, विश्वनाथ कॉलोनी में रह रहा था। मयंक राजपूत प्रियंक मेडिकल नामक मेडिकल स्टोर संचालित करता है। पति मयंक के अनुसार, बुधवार को वह पत्नी के साथ बाजार गया था। रात में दोनों ने खाना खाया और सो गए। सुबह पूजा की तबीयत बिगड़ी और वह बाथरूम में उल्टियां कर रही थी। दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला गया और अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने जवाब दे दिया। मृतका की भाभी निर्देश ने बताया कि रात में पूजा से फोन पर बात हुई थी, वह रो रही थी और मायके आने की बात कह रही थी। आरोप है कि ससुराल वाले उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे और पहले भी मारपीट कर चुके थे। पूजा के भाई कुलदीप ने कहा कि सुबह वह बहन को लेने आया था लेकिन घर पर ताला लगा मिला।

## वक्फ कमेटी ने आतंकवादी घटना के विरोध में पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला फूंका, दिया ज्ञापन



**जागरण, छतरपुर।** पहलगाम (कश्मीर) में हाल ही में हुई आतंकवादी घटना के विरोध में छतरपुर वक्फ कमेटी ने गुरुवार को छत्रसाल चौक पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पाकिस्तान और आतंकवाद के प्रतीकात्मक पुतलों का दहन कर आक्रोश जताया गया। इस विरोध प्रदर्शन में मुस्लिम समाज के कई लोग शामिल हुए, जो हाथों में पाकिस्तान मुर्दाबाद जैसी तख्तियां लिए नारेबाजी कर रहे थे।

वक्फ कमेटी के सदस्यों ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपते हुए मांग की कि पाकिस्तान में पलने वाले आतंकवादियों को मुंहतोड़ जवाब दिया जाए। उनका कहना था कि ये आतंकी पाकिस्तान के संरक्षण में भारत में घुसकर आतंक फैलाते हैं और सरकार को ऐसे तत्वों पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। वक्फ कमेटी के अध्यक्ष रहमान वक्स सौदागर ने कहा, कश्मीर में हुई घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण, निंदनीय और घृणित है। बतौर मुस्लिम समाज हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। ऐसी घटनाओं से पूरे समाज को शर्मिंदगी उठानी पड़ती है। हम मृतकों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। सरकार से मांग है कि दोषियों को जल्द से जल्द सख्त सजा दी जाए।

## पहलगाम में शहीदों को इकरा पब्लिक स्कूल ने श्रद्धांजलि अर्पित की

**कटनी।** जम्मू कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम की बैसरान घाटी में हुये आतंकवादी हमले में 26 से ज्यादा निर्दोष नागरिकों की हत्या किए जाने के बाद देशभर में शोक और रोष का माहौल है। इस नरसंहार की अंजुमन इस्लामिया स्कूल कटनी एवं इकरा पब्लिक स्कूल कटनी के स्टाफ एवं बच्चों ने घोर निंदा की। सभी बच्चों एवं स्टाफ ने मोमबत्ती जलाकर श्रृद्धांजलि अर्पित की। श्रृद्धांजलि सभा में अंजुमन एवं इकरा स्कूल की प्राचार्या वर्षा चौधरी को आर्डिनेटर सलमान फैयाज शेख, निहाल अशरफअशरफी, उप.प्राचार्य मोहम्मद शमीम खान, एडमिन अली, काजी मोहम्मद नसीम, शिक्षिकाओं में रंजीता पॉल, वर्षा हिन्दुजा, प्रगति सिंह, गोसिया परवीन, राशिदा अंसारी एवं अफसाना बेगम, शाहीन बेगम एवं स्कूल के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## हत्या के आरोपी को न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई

**छतरपुर।** माह जनवरी वर्ष 2022 में थाना सिविल लाइन क्षेत्र अंतर्गत गठेबरा ओवर ब्रिज के पास कार में एक मृत व्यक्ति मिला, मृतक संजू अनुरागी की हत्या अज्ञात आरोपी द्वारा तार से गला दबाकर की गई थी। एडवोकेट लक्ष्मीकांत चतुर्वेदी ने बताया कि थाना सिविल लाइन में भारतीय दंड विधान के तहत हत्या का अपराध दर्ज किया गया था। एकत्रित साक्ष्य, एफएसएल, डीएनए रिपोर्ट के आधार पर आरोपी संतोष कोरी द्वारा सोने के कंगन गिरवी रखने एवं पैसों के लेनदेन संबंधी विवाद पर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया था। पुलिस टीम द्वारा भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्य, डीएनए रिपोर्ट समय से न्यायालय प्रस्तुत किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुये जिला स्तरीय समिति द्वारा प्रकरण को जघन्य एवं सनसनीखेज प्रकरण की श्रेणी में रखा गया।

अभियोजन की ओर से डीपीओ प्रवेश कुमार अहिरवार ने पैरवी करते हुये मामले के सभी सबूत एवं गबाह कोर्ट में पेश किये। विचारण उपरांत द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश हिमांशु शर्मा के न्यायालय ने आरोपी संतोष कोरी पिता भगोले कोरी निवासी टोरिया मोहल्ला छतरपुर को भादवि की धारा 302 में आजीवन कारावास एवं 5 हजार रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

## खदान में मिट्टी धसकने से महिला श्रमिक की मौत

**कटनी।** बड़वारा थाना अंतर्गत खदान में मिट्टी धसकने से महिला श्रमिक की दबने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुनीता गौड़ पति तीरथ गौड़ निवासी भदावर खदान में काम कर रही थी। इस दौरान अन्य श्रमिक भी यहां मौजूद थे एकाएक खदान में मिट्टी धसकी और सुनीता इस मिट्टी में दब गई। किसी तरह मशक्कत के बाद महिला श्रमिक को मिट्टी से निकाला गया और उसे खदान मालिक के कर्मचारी कार क्रमांक डीएल 9 सीएजी 7507 से जिला अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे इलाज दौरान मृत घोषित कर दिया। मृत महिला का एक हाथ बुरी तरह मुड़ा हुआ था। इसके साथ ही चेहरे और शरीर मे गंभीर जख्म थे। महिला को साथ लाने वाले उसे ओपीडी तक पहुँचाने से कतरा रहें थे। डाक्टरों के ओपीडी में महिला के संबंध में पूछने पर भी साफतौर कोई कुछ नहीं बता रहा। महिला को लेकर आए दो युवक अंदर भी नही गए और उसे छोड़ अस्पताल से निकल गए। ऐसा बताया जा रहा है महिला के परिजनों को सूचित किया गया है। किन परिस्थितियों में खदान में महिला की मौत हुई है।

## लघु उद्योग भारती महिला इकाई का स्थापना दिवस सामाजिक सरोकार के नाम

### अनाथ बच्चियों को मिला स्वरोजगार का प्रशिक्षण, आत्मनिर्भरता की ओर एक कदम



**कटनी।** लघु उद्योग भारती कटनी महिला इकाई ने अपने स्थापना दिवस के अवसर पर एक प्रेरणादायक सामाजिक पहल करते हुए लिटिल स्टार फाउंडेशन में निवासरत अनाथ बच्चियों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु उन्हें स्वरोजगारपरक कौशल का प्रशिक्षण देना था। कार्यक्रम के अंतर्गत संस्था की सक्रिय सदस्या श्रीमती रीना कुचिया द्वारा बच्चियों को मेहंदी डिजाइनिंग, हल्दी थाली डेकोरेशन और साड़ी पैकिंग जैसे रचनात्मक एवं व्यावसायिक कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया। इस सत्र में कुल 47 बच्चियों ने भाग लिया और उत्साहपूर्वक विभिन्न विधाओं की जानकारी प्राप्त की। महिला इकाई की सदस्यों ने बच्चियों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें आत्मविश्वास एवं आत्मबल के महत्व से परिचित कराया। प्रशिक्षकों ने यह भी बताया कि इन कौशलों को सीखकर कैसे वे भविष्य में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकती हैं। इस अवसर पर इकाई की अध्यक्षता प्रिया सोनी ने लघु उद्योग भारती के कार्यों एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए बच्चियों को प्रोत्साहन स्वरूप उपहार प्रदान किए तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

**नाम सुधार सूचना**

दिनेश प्रसाद पटेल आर्मी नं. जे.सी. 678268 एफ रैंक एन.बी./एस.यू.बी. ग्राम रमपुरवा पो.आ. सुजवार थाना व तह. मनगवां जिला रीवा म.प्र. का निवासी है, आर्मी सर्विस रीकार्ड में त्रुटिवश नाम के अग्रेजी DINESH PRASAD PATEL लिखा गया जब कि अंकसूची एवं अन्य दस्तावेज में DINESH है इसलिए आर्मी के सर्विस रीकार्ड में भी DINESH PRASAD PATEL किया जाय व पढ़ा जाय।

दिनेश प्रसाद पटेल

RN. 82224

**उत्तर मध्य रेलवे**

निविदा सं.- JHSW-MNP-25-07 | **निविदा सूचना** | दिनांक- 23.04.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए **मुख्य कारखाना प्रबंधक वैगन रिपेयर झाँसी, उत्तर मध्य रेलवे** के द्वारा वैगन रिपेयर कारखाना झाँसी में निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाइन (ई-टेंडर) आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नामः** वैगन मरम्मत कारखाना झाँसी में स्थापित रोलर बियरिंग क्लीनिंग प्लांट (Make- Ultramax Hydrojet Pvt Ltd) संयंत्र संख्या 985 के लिए व्यापक वार्षिक रखरखाव अनुबंध पांच वर्ष के लिए।

| अनुमानित लागत | धरोहर राशि | कार्य पूर्ण होने की अवधि |
|---|---|---|
| ₹45,18,529.67/- (रूपये पैंतालीस लाख अठारह हजार पांच सौ उनतीस एवं सरसठ पैसे केवल) | ₹90,400/- (रूपये नब्बे हजार चार सौ केवल) | 60 माह |

**निविदा बंद होने की तिथिः 21.05.2025** समय **15.00** बजे। **1.** निविदा दिनांक **21.05.2025** को **15.00** बजे बन्द होगी एवं भारतीय रेलवे की ई-टेंडर वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **2.** निविदा की सम्पूर्ण जानकारी के लिए भारतीय रेलवे की ई-टेंडर वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। **703/25 FA**

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद शादीशुदा महिला से दुष्कर्म

### आरोपी पर दर्ज हुई एफआईआर, पुलिस ने शुरु की तलाश

**छतरपुर।** इंस्टाग्राम पर दोस्ती के बाद एक शादीशुदा युवती से छतरपुर के होटल में दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता के वकील शिव प्रताप सिंह ने बताया कि युवती उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले की निवासी है और शादीशुदा है। कुछ समय पूर्व उसकी दोस्ती इंस्टाग्राम के माध्यम से छतरपुर जिले के महाराजपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पुतरी निवासी बॉबी राजा से हुई थी। धीरे-धीरे यह दोस्ती गहरी हो गई।

आरोपी ने युवती को तलाक दिलवाकर विवाह करने का झांसा दिया और छतरपुर बुलाया। वकील के अनुसार, आरोपी ने पहले युवती को मंदिर ले जाने की बात कही लेकिन उसे शहर के एक होटल में ले जाकर जबरन शारीरिक संबंध बना लिए। अब आरोपी युवती को मोबाइल पर धमकी दे रहा है। पीड़िता कई दिनों से न्याय की गुहार लगा रही थी। पहले उसने ललितपुर (उ.प्र.) के पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपा था, इसके बाद छतरपुर पहुंचकर पुलिस अधीक्षक अगम जैन को पूरी घटना बताई। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी अगम जैन ने सिविल लाइन थाना प्रभारी वाल्मीकि चौबे को जांच कर एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। बीती रात थाना पुलिस ने आरोपी बॉबी राजा के खिलाफ मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण भी कराया है। सिविल लाइन थाना पुलिस का कहना है कि आरोपी फिलहाल फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। एसपी अगम जैन ने बताया कि कल शिकायत प्राप्त हुई थी, मामले की जांच जारी है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**सूचना**

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

**लेकसिटी हॉस्पिटल**
LAKECITY HOSPITAL CARING PARTNERS
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
e-mail: lakecityhospital@gmail.com | www.lakecityhospital.net
www.youtube.com/dranandjayantkale
+91 9111933376, +91 95229 69980
जले मरीजों के विकृतियों (contracture) जैसे हाथों की उंगलियों का टेढ़ापन, अंगूठे का चिपकना, कलाई में विकृति, कोहनी का चिपकना, कंधे का चिपकना, गर्दन का चिपकना, पैरों की उंगलियों के विकार, टखने का चिपकना, घुटने का चिपकना, इत्यादि के ऑपरेशन/प्लास्टिक सर्जरी
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस.,एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
जन्मजात कटे होंठ तालू के मुफ्त ऑपरेशन
Smiletrain योजना के अंतर्गत 3000 से ज्यादा सफल ऑपरेशन किए जा चुके हैं
SmileTrain
जन्म से कटे होंठ और कटे तालु के मुफ्त ऑपरेशन
● जले मरीजों का इलाज मुफ्त
● जले मरीजों के विकार, विकृतियों के आपरेशन मुफ्त
ReSurge International
जले मरीजों के विकारों के आपरेशन मुफ्त ऑपरेशन
जले मरीजों के विकार विकृतियों के चिन्हित ऑपरेशन रीसर्ज के अंतर्गत निःशुल्क किए जा रहे हैं

**लोन**
लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट ( एजेंट आमंत्रित ) संपर्क - 8962086944

## पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पीरबाबा का सालाना उर्स स्थगित

कटनी। जम्मू कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की हत्या किए जाने के बाद पूरे देश भर में शोक और रोष का माहौल है। इस नरसंहार की घटना की सभी धर्मावलंबियों के साथ तमाम सामाजिक राजनैतिक संगठनों ने निंदा की है। इस खौफनाक घटना के बाद कटनी में भी शोक का माहौल है। इस दुःखद घटना के बाद पीरबाबा में आयोजित होने बाले सालाना उर्स 2025 के सभी कार्यक्रम आगामी दिनों के लिए स्थगित कर दिए गए है। गुरूवार को सायं 5 बजे शहीदों को कैंडिल जलाकर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी तथा गहन शोक व्यक्त किया गया। इस मौके पर पीरबाबा ट्रस्ट कमेटी के अध्यक्ष तनवीर खान तन्नू, उर्स आयोजन प्रभारी राजेन्द्र कुमार दुबे पप्पू भैया, उर्स प्रभारी राजेंद्र दुबे शेर, परस्त हजरत फहीम अशरफ शाहाब मारूफ अहमद हनफी, रवि श्रीवास्तव, अन्वर खान, अवकाश जायसवाल, अजहरूद्दीन भाई अज्जू, सुनील हसीजा, हाजी हबीब मुफीद भाई, काजी वसीम इरफान खान, शाहरूख भाई, फिरोज भाई, लिप्पू भाई की उपस्थिति रही। सभी ने एक स्वर में कहा पहलगाम की ये आतंकवादी घटना अत्यंत निंदनीय है। पीरबाबा उर्स कमेटी इसकी कड़ी निंदा करती है।

**न्यायालय सुश्री रूचि परते, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड मझौली, जिला-सीधी (म.प्र.)**

Presiding Officer- सुश्री रूचि परते
संलग्न नोटिस प्रकाशन हेतु
प्रकरण क्रमांक RCSA/126/2024
संगीता सोनी वगैरह ....वादीगण।
बनाम
प्रवीण कुमार सोनी वगैरह ...प्रतिवादीगण।
प्रोसेस नंबर.-79/2025
पेशी दिनांक 08.05.2025

प्रषिती-
(1) प्रवीण कुमार सोनी माता स्व. सुशीला सोनी पिता स्व. सीताशरण सोनी उम्र 39 वर्ष ग्राम जुडमनिया तहसील मऊगंज जिला सीधी म.प्र.। (2) शिवम सोनी पिता सुरेश प्रसाद सोनी निवासी शंकर वार्ड कली मुहल्ला पोस्ट नरसिंहपुर जिला जबलपुर म.प्र.।

उपरोक्त प्रतिवादी क्रमांक 1, 2 को सूचित किया जाता है कि वादीगण संगीता सोनी माता स्व. सुशीला सोनी पिता स्व. सीताशरण सोनी उम्र 35 वर्ष सा. देवतालाब पोस्ट देवतालाब तहसील नईगढ़ी जिला मऊगंज म.प्र. वर्तमान पता ग्राम ब्यौहारी नगर पंचायत ब्यौहारी जिला शहडोल म.प्र. ने प्रतिवादी प्रवीण कुमार सोनी माता स्व. सुशीला सोनी पिता स्व. सीताशरण सोनी उम्र 39 वर्ष ग्राम जुडमनिया तहसील मऊगंज जिला सीधी म.प्र. के विरूद्ध इस न्यायालय में वाद पत्र अंतर्गत धारा 34 व 38 विशिष्ट अनुतोष अधिनियम का वादपत्र स्वत्व घोषणा एवं स्थाई व्यादेश बावत् पेश किया है, जिसकी सुनवायी दिनांक 08.05.2025 को नियत है। यदि आप उक्त प्रकरण में स्वत्व घोषणा एवं स्थाई व्यादेश जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 08.05.2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत, अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 22.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

( सुश्री रूचि परते )
व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड
मझौली, जिला-सीधी ( म.प्र. )
RN. 82224

**कार्यालय कलेक्टर जिला सीधी (म.प्र.)**

क्रमांक/ 01 /ई-गव./2025 — सीधी,दिनांक 18/04/2025

//विज्ञप्ति//

कार्यालय कलेक्टर जिला सीधी हेतु कम्प्यूटर सह उपकरण उपलब्ध कराने हेतु निविदाएँ आमंत्रित की गयी है | निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी https://mptenders.gov.in पर उपलब्ध है | निविदा के संबंध मे जानकारी निम्नानुसार है :-

| क्र. | कार्यवाही | तिथि |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 21-04-2025 17:00 |
| 02 | फार्म फीस | 5000 |
| 03 | EMD की राशि | 50000 |
| 04 | निविदा आमंत्रित करने की प्रारम्भ तिथि एवं समय | 21-04-2025 17:00 |
| 05 | निविदा आमंत्रित करने की अंतिम तिथि एवं समय | 05-05-2025 17:00 |
| 06 | तकनीकी निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 06-05-2025 17:00 |
| 07 | वित्तीय निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 07-05-2025 17:00 |

अधिक जानकारी हेतु कार्यालय कलेक्टर एवं जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी के कक्ष क्रमांक 43 भू-तल मे संपर्क किया जा सकता है | यदि उपरोक्त सूचना मे कोई परिवर्तन किया जाता है तो इसकी सूचना पृथक से https://mptenders.gov.in एवं https://sidhi.nic.in मे प्रदान की जाएगी |

(अंशुमन राज)
अपर कलेक्टर
जिला सीधी (म.प्र.)

G-11936/25

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग सिंगरौली (म.प्र.)**
निविदा आमत्रण ई–टेन्डरिंग
म.प्र.शासन

निविदा सूचना क्रमांक 02/ई–टेन्डरिंग/2025–26 — सिंगरौली, दिनांक 17.04.2025

निम्नलिखित कार्यो की निविदा ऑनलाईन के माध्यम से पंजीकृत संविदाकारों एवं कम्पनियों पूर्ण पंजीकरण मापदण्ड से आमंत्रित किये जाते है।

| स.क्र | जिला | ऑनलाईन टेंडर क्रमांक | निविदा आमंत्रण का काल | कार्य का नाम | पी.ए.सी. (लाख में) | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने का समय | भौतिक रूप से एनवलप प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ.डी.आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | सिगरौली | 2025_PWDRB_417663 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग बैढ़न मुख्यालय बैढ़न अंतर्गत आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य। | 16.45 | 32900 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 2 | सिगरौली | 2025_PWDRB_417666 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग बैढ़न मुख्यालय बैढ़न अंतर्गत गैर–आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य। | 16.70 | 33400 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 3 | सिगरौली | 2025_PWDRB_417668 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत मुख्यालय देवसर के आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य। | 10.46 | 20920 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 4 | सिगरौली | 2025_PWDRB_417670 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत मुख्यालय देवसर के गैर–आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य। | 5.73 | 11460 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 5 | सिगरौली | 2025_PWDRB_417671 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत सेक्सन सरई के आवासीय एवं गैर–आवासीय भवनों का मरम्मत कार्य। | 5.76 | 11520 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| 6 | सिगरौली | 2025_PWDRB_417673 | प्रथम आमंत्रण | उपसंभाग देवसर अंतर्गत सिविल कोर्ट कैम्पस देवसर में शेड एवं छत मरम्मत का कार्य। | 8.47 | 16940 | 2000 | 03 माह | भौतिक रूप से एनवलप इस कार्यालय में स्वीकार नही किये जावेंगें, केवल ऑनलाईन ही मान्य होंगे। |
| | | | | योग– | 63.57 | | | | |

1. ऑनलाईन पोर्टल https:mpetenders.gov.in/nicgep/app के माध्यम से निविदा प्रपत्र क्रय करने तथा ऑनलाईन बिड सबमिशन की प्रारम्भिक तिथि दिनांक 25.04.2025 से अंतिम तिथि दिनांक 12.05.2025 सांय 17:30 तक निर्धारित है। निविदा दिनांक 14.05.2025 को खोली जावेगी।
2. निविदा संबंधी दस्तावेज केवल आनलाईन ही मान्य किये जायेंगे।
3. निविदा से संबंधित संशोधित समय परिवर्तन आदि की सूचना केवल बेबसाईट के माध्यम से दी जावेगी।
4. विस्तृत निविदा आंमत्रण सूचना व अन्य जानकारियॉं उपरोक्त बेबसाईट पर देखा जा सकता है।

G-11899/25

कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग
संभाग सिंगरौली (म0प्र0)

# पानी का संरक्षण एवं संवर्धन कर बने पानीदार तथा धरती मां की कोख में करे जल संरक्षित : उप मुख्यमंत्री



## आम जनमानस,जन प्रतिनिधि तथा सरकार मिलकर अभियान को दे रहे हैं गति- विधायक

## जिले में चार हजार से अधिक जल संरचनाओं का किया जा संरक्षण एवं संवर्धन -कलेक्टर

**.जागरण शहडोल।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री एवं शहडोल जिले के प्रभारी मंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल की उपस्थित में शहडोल जिले में जयसिंहनगर जनपद पंचायत अन्तर्गत ग्राम पंचायत टिहकी में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन चौपाल आयोजित किया गया। जन चौपाल को सम्बोधित करते हुए प्रदेष के उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि प्रदेश सरकार पानी का संरक्षण एवं संवर्धन कर पानीदार बनाने का काम कर रही है,जल गंगा संवर्धन अभियान प्रदेश के हर गांव में जन अभियान बन गया है,ऐसा करके हम धरती के कोख से अपने उपयोग में लिए जाने वाले जल को पुनः धरती के कोख में पहुंचा सकेंगे। उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी तथा मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की अगुवाई में देश एवं प्रदेश में निरंतर विकास के कार्य किए जा रहे है, महिलाएं सशक्त हो रही हैं, सामाजिक कार्यों में उनकी सहभागिता बढ़ी है। उन्होंने कहा कि चारों तरफ पुल पुलियों, सड़कों का निर्माण होने से व्यापार के अवसर बढ़ रहें हैं, लोगों को रोजगार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जीवन का पहला सुख निरोगी काया है,सभी लोग निरोगी रहें, इसके लिए सरकार निरोगी काया अभियान चलाकर घर घर सर्वे कराकर रोगियों की पहचान कर रही है, जिससे आमजन को गंभीर बीमारियों से बचाया जा सके। शहडोल जिला इस अभियान में तीसरे स्थान पर है, जिसके लिए जिला प्रशासन तथा सी. एम. एच. ओ. डॉ. राजेश मिश्रा को बधाई दी।

जन चौपाल को संबोधित करते हुए विधायक ब्यौहारी श्री शरद कोल ने मै बचपन में देखा है कि गांव के तालाब, कुआं, बावड़ी, में कभी पानी की कमी नहीं होती थी। सभी जगह साल भर पानी भरपूर मात्रा में रहता था, लेकिन अब इस दौर में कुआं,तालाब एवं बावड़ी का पानी गर्मी का सीजन आते ही सूख जाता है। उन्होंने कहा कि हमें आसपास के तालाब, कुआं, बावड़ी सहित अन्य जल संरचनाओं को बचाना होगा। उनकी साफ सफाई कर उनका जीर्णोद्धार करना होगा। विधायक ने कहा कि पानी को सहेजने एवं संरक्षण हेतु प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश भर में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश भर में विभिन्न प्रकार के जल स्रोतों की साफ सफाई एवं जीर्णोद्धार का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें पानी की एक-एक बूंद को संरक्षित करना है पानी की जितनी आवश्यकता है उतना ही उपयोग करना है। पानी को व्यर्थ में नहीं बहाना है। विधायक श्री शरद कोल ने लोगो से अपील करते हुए कहा कि आप सब जल गंगा संवर्धन अभियान में जुड़कर जल संरचनाओं की साफ सफाई करें उनको बचाए रखने हेतु कार्य करें।

कलेक्टर डॉ.केदार सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान के प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि जिले में चार हजार से अधिक जल संरचनाओं का चयन किया गया है,एक तिहाई कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं, लगातार जल चौपाल लगाकर लोगों को सहभागी बनाया जा रहा है । इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्री राम जी श्रीवास्तव, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री नरेंद्र सिंह धुर्वे, सीएमएचओ श्री राजेष मिश्रा, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक श्री विवेक पाण्डेय, , ए. पी. ओ. मनोज मिश्रा,कार्यपालन यंत्री ग्रा.या.सेवा के.पी. पटेल, राजेश्वर उदानिया, राजेश तिवारी, राकेश तिवारी, विजय लक्ष्मी राकेश तिवारी,सहित अन्य लोग उपस्थित थें। आभार प्रदर्शन राजेश तिवारी ने किया।

# पहलगाम के आतंकी हमले में मृतकों को भाजपा ने दी श्रद्धांजलि



**जागरण मंडला।** पहलगाम में हुए हृदयविदारक आतंकी घटना में मारे गए निर्दोष लोगों को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गयी कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग श्रीमती संपतिया उइके ने दुख व्यक्त करते हुए कहा कि भारत आतंक के आगे ना कभी झुका है ना कभी झुकेगा। इस नृशंस आंतकी हमले के दोषियों को बक्शा नहीं जायेगा और भारत शीघ्र से शीघ्र इस घटना का मुंहतोड़ जवाब देगा।

भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष श्री प्रफुल्ल मिश्रा जी ने श्रदांजलि देते हुए अपनी भावना व्यक्त की और कहा कि देश के लिए यह बहुत बड़ी दुःखद घटना है और आतंकियों की कड़ी निंदा करते हुए पीड़ियों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की कहा कि अब हमे उचित जवाब देने की जरूरत है भारत की सेना इसका मुंह तोड़ जवाब देगी। श्रदांजलि में नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, जिला महामंत्री नीरज मरकाम, जिला उपाध्यक्ष पारस असरानी, अखिल सिहारे, सुषमा मिश्रा, थामन बरमैया, विनय मिश्रा, मण्डल अध्यक्ष शिवा रानू राजपूत, सर्यकांत जंघेला, अनीता तिवारी, मंजू कछवाहा, शिखा श्रीवास्तव, प्रिया धुर्वे, पुष्पा ज्योतिषी, उमा यादव,अप्पू यादव, दीप्ति नरेलिया, बसंत चौधरी, सौरभ गुप्ता, सचिन शर्मा, इशांक साहू, संजय गुप्ता, सुरेन्द्र दुबे, प्रवीर तिवारी,रवि सोनवानी, विनय तिवारी वेदप्रकाश दुबे, अजीत सिंहानी, सुशील मिश्रा, सुनील मिश्रा,सावन चौरसिया, विभोर मिश्रा, मोंटी मलिक, हरीश गुरवानी, अमित शर्मा, अंकित ज्योतिषी, नीरज कांड्रा,सत्यम मिश्रा, विजय नीखर, अभिषेक राय, नीलेश शुक्ला, पंकज दुबे, मोहन शाह, चंद्रशेखर निखारे, सुधीर दुबे, प्रियंक खरंबदा, अमन अग्रवाल,आनंद भांगरे, दिनेश भांगरे, अंशुल चौरसिया, राहुल सिंगोर,आंनद जैन, राजा शुक्ला,सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिले के पांच पुलिस अधिकारियों-कर्मचारियों को मिला अति-उत्कृष्ट सेवा और उत्कृष्ट सेवा पदक

**जागरण डिंडोरी।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष 2024 के लिए घोषित अति-उत्कृष्ट सेवा पदकऔर उत्कृष्ट सेवा पदक से डिण्डौरी जिला पुलिस के पांच अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है।पुलिस अधीक्षक कार्यालय डिण्डौरी में पदस्थ सूबेदार (अ) पहल सिंह पटटावी और उप निरीक्षक (अ) धनेश अवधिया को उनकी अति-उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अति-उत्कृष्ट सेवा पदक प्रदान किया गया है। वहीं, उप निरीक्षक (अ) सहजराम कोकड़िया, प्रआर 228 हेमसिंह पेन्द्रो (महिला सुरक्षा शाखा), तथा प्रआर 101 लाल बहादुर परस्ते (थाना बजाग) को उत्कृष्ट सेवा पदक हेतु चुना गया है।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा ने सभी चयनित पुलिसकर्मियों को हार्दिक बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। यह सम्मान जिला पुलिस की कार्यक्षमता और समर्पण का प्रतीक है।

# विकसित भारत अभियान देश का अभिमान

**जागरण मंडला।** विकसित भारत अभियान सप्ताह के अंतर्गत दिनांक 24/04/2025 को 1स्क्क ऋ्रू ऋदृद्दह्ल ह्र्रष्ट जबलपुर के निर्देशानुसार जवाहर नवोदय विद्यालय में कैडेटों के सम्मुख एक सेमिनार का आयोजन किया गया। विकसित भारत अभियान सप्ताह 22/04/2025 से 28/04/2025 तक आयोजित किया जाना है। सेमिनार में स्वतंत्र विचारक डॉ अरुण कुमार वर्मा द्वारा व्याख्यान दिया गया। व्याख्यान के दौरान डॉ वर्मा ने बताया कि विकसित भारत के लिए सर्वप्रथम नागरिकों में स्वयं अनुशासन राष्ट्र के प्रति प्रेम अत्यंत आवश्यक है। जिस तरह से सेना अनुशासन से परिपूर्ण रहती है उसी तरह से हम भारत की विकसित राष्ट्र तभी बना सकते हैं जब हम अपने व्यक्तिगत जीवन, सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासित रहकर राष्ट्र को विकसित करने ने अपना योगदान से सकते हैं। डॉ वर्मा ने अपने उद्बोधन में भारत को विकसित बनाने में चार स्तंभों का जिक्र किया  युवा, गरीब,महिलाएं और किसान। इन पर काम करके ही भारत को सही अर्थों में विकसित किया जा सकेगा। सेमिनार को संबोधित करते हुए उप प्राचार्य एवं वर्तमान प्रभारी प्राचार्य शंकर प्रसाद ने एन सी सी कैडेट्स से अपील की कि विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा जब प्रत्येक नागरिक अपने कर्तव्यों का पालन करेगा। देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह भ्रष्टाचार से दूर रहकर भारतीय संविधान के नियमों का पालन करे,देश की विरासत पर गर्व करे एक भारत श्रेष्ठ भारत का सपना सर्वोपरि रखे। कार्यक्रम के अंत में एन सी सी सेकेंड ऑफिसर अजीत सिंह चौहान ने एन सी सी अधिकारी वन एम पी आर्टी रेजिमेंट एन सी सी जबलपुर के कमान अधिकारी कर्नल विक्रांत त्यागी(सेना मेडल) का आभार ज्ञापित किया जिनके कुशल नेतृत्व एवं निर्देशन में कार्यक्रम की रूपरेखा बनी।

# अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्यवाही 37 लीटर कच्ची शराब जब्त

जागरण डिंडोरी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या जिला डिंडोरी के निर्देशानुसार जिले में अवैध मदिरा के विनिर्माण संग्रहण, परिवहन व विक्रय की रोकथाम हेतु जिला आबकारी अधिकारी श्री रामहंस पचौरी के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग डिंडौरी वृत बजाग द्वारा अवैध शराब रखने व विक्रय व परिवहन की रोकथाम हेतु शिकायत के आधार पर कार्यवाही कर 6 प्रकरण पंजीबद्ध किए गए। जिसमें आरोपी दीनू बाई ग्राम बिझौरी से 5.5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, संतोष कुमार ग्राम बिझौरी से 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, उर्मिला बाई ग्राम सुकुलपुरा से 7 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, शिवकुमारी बाई ग्राम सुकुलपुरा से 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, शकुन्तला बाई ग्राम सुकुलपुरा से 6 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब, गगन ग्राम सुकुलपुरा से 6.5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त किया गया। कार्यवाही में कुल 37 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब जप्त किया गया। जप्त सामग्री की अनुमानित कुल कीमत 7400/- रुपए है। उक्त सभी प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) क तहत पंजीबद्ध किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री एम.आर. उइके, उप निरीक्षक श्री सम्हर सिंह धुर्वे, आबकारी आरक्षक श्री राम भरोस ठाकुर, श्री छिद्दी लाल झारिया, श्री मनीष उईके, श्रीकरिशमा सलामे, नगर सैनिक श्री अशोक सैय्याम, श्री तोक सिंह मरावी द्वारा किया गया।

# पहलगाम आतंकी हमले में शहीदों को श्रद्धांजलि, केंद्र सरकार से कठोर कार्रवाई की मांग



**जागरण मंडला।** 23 अप्रैल को मंडला में जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय जिला शहर और युवा कांग्रेस के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित केंडल मार्च में कांग्रेस परिवार के सभी सदस्यों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले की कठोर निंदा की। इस हमले में शहीद हुए 27 भारतीय नागरिकों और जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नेताओं ने उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना भी व्यक्त की।आतंकवादी हमले में शहीद हुए नागरिकों को श्रद्धांजलि देते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष एड राकेश तिवारी ने कहा कि..पहलगाम में हुआ आतंकी हमला न केवल एक कायराना कृत्य है, बल्कि यह भारत की एकता, अखंडता और शांति के खिलाफ एक सुनियोजित साजिश है। इस हमले में 27 भारतीय नागरिकों की शहादत ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। मध्य प्रदेश की जनता, विशेष रूप से इंदौर के नागरिक, जो इस हमले में शहीद हुए, उनके बलिदान को कभी नहीं भुलाया जा सकेगा। पूरा देश इस संकट की घड़ी में एकजुट है और केंद्र सरकार के साथ मजबूती से खड़ा है। हमारी मांग है कि केंद्र सरकार भारत विरोधी ताकतों और आतंकी संगठनों को नेस्तनाबूद करने के लिए तत्काल और कठोर कार्रवाई करे। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ अशोक मर्सकोले ने कहा कि.. यह हमला उन शक्तियों का परिणाम है जो नफरत और हिंसा की राजनीति को बढ़ावा देती हैं। पाकिस्तान से प्रायोजित आतंकवाद और इससे सहयोग प्राप्त संगठनों का एकमात्र उद्देश्य भारत में अशांति और भय का माहौल पैदा करना है। हम मध्य प्रदेश कांग्रेस की ओर से केंद्र सरकार से आग्रह करते हैं कि वह आतंकवाद के खिलाफ अपनी नीति को और सख्त करे और उन सभी ताकतों को करारा जवाब दे जो भारत की शांति और समृद्धि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रही हैं।

# भीषण आतंकी हमले में शहीद हुए पर्यटकों को जनपद पंचायत समनापुर ने दी श्रद्धांजलि



**जागरण डिंडोरी।** को जम्मू-कश्मीर के पर्यटन स्थल पहलगाम स्थित बैसारन घाटी में हुए भीषण आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इस नृशंस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की मौत हो गई, जिसे 2019 के पुलवामा हमले के बाद का सबसे बड़ा आतंकी हमला माना जा रहा है। देशभर में इस हृदयविदारक घटना को लेकर शोक की लहर है। इस दुखद घटना पर जनपद पंचायत समनापुर ने गहरी संवेदना व्यक्त की और मृतकों की आत्मा की शांति के लिए मंगलवार दोपहर को जनपद कार्यालय परिसर में एक शोकसभा आयोजित की। इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पंवती कुशराम ने की। उनके साथ जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सी. पी. साकेत, जनपद सदस्य श्री राहुल पाण्डे, श्री शिवराम राजपूत, श्री अयोध्या प्रसाद राठौर, महिला एवं बाल विकास अधिकारी सहित समस्त जनपद सदस्य, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। शोकसभा में वक्ताओं ने इस कायरतापूर्ण हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आतंकवाद के खिलाफ देश को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। जनपद अध्यक्ष श्रीमती कुशराम ने कहा कि इस दुःख की घड़ी में पूरा देश शहीद हुए पर्यटकों के परिजनों के साथ खड़ा है। उन्होंने शांति, सौहार्द और राष्ट्रीय एकता के लिए सभी से एकजुट रहने की अपील की। सभा के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने शांति और मानवता के पक्ष में एकजुटता का संकल्प लिया। यह शोकसभा न केवल श्रद्धांजलि का प्रतीक रही, बल्कि एक संदेश भी दिया कि आतंक की काली ताकतें भारत की एकता और अखंडता को तोड़ नहीं सकतीं।

# प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए कड़ी मेहनत करें : सोमेश मिश्रा



**जागरण मंडला।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने कहा कि विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता के लिए लगातार तैयारी करनी चाहिए। इनमें सफल होने के लिए कड़ी मेहनत आवश्यक है। 4 मई को होने वाली परीक्षा के मद्देनजर आपका एक-एक दिन कीमती है, इस समय को रिवीजन में लगाएं जिससे आपकी तैयारी अच्छी हो सके। कलेक्टर श्री मिश्रा ज्ञानार्जन 2.0 अंतर्गत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे जीव विज्ञान संकाय के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में संबोधित कर रहे थे। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि 9वी से 12वी तक की पढ़ाई आपके कैरियर की दिशा तय करती है, यहीं से आप तय करते हैं कि आप किस क्षेत्र में आगे जाना चाहते हैं। आज के समय में प्रतियोगी परीक्षाओं में स्पर्धा बहुत कड़ी हो गई है। तैयारी के दौरान आपको डिस्ट्रक्शन बार-बार आएगा लेकिन आपको इसे मैनेज करना है। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में कभी-कभी एक बार में सफलता नहीं मिलती तब आपको निराश नहीं होना है और दुगुनी तैयारी के साथ अगली बार पुनः परीक्षा में सम्मिलित होना है, इसलिए किसी भी परीक्षा को अंतिम परीक्षा न समझें। चिकित्सा के क्षेत्र में हमारे देश में पर्याप्त संभावनाएं हैं, आप सभी अच्छी तैयारी के साथ आने वाली प्रतियोगी परीक्षा में शामिल हों और ज्यादा से ज्यादा संख्या में चयनित होकर माता-पिता एवं अपने गुरूजनों को गौरवान्वित होने का अवसर दें। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने उपस्थित विद्यार्थियों से कहा कि 4 मई को होने वाली परीक्षा के लिए आगामी 27 अप्रैल को मॉकटेस्ट लिया जायेगा। इसके अलावा 1 एवं 2 मई को परीक्षा भी ली जाएगी। आप सभी इसके लिए अच्छी तैयारियां करें। जिन विषयों में आपको डाऊट्स हैं उन्हें शिक्षकों के साथ चर्चा कर क्लीयर करें। कार्यक्रम में जेईई मेन्स में सफल हुए 2 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उत्कृष्ट विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती कल्पना नामदेव, सहायक संचालक आदिवासी विकास श्री रंजीत गुप्ता, बोर्ड परीक्षा प्रभारी श्री महेन्द्र श्रीवास उपस्थित रहे।

# औषधीय पौधों की वैज्ञानिक खेती, विपणन, भंडारण संबंधी दो दिवसीय देवारण्य प्रशिक्षण संपन्न

**जागरण मंडला।** राज्य औषधी पादक बोर्ड भोपाल के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में आयुष विभाग मंडला के तत्वाधान में देवारण्य योजना अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 22 से 23 अप्रैल 2025 तक किया गया। इस कार्यक्रम में किसानों को एक जिला एक उत्पाद के माध्यम से तुलसी की वैज्ञानिक खेती विपणन भंडारण तथा जलवायु अनुकूल खेती संबंधी जानकारी प्रदान किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन जिला आयुष अधिकारी डॉ. गायत्री अहाके ने किया, उनके द्वारा देवारण्य योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए योजना के उद्देश्य, लाभ एवं तुलसी को एक जिला एक औषधि पौधे के रुप में बताया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र मंडला के कृषि वैज्ञानिक डॉ. के.वी. सहारे, पी.ओ. मनरेगा श्रीमति रितु तिवारी, उद्यानिकी से श्री मोहन सिंह मरावी, एन.आर.एल.एम. जिला प्रबंधक श्रीमति ममता अर्सिया, अंकिता मरावी, ग्राम सेवा ट्रस्ट श्री चंद्रहास पटैल, श्री योगेन्द्र प्रसाद, श्री रंजीत कछवाहा एवं आयुष विभाग अंतर्गत ब्लॉक स्तर में बनाये गये सभी नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।



संस्थापक ▶ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## रिश्तों के बीच संतुलन साधने भारत आए जेडी वेंस

भारत न केवल अमेरिका के लिए बड़ा बाजार, बल्कि बड़ा व्यापारिक साझीदार भी है। अमेरिका के पारस्परिक शुल्क थोपने से भारत के कृषि, प्रसंस्कृत खाद्य, वाहनों के पुर्जे, उच्च-स्तरीय मशीनरी, चिकित्सा उपकरण और आभूषण के क्षेत्र में बड़ा झटका लगने की आशंका बढ़ गई थी, तो अमेरिका के लिए दवा, आभूषण आदि क्षेत्रों में बड़े नुकसान का कयास है।

> अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब पारस्परिक शुल्क को लेकर दुनिया भर में अमेरिका के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं।

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा ऐसे समय में हुई है, जब पारस्परिक शुल्क को लेकर दुनिया भर में अमेरिका के खिलाफ आवाजें उठ रही हैं। चीन के साथ अमेरिका की तनातनी दिनोंदिन तल्ख होती गई है। भारत में भी अमेरिका के साथ बिगड़ते संबंधों के कयास लगाए जाने लगे थे। मगर जेडी वेंस के साथ बातचीत से द्विपक्षीय व्यापार, शुल्क, क्षेत्रीय सुरक्षा, रणनीतिक और प्रतिरक्षा सहयोग पर कई तरह की आशंकाएं दूर होने की उम्मीद जगी है।

इससे यह भी भरोसा बढ़ा है कि आने वाले समय में अमेरिका के साथ भारत के संबंध प्रगाढ़ रहने वाले हैं। हालांकि अमेरिकी प्रशासन के पारस्परिक शुल्क लगाने के फैसले पर भारत ने कभी कोई तीखी टिप्पणी नहीं की। उसने अमेरिकी मंशा के अनुरूप कई चीजों पर शुल्क घटा भी दिए थे।

फरवरी में प्रधानमंत्री, ट्रंप से मुलाकात के लिए अमेरिका गए थे, तभी उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार समझौते की पेशकश की थी, जिसे अमेरिका ने सहर्ष स्वीकार कर लिया था। दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को पांच सौ अरब डालर तक पहुंचाने का संकल्प लिया है। फिलहाल दोनों के बीच व्यापार एक सौ नब्बे अरब डालर है। गौरतलब है कि भारत और अमेरिका अब द्विपक्षीय व्यापार समझौता करने के लिए बातचीत कर रहे हैं, जिसमें शुल्क और बाजार पहुंच सहित कई मुद्दों के हल की उम्मीद है।

चीन ने एशिया प्रशांत क्षेत्र में अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। ऐसे में न केवल उन देशों के सामने शुल्क दरें बढ़ने से व्यापारिक गतिविधियों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की चिंता बढ़ गई है, भारत ने शुरू से अमेरिका के साथ अपने संबंधों में किसी तरह की ठंडक नहीं आने दी है। इस तरह वेंस की भारत यात्रा का आधार पहले से तैयार था और उसी के अनुरूप उन्होंने बातचीत को आगे बढ़ाया है।

इसलिए वेंस की यात्रा दोनों देशों की जरूरतों के मद्देनजर हुई है। अब यह अमेरिका पर है कि वह किस तरह भारत सहित दूसरे देशों के साथ अपनी शुल्क नीति में संतुलन साधने का प्रयास करता है।

भारत की चिंताएं व्यापार के अलावा दूसरी भी हैं, जिनमें वहां रह रहे भारतीय मूल के लोगों की सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार वीजा में सहूलियतें बढ़ना भी शामिल है। वेंस की यात्रा से संबंधों में संतुलन बनना शुरू हो गया है।

प्रसंगवश

## ऐसी कोशिशों से बचना चाहिए जो समाज में विभाजन पैदा करें

अजीत सिंह

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम के बैसरण नामक पर्यटन स्थल पर मंगलवार को आतंकियों ने पर्यटकों पर अंधाधुंध फायरिंग की। दो विदेशी नागरिकों समेत 26 पर्यटक मारे गये और करीब 20 से अधिक लोग घायल हो गये। दहशतगर्दों की इस कायराना कार्रवाई को कुछ लोग हिंदू-मुसलमान का रंग देने की भरपूर कोशिश कर रहे हैं इसलिए इस बात को हाईलाइट कर रहे हैं कि आतंकियों ने धर्म पूछकर गोली मारी। यह एक स्थापित सच्चाई है कि किसी भी घटना को सांप्रदायिक रंग देना समाज के लिए हानिकारक ही होता है। इस त्रासदी के बाद कई महत्वपूर्ण सवाल उठते हैं जिन पर ध्यान देना ज्यादा जरूरी है, बजाय इसके कि इसे धार्मिक रंग दिया जाए।

> इस घटना को हिंदू-मुसलमान के चश्मे से देखना न केवल पीड़ितों के प्रति असंवेदनशीलता है, बल्कि आतंकियों के नापाक इरादों को भी सफल बनाने में मदद करता है। हमें इस बात को समझना होगा कि आतंकवाद मानवता के खिलाफ है

सबसे पहली और अहम बात यह है कि इतनी बड़ी आतंकी वारदात कैसे हो गई और हमारी खुफिया एजेंसियों को इसकी भनक तक नहीं लग पाई? यह एक गंभीर सवाल है जो हमारी सुरक्षा व्यवस्था और खुफिया तंत्र की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिह्न लगाता है। क्या खुफिया एजेंसियों के पास आतंकियों की गतिविधियों से संबंधित कोई जानकारी नहीं थी? यदि थी, तो उसे गंभीरता से क्यों नहीं लिया गया? इस चूक की जिम्मेदारी कौन लेगा?

दूसरा महत्वपूर्ण पहलू घटनास्थल पर सुरक्षा व्यवस्था का है। बैसरण, पहलगाम का एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है, जहां अक्सर पर्यटकों की भीड़ रहती है। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था क्यों नहीं थी? क्या पर्यटकों की सुरक्षा को लेकर कोई लापरवाही बरती गई? यदि सुरक्षा के इंतजाम नाकाफी थे, तो इसके लिए कौन जिम्मेदार है? भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए क्या कदम उठाए जाने चाहिए?

यह भी ध्यान देने योग्य है कि मृतकों और घायलों में विभिन्न धर्मों और राष्ट्रीयताओं के लोग शामिल हैं। आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता और आतंकियों का मकसद सिर्फ दहशत फैलाना होता है। ऐसे में इस घटना को हिंदू-मुसलमान के चश्मे से देखना न केवल पीड़ितों के प्रति असंवेदनशीलता है, बल्कि आतंकियों के नापाक इरादों को भी सफल बनाने में मदद करता है। हमें इस बात को समझना होगा कि आतंकवाद मानवता के खिलाफ है और इसका मुकाबला एकजुट होकर ही किया जा सकता है। कुछ लोग तर्क दे रहे हैं कि आतंकियों ने धर्म पूछकर गोली मारी, इसलिए इसे सांप्रदायिक रंग देना गलत नहीं है। हालांकि, इस दावे की पुष्टि आधिकारिक तौर पर नहीं हुई है। यदि ऐसा हुआ भी है, तो भी यह आतंकियों की घृणित मानसिकता को दर्शाता है, न कि किसी विशेष समुदाय के लोगों को लक्षित करने की रणनीति को।



# ज्ञान वही जो निरभिमान बना दे...



सद्ज्ञान कहीं से भी मिले उसे प्राप्त करने में ही मनुष्य का कल्याण है... भगवान दत्तात्रेय ने चौबीस गुरु इसी यत्र-तत्र-सर्वत्र बिखरे हुए ज्ञान प्राप्ति की लालसा में बनाये थे... कहते हैं मनुष्य को पशु-पक्षियों तक के आचरण से ज्ञान सीखने का प्रयास करना चाहिए...

किन्तु क्या ऐसा हो पाता है...? इंसान की तृष्णा... मनुष्य का गर्व... आदमी का अहंकार... क्या उसे कभी निश्छल मन और निर्मल बुद्धि से... सृष्टि में सर्वत्र बिखरे हुए श्रेष्ठ ज्ञान को ग्रहण करने देता है...? मुझे एक कथानक स्मरण आता है कि...

एक बड़ा सामंत था... उसे एक दिन मालूम पड़ा कि उसके प्रान्त में एक बड़ा ज्ञानवान तपस्वी आया हुआ है... दरबारियों ने सलाह दी उसके दर्शन जरूर करो कुछ ज्ञान ही मिलेगा...

सामन्त दो-चार अनुचरों को लेकर... रथ दौड़ाता हुआ घोर जंगल में उस महात्मा के पास पहुँचा... चार बातें हुईं... सामंत को महात्मा के उपदेश बहुत अच्छे लगे... उसके मन में भी ज्ञान प्राप्ति की लालसा जागी... सामंत ने महात्मा से कहा... मेरे गुरु बन जाइये मुझे मंत्र दीजिए... महात्मा बोले... बस इतनी सी बात... कमंडल उठाया... कहा लो सामंत हाथ में जल लो... मैं तुम्हें अभी गुरु मंत्र देता हूँ...

सामंत चौंका...उस के अहंकार ने डंक मारा अरे...! यह क्या मैं इतने विशाल प्रान्त का सामंत क्या ऐसे ही साधारण रूप से मंत्र ले लूँगा ? लोग मेरी खिल्ली नहीं उड़ायेंगे...? उन्हें कैसे मालूम पड़ेगा कि... अब श्रेष्ठ सामंत भी ज्ञान और धर्म की राह पर चल पड़ा है..? सो सामंत बोला हे तपस्वी..! आप मेरे प्रान्त की राजधानी में पधारें... मेरे राजमहल में आयें... मैं उत्सव मनाऊँ... दीपमाला सजाऊँ... नगर सजाऊँ... नात-रिश्तेदारों को... मित्रों व प्रजाजनों को आमंत्रित करूँ... आप का सम्मान कर पूजा-अर्चना करूँ... तब आप मुझे गुरु मंत्र दें ऐसी मेरी प्रार्थना है...

तपस्वी ने अपने अर्ध-मुदित नेत्र खोले... सामंत को ध्यान से देखा... बोला... अच्छा तो फिर कल आ जाऊँ तेरे राजमहल में... सामंत फिर चौंका... नहीं-नहीं इतनी जल्दी नहीं... कम से कम एक पखवाड़े का तो समय दीजिए बड़ी तैयारी करनी होगी... तपस्वी बोला... ठीक है वत्स...! अगली अमावस की रात में आऊँगा तेरी राजधानी में... तेरे महलों में... तुझे मंत्र देने...

सामंत ने महल सजाया... नगर सजाया... हजारों नागरिकों... सैकड़ों रिश्तेदारों को बुलाया और नगर की सीमा के बाहर खड़ा हो इष्टजनों के साथ महात्मा की प्रतीक्षा करने लगा... किन्तु उस महात्मा के आने पर सामंत चौंका... यह क्या...? श्वेत वस्त्र पहनने वाला महात्मा... आज उन्मत्त की भाँति काले कपड़ों में लिपटा... धूल-धूसरित... हाथ में कपाल-खप्पड़ और लाठी लिए हुए चला आ रहा है... सामंत ने सोचा क्या कहेंगे सब लोग... तुमने इस मैले-कुचैले को अपना गुरु चुना... आज क्या हो गया इस महात्मा को ... इसने कैसा भेष बना डाला... पर सामंत मुँह से कुछ नहीं बोला... हाथ जोड़कर स्वागत किया और महात्मा को राजमहल ले गया... उसे सोने-चांदी के सिंहासन पर बैठाया... और बोला... महात्मा पहले स्नान कर लें... रेशमी उजले वस्त्र धारण कर लें... गले में स्वर्ण मंडित रुद्राक्ष और सोने व मोतियों की मालाएं पहन लें... पैरों में चन्दन की खड़ाऊँ धारण कर लें... तब मुझे मंत्र दें और फिर मनचाही गुरु दक्षिणा मांगें ...




तपस्वी ठहाका लगा कर हँसा... बोला हे सामंत...! जैसी तेरी मर्जी पर एक शर्त मेरी भी है.... तू मुझे पहले मेरी मुँह मांगी गुरु दक्षिणा देगा... तब फिर मैं तुझे गुरु मंत्र दूंगा... सामंत बोला इसमें कौन सी बड़ी बात है..... आप स्नान करके आइये... पहले मैं ही गुरु दक्षिणा के ऋण से मुक्त हो जाऊँगा... तब ही आप से मंत्र ग्रहण करूँगा...

महात्मा ने नहा-धोकर धवल रेशमी वस्त्र धारण किये... और... हाथ में वही कपाल-खप्पड़ और लाठी पकड़े... सोने-चांदी के सिंहासन पर आ बैठा... सामंत ने उसे तिलक लगाकर... दीप जलाकर... रुद्राक्ष सोने- मोती और पुष्प की मालाएँ पहनाकर उसका पूजन-वंदन किया और बोला...

गुरुवर बतलाइये अपनी गुरु दक्षिणा... महात्मा फिर ठहाका लगाकर हँसा... बोला बस मेरे इस छोटे से कपाल-खप्पड़ को तू हीरे मोतियों से भर दे... सामंत भी हँसा... बस इतना सा ही... नहीं... नहीं... कुछ बड़ा बतलाइये... महात्मा बोला... सामंत पहले तू इतना तो कर दे... जब नहीं कर पायेगा तब कुछ और बतलाऊंगा....

सामंत का फिर से अहंकार जागा और उसने आदेश दिया... थाल भरकर हीरे-मोती जवाहरात लाये जायें और इस कपाल-खप्पड़ में भर दिये जायें... किन्तु यह क्या... थाल-के-थाल हीरे-मोती-जवाहरात आते गये... महात्मा के हाथों में पकड़े कपाल-खप्पड़ में पड़ते गये... पर खप्पड़ खाली का खाली रहा... सामंत पसीने-पसीने हो गया... सभी रिश्तेदारों... नागरिकों और सेना तथा कर्मचारियों के सामने अब मेरी इज्जत कैसे बचे... खजाने के सारे हीरे-मोती -जवाहरात तो खत्म हो गये... पर तपस्वी महात्मा का कपाल- खप्पड़ खाली का खाली ही रहा...

सिर झुकाकर सामंत ने कहा... गुरुवर कुछ और बतलाइये... हीरे-मोती-जवाहरात तो अब खत्म हुए... महात्मा ने फिर ठहाका लगाया... बोला कोई बात नहीं... बच्चाऽऽ मेरे कपाल-खप्पड़ को तू सोने से भर दे... सामंत बोला... आपने कृपा की सोने का तो भंडार भरा है... परन्तु फिर वही स्थिति हुई... सामंत का सारा भंडार खाली हो गया... सब सोने के आभूषण... सारी स्वर्ण मुद्राएं... सभी स्वर्ण खंड... सब के सब उस खप्पड़ में समाकर खत्म हो गये... पर खप्पड़ फिर भी खाली का खाली रहा...

सामंत फिर बोला... क्षमा करें स्वर्ण भंडार भी रिक्त हुआ अब कुछ और आज्ञा दें... महात्मा ने कहा... अब चाँदी मँगवा... सामंत की सारी चाँदी भी खप्पड़ को नहीं भर सकी... सामंत रोने लगा... पर उस अहंकारी सामंत को अपनी सार्वजनिक प्रतिष्ठा ज्यादा प्यारी थी... सो बोला कुछ और मांगो... महात्मा बोला...चल तू मुझे रेशमी वस्त्र देना चाहता था वही मंगवा... थान के थान रेशमी वस्त्र कपाल- खप्पड़ में समाकर समाप्त हो गये... पर फिर भी खप्पड़ खाली रहा... अपने गर्व पर चोट खाया सामंत रोते-रोते बोला... कुछ और माँगिये... महात्मा बोला... तू मुझे भोजन करवाना चाहता था... वही डाल दे मेरे कपाल- खप्पड़ में... सामंत ने सोचा जान बची... भोजन तो पूरे नगर के लिये बना है... उसने आँसू पोछे... बोला...! महात्मन् कम से कम अब आपकी यह इच्छा जरूर पूरी करूँगा... भोजन तो पूरे नगर के हजारों व्यक्तियों के लिए बना है... महात्मा बोला... चल फिर वही भोजन मेरे इस कपाल-खप्पड़ में डाल दे... सामंत ने ऐसा करने की आज्ञा दी... पर यह क्या... हजारों व्यक्तियों के लिए बना भोजन... कपाल-खप्पड़ में समा गया...

पर वह खप्पड़ खाली का खाली रहा... सामंत रोता- रोता महात्मा के चरणों में लोट गया... बोला... गुरुवर मैं हारा आप जीते... अब मेरा सोना- चांदी-रत्न-आभूषण-वस्त्र... भोजन... अन्न भंडार सब समाप्त हुआ... अब मेरे पास ऐसा कुछ भी नहीं जिस पर मैं गर्व करूँ... मेरा सारा मान-अभिमान... आप के इस कपाल-खप्पड़ में समा गया... अब तो आप कृपा कर मुझे मंत्र दान करो... महात्मा ने प्यार से सामंत के सिर पर हाथ फेर कर मंत्र दिया

**'स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य सिद्धिं विन्दति मानवः'**... अर्थात् 'जब मानव अपनी स्थिति में... अपना कर्तव्य... निष्काम और निरहंकार बुद्धि से...सब गर्व छोड़कर करता है... तो वही भगवत पूजा होती है...'

महात्मा ने सामंत को ज्ञान देते हुए बतलाया... कि.... हे सामंत.... मैंने तेरे अन्दर के अहंकार को उसी क्षण समझ लिया था... जब तूने एकांत जंगल में हाथ में जल लेकर मंत्र दीक्षा लेने से इंकार करते हुए... मुझे अपनी राजधानी में बुलाकर अपने वैभव और समर्थता का प्रदर्शन करना चाहा...

तभी से मुझे यह चिन्ता थी कि तेरा यह गर्व कैसे दूर करूँ.... बड़ा सामंत है... धन-सम्पदा-सैन्य-अन्न-वस्त्र का भंडार तो तेरे पास होगा ही होगा... तब तेरा यह गर्व कैसे दूर हो... इसके लिए मैं बराबर भगवान से प्रार्थना करता रहा कि... परमात्मा तुम्हारे गर्व को दूर करने का उपाय करें... तभी जब मैं तुम्हारी राजधानी की ओर आ रहा था... तब रास्ते में मुझे एक श्मशान घाट मिला... वहाँ पड़ी इंसान की खोपड़ी से मैं अंधेरी रात में टकराकर गिर पड़ा... और तभी अचानक... ईश्वर ने मुझे प्रेरणा दी ...

सारा अहंकार... सारी लालच... सारे का सारा स्वार्थ... आदमी की इसी खोपड़ी में ही तो समाया रहता है... कभी न पूरा होने वाला अतृप्त लालच... इसी इंसान की खोपड़ी में ही तो जन्म लेता है... आजीवन मनुष्य अहंकार लालच और भय के वशीभूत होकर ही तो सारे कर्म करता है... बस मुझे उपाय सूझ गया... मसान में पड़ी लकड़ी से पीट-पीट कर मैंने इंसान के उस कपाल को तोड़कर... खप्पड़ बना लिया... प्रभु से प्रार्थना की... जब तक सामंत का गर्व और लोभ दूर न हो जाये... तब तक यह कपाल-खप्पड़ रिक्त ही रहे... अपूर्ण रहे... भरे नहीं...

मृत्यु के बाद भी... इंसान की खोपड़ी में समाये रहने वाले.... लालच और स्वार्थ का प्रतीक स्वरूप यह खप्पड़ बना... मसान की उसी लकड़ी को टेकते-टेकते कपाल-खप्पड़ हाथ में लिये... चिता की राख से काले हुए कपड़ों में लपटा... मैं तेरे द्वार पर आ पहुँचा... बस इतनी ही है मेरी और मेरे इस कपाल-खप्पड़ की कहानी.....

ले सामंत... अपना सब कुछ वापस ले... कहते हुए उस महात्मा ने... कपाल-खप्पड़ को वापस उलटा पलट दिया... सामंत का उस कपाल- खप्पड़ में डाला गया... सारा सोना... रत्न-आभूषण... अन्न-वस्त्र... सब उस खप्पड़ में से यथा-स्थान वापस आ गये... सामंत से महात्मा बोला... और... गुरु दक्षिणा में... अब तू मुझे... तेरा गर्व... तेरी लालच... तेरी तृष्णा... तेरा भय दे दे... हमेशा-हमेशा के लिए....

साधु वही है... जो मनुष्य के गर्व का नाश कर दे... इंसान को निरभिमानी... निःस्वार्थ बना दे... गोस्वामी तुलसीदास भी यही कहते हैं-

**'बिसर गई सब तात पराई।**
**जब ते साधु संगत मोहि भाई।।'**

यह विचारों की मंजूषा... साधु के ही साथ सी... आपके... हमारे... सबके... जीवन को... एक नयी दृष्टि दे... एक साधु-पथ दे... हम सबको एक सर्वव्यापी कल्याण देने वाली नयी दृष्टि मिले... यही मेरी परमात्मा से प्रार्थना है-

**विराजो हे सत्य, हे सुन्दर**
**आनंदलोक में, मंगल आलोक में**
**उद्भाषित है, महागगन में तुम्हारी महिमा**
**पड़ा हुआ है तुम्हारे मणि जड़ित चरणों में विश्व-जगत**
**बहती है दिन-रात जीवन की चिरनूतन धारा**
**प्राणों को कोमल बनाती तुम्हारी भक्ति करुणा धारा**
**हरते हो बरसाकर अमित सांत्वना,**
**करते रहे ताप हरण**
**भूमास्पद तुम्हारी निर्भय शरण में**
**कैसी 'श्री' कैसी माया...**

(श्री मदनमोहन के लेखों, पुस्तकों, कविताओं की बेवसाइट)
https://adhyatmsanatandharma.com

# ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती सशक्त पंचायतों से

राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस

भारत गांवों का देश है। यहां की बहुसंख्यक आबादी आज भी गांवों में रहती है। हमारे देश के नेताओं को ग्रामीण पृष्ठभूमि का पूरा ज्ञान था इसलिए उन्होंने गांव के महत्व को समझकर ग्रामीण क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए पंचायती राज व्यवस्था की स्थापना की थी। उनको पता था कि जब तक गांव मजबूत नहीं होंगे तब तक देश मजबूत नहीं होगा। गांव को मजबूत करने के लिए यहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सबसे महत्वपूर्ण कार्य था।

आजादी के समय भारत के गांव बहुत पिछड़े हुए थे। देश के अधिकांश गांवों में मूलभूत सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं था मगर आज गांवों की व्यवस्था भी बहुत कुछ बदल गई है। आज देश के बहुत से गांव में शहरों की भांति सुविधा देखने को मिल रही है लेकिन आज भी देश में हजारों ऐसे गांव हैं जहां पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हो पाई हैं। जब तक सरकार देश के सभी गांव में समान रूप से सुविधा उपलब्ध नहीं करवा पाएगी तब तक देश विकास की दौड़ में पूरी गति से शामिल नहीं हो पाएगा। हम आज पंचायत राज दिवस मना रहे हैं। हमारे देश में 2 अक्टूबर 1959 को पहली बार पंचायत राज व्यवस्था लागू की गई थी। 1993 में त्रिस्तरीय पंचायत राज व्यवस्था को संवैधानिक दर्जा प्राप्त हुआ था।

राष्ट्रीय पंचायत राज दिवस भारत में बहुत महत्व रखता है क्योंकि यह एक संवैधानिक इकाई के रूप में पंचायत राज प्रणाली की स्थापना का प्रतीक है। पंचायत राज प्रणाली भारत की लोकतांत्रिक प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य स्थानीय स्तर पर सत्ता और संसाधनों का विकेंद्रीकरण करना और सहभागी लोकतंत्र, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास को बढ़ावा देना है। पंचायत राज प्रणाली जमीनी स्तर पर लोगों को निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में भाग लेने और उनके विकास का स्वामित्व लेने में सक्षम बनाती है, जो स्व-शासन और जवाबदेही को बढ़ावा देने में मदद करती है। भारत गांवों का देश माना जाता है और गांव के विकास में पंचायतों की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होती है। चूंकि ग्राम पंचायतों के पंच व सरपंच सीधे ग्रामीणों द्वारा चुने जाते हैं। इसलिए निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का अपने ग्राम पंचायत क्षेत्र के लोगों से सीधा संपर्क रहता है। ग्रामवासी भी अपनी समस्याएं सीधे पंचायत तक पहुंचा सकते हैं। मगर ग्राम पंचायतों की स्थापना के इतने वर्षों के बाद भी अभी तक ग्राम पंचायतें वास्तविक रूप में सशक्त नहीं हो पाई हैं। ग्राम पंचायतें पूरी तरह राज्य सरकारों पर निर्भर हैं। कहने को तो ग्राम पंचायतों को बहुत सारे अधिकार प्रदान किए गए हैं मगर आज तक भी ग्राम पंचायतें अपने अधिकारों का प्रयोग नहीं कर पाती हैं। आज भी देश की अधिकांश ग्राम पंचायतों में सरकारी अधिकारी, कर्मचारी प्रभावी रहते हैं। ग्राम पंचायतों में आरक्षण व्यवस्था लागू होने के कारण बड़ी संख्या में महिलाएं पंच, सरपंच निर्वाचित होकर आती हैं। उनमें से कई महिलाएं वास्तव में बहुत अधिक पढ़ी-लिखी होने के कारण पूरी जानकारी रखती हैं। इस कारण वह अपने अधिकारों का पूरा प्रयोग कर लेती हैं। मगर अधिकांशतः सुरक्षित क्षेत्र होने के कारण गांवों के प्रभावी नेता अपने परिवार की किसी महिला को पंच या सरपंच बनवा देते हैं, फिर उनके स्थान पर खुद नेतागिरी करते हैं। वहां की निर्वाचित महिलाएं मात्र कागजी जनप्रतिनिधि बन कर रह जाती हैं। बहुत से स्थानों पर तो महिला सरपंचों के हस्ताक्षर भी उनके स्थान पर काम करने वाले उनके परिजनों द्वारा ही कर दिए जाते हैं। ऐसी स्थिति में पंचायती राज व्यवस्था के मजबूत होने की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। सरकार बार-बार परिपत्र जारी कर सरपंच के प्रतिनिधियों को पंचायतों के कार्यों में हस्तक्षेप करने से मना करती है मगर धरातल पर सरकार के परिपत्र मात्र कागजी बन कर रह जाते हैं। देश में आज चाहे ग्राम पंचायत हो, पंचायत समिति हो या जिला परिषद् हो। जहां भी महिला जनप्रतिनिधि निर्वाचित होकर आती हैं। उनके स्थान पर उनके परिजन ही कार्य करते देखे जा सकते हैं। सभी प्रदेशों की राज्य सरकारों को कड़ाई से इस पर रोक लगानी चाहिए ताकि महिलाओं को भी अपने पद पर काम करने का मौका मिल सके।



> भारत के गांव ही देश की अर्थव्यवस्था की मुख्य धुरी हैं। इसीलिए कहा जाता है कि जब तक देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था मजबूत नहीं होगी तब तक भारत विकसित राष्ट्र नहीं बन पाएगा। गांव में सुशासन स्थापित करने के लिए ही ग्राम पंचायत की स्थापना की गई थी।

रमेश सर्राफ धमोरा

ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर देखने में आता है कि निर्वाचित पंच, सरपंच पंचायतों की बैठक में घूंघट निकाल कर बैठती हैं क्योंकि वहां उनकी ससुराल के बड़े परिजन भी बैठे होते हैं। आज देश शिक्षा के क्षेत्र में बहुत तरक्की कर रहा है। महिलाएं हर क्षेत्र में अपने काम से धूम मचा रही हैं। अब तो सेना को भी महिलाओं के लिए पूरी तरह खोल दिया गया है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों का घूंघट निकाल कर बैठना सभ्य समाज के लिए किसी दुखद घटना से कम नहीं है। सरकार को ऐसी घटनाओं पर भी सख्ती बरतनी चाहिये।

पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से महिलाओं का जीवन बहुत प्रभावित हुआ है। सही मायने में पंचायती राज ने महिलाओं को समाज का एक विशेष सदस्य बना दिया है। लाखों महिलाऐं सार्वजनिक जीवन में आयी हैं लेकिन अधिकतर निर्वाचित महिलाओं को निर्वाचक सदस्य होने के विषय में पूर्ण जानकारी भी नहीं है। अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता की कमी के कारण वह प्रभावी नहीं हो पाती हैं। उन्हें यह भी ज्ञान नहीं होता है कि वह एक कुशल प्रशासक भी हो सकती हैं। क्या ऐसी स्थिति के लिए ही पंचायत राज को मजबूती देने का निर्णय किया गया था। क्या इक्कीसवीं सदी में प्रवेश करने के बाद भी हमारे देश की महिला जनप्रतिनिधियों को घूंघट की ओट में ही जीने को विवश होना पड़ेगा। यह एक बड़ा सवाल है जिसे ना सिर्फ प्रशासनिक अधिकारियो को गंभीरता से लेना पड़ेगा बल्कि राजनेताओं व प्रशासनिक अधिकारियों को भी सरपंच पतियों के बढ़ते हस्तक्षेप पर प्रभावी अंकुश लगाना होगा। औरतों के सिर से घूंघट हटाने के लिए लड़कियों के माता-पिता को आगे आना होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### मप्र स्थापना दिवस पर होगा ड्रोन लाइट शो

**विंस भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है किमध्यप्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर एक नवम्बर को भोपाल में विरासत से विकास की थीम पर भव्य ड्रोन लाइट शो आयोजित किया जाए। प्रदेश में इसरो के समान शोध केंद्र बनाने की दिशा में भी विद्वानों और विशेषज्ञों से सलाह लेकर पहल की जाए। इससे अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे। नीमच में मध्यप्रदेश बायो-टेक्नॉलोजी पार्क की स्थापना कर इससे जुड़ा इन्क्यूवेशन सेंटर साइंस सिटी उज्जैन में बनाया जाए।यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि विभिन्न स्रोतों और प्रक्रियाओं से प्राप्त डाटा का उपयोग शोध के साथ-साथ शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन और अन्य प्रशासनिक गतिविधियों के प्रबंधन में भी हो।मुख्यमंत्री डॉ. यादवने यह निर्देश मंत्रालय में मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद की कार्यकारी समिति की बैठक में दिए। बैठक में राज्य में नवाचार, अनुसंधान एवं तकनीकी विकास को गति देने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। अपर मुख्य सचिव (मुख्यमंत्री कार्यालय) डॉ. राजेश राजौरा, परिषद के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी उपस्थित थे।

### इरिगेशन को इनोवेशन में करें सम्मिलितः सिलावट

**विसं भोपाल।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि विभाग की सिंचाई कार्ययोजना में स्मार्ट इरिगेशन इनोवेशन को प्राथमिकता से सम्मिलित करें। यह भू-जल संवर्धन की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। अटल भू-जल योजना की गाइड लाइन अनुसार सिंचाई स्त्रोतों से जल दोहन की मात्रा नियंत्रित करने और फसलों की अच्छी उत्पादकता के लिए फसल अनुसार मिट्टी में आवश्यक नमी होनी चाहिए। इसके लिए कंट्रोल्ड स्मार्ट इरिगेशन आवश्यक है। प्रदेश के निवाड़ी एवं सागर जिलों में कुछ स्थानों पर डेमो उपकरण स्थापित किए गए हैं। इसके अच्छे परिणाम सामने आये हैं।

### समय सीमा में उपलब्ध कराएं नए कनेक्शन

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के गुना, अशोकनगर एवं शिवपुरी के अभियंताओं का प्रशिक्षण कार्यक्रम गुना के वृत्त कार्यालय में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण में प्रबंध संचालक क्षितिज सिंघल ने कहा कि उपभोक्ताओं को निर्धारित समय सीमा में नए कनेक्शन उपलब्ध कराएं। विद्युत प्रणाली में ट्रिपिंग की घटनाओं का विश्लेषण कर तकनीकी रूप से प्रभावी रखरखाव करें। ट्रिपिंग कम से कम होना चाहिए। गर्मी के दौरान ज्यादातर उपकेन्द्रों में अर्थिंग की समस्या आती है, इसलिए वहां अर्थिंग को प्रभावी बनाने के लिए पानी अवश्य डलवाएं। उन्होंने सकल तकनीकी एवं वाणिज्यिक हानियों को कम करने के लिए राजस्व वसूली के साथ-साथ बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगाने की बात भी कही। उपभोक्ता सेवाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश देते हुए कहा कि गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा उपभोक्ता संतुष्टि के लिए निर्धारित रूप से कार्य करें।

### सैनिकों के कल्याण का प्रयास राष्ट्रसेवा का संकल्प

**विसं भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि तेरा वैभव अमर रहे माँ, हम दिन चार रहे न रहें, इस भावना के साथ सीमाओं की रक्षा के लिए त्याग और बलिदान देने वाले सैनिकों के कल्याण प्रयासों में सहयोग राष्ट्र सेवा का संकल्प है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 55 जिलों में से 44 जिलों में लक्ष्य से अधिक राशि का समामेलित निधि में संग्रहण हर्ष और गर्व की बात है। यह उपलब्धि, आम नागरिकों के सेना के प्रति परस्पर प्रेम और समादर का प्रतीक है। राज्यपाल समामेलित विशेष निधि में एक लाख रुपए से अधिक राशि का दान देने वाले नागरिकों, संस्थाओं और लक्ष्य से अधिक राशि संकलित करने वाले संभागीय और जिला अधिकारियों के अभिनंदन कार्यक्रम को राजभवन में संबोधित कर रहे थे।

# जांच के बीच ही अधिकारी को किया बहाल, पदस्थापना भी हुई

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पिछले साल बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 10 हाथियों की मौत के मामले में निलम्बित किए गए भारतीय वन सेवा के अधिकारी गौरव चौधरी को बहाल कर दिया गया है। हालांकि उनके खिलाफ अभी जांच पूरी नहीं हुई है और विभाग ने उन्हें अब तक क्लीन चिट भी नहीं दी है। विभाग में संभवतः यह पहला मामला है,जिसमें लंबित जांच के बीच अधिकारी को बहाल कर उनकी पदस्थापना भी कर दी गई। गौरतलब है कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व खलील रेंज में 29 अक्टूबर 2024 को सांखनी और बकेली में चार जंगली हाथी मृत पाए गए थे। इसके एक दिन बाद ही यानि कि 30 अक्टूबर को चार और एवं 31 अक्टूबर को 2 अन्य हाथियों की मौत हुई थी। इस तरह तीन दिन के अंतराल में 10 जंगली हाथियों की मौत हुई थी। सीएम डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर घटना की उच्च स्तरीय जांच कराई गई थी, जिसकी रिपोर्ट के आधार पर 3 नवम्बर 2024 को टाइगर रिजर्व में खामियों को लेकर वहां के तत्कालीन वन संरक्षक एवं रिजर्व निदेशक गौरव चौधरी और प्रभारी सहायक वन संरक्षक(एसीएफ) फतेह सिंह निनामा को निलम्बित कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार चौधरी के निलम्बन की समीक्षा हेतु 23 दिसम्बर 2024 को रिव्यू समिति ने उनका निलम्बन अवधि1 मई 2025 तक बढ़ाने की अनुशंसा की थी। बताया गया है कि समिति की 12 मार्च 2025 को एक बार फिर से बैठक हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि चौधरी के विरुद्ध प्रस्तावित विभागीय जांच में उनके द्वारा साक्ष्य प्रभावित नहीं करने की बात कहते हुए उनका निलम्बन आगे जारी नहीं करने की आवश्यकता जताई। समिति की इस अनुशंसा को आधार मानते हुए वन विभाग ने बुधवार 23 अप्रैल को उन्हें बहाल करने का आदेश जारी कर दिया। जिसमें उनकी पदस्थापना भी की गई। उन्हें वन संरक्षक वन बृत बालाघाट के पद पर पदस्थ कर दिया गया।

### बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 10 हाथियों की हुई थी मौत




**आदेश में ही कंफ्यूजनः** विभाग द्वारा जो आदेश जारी किया गया है, उसमें स्पष्ट तौर पर लिखा गया है कि गौरव चौधरी का निलम्बन 1 मई 2025 तक बढ़ाया गया है। लेकिन विभाग ने जल्दबाजी दिखाते हुए अपने ही आदेश के विपरीत गौरव चौधरी को न केवल बहाल कर दिया, बल्कि उनकी पदस्थापना भी कर दी। ऐसे में विभाग का आदेश ही स्पष्ट नहीं हो रहा है।

### निनामा को मिली क्लीन चिट

इसी प्रकरण में निलम्बित किए गए सहायक वन संरक्षक फते सिंह निनामा का भी विभाग ने निलंबन समाप्त कर दिया है। उन्हें उप वनमण्डाधिकारी शाजापुर (सा.) के पद पर पदस्थ किया गया है। जानकारी के अनुसार इस संबंध में निनामा द्वारा प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन वल प्रमुख को अभ्यावेदन दिया गया था। जिसमें प्रधानमुख्य वन संरक्षक के अभिमत के आधार पर उन्हें बहाल किया गया है। अभिमत में कहा गया है कि निनामा से जुड़े प्रकरण में समस्त प्रकार की प्रारंभिक जांच पूर्ण की जा चुकी है एवं निनामा द्वारा किसी भी प्रकार से जांच को प्रभावित करने की स्थिति नहीं है। ऐसे में निनामा को बहाल किया जाता है।

### यह निर्णय विभाग में नजीर बना

विभागीय जानकारों का कहना है कि राज्य शासन द्वारा गौरव चौधरी को बिना जांच पूरी हुए बहाल करना और उनकी बेहतर पोस्टिंग करना संभवतः पहली बार हुआ है और यह विभाग की नजीर बनने जैसा है। जिस घटना क्रम में दस हाथियों की मौत हुई हो और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मामले की संवेदनशीलता समझते हुए स्वयं एक्शन लेने के निर्देश दिए हो। उस पर बिना जांच पूरी हुए संबंधित अधिकारी पर मेहरबानी को लेकर सवाल खड़े हो रहे है। जानकारों का मानना है कि इस निर्णय का लाभ भविष्य में दूसरे दूसरे अधिकारियों को भी मिल सकता है। जिससे लापरवाह अधिकारी अपनी मनमानी करते रहेंगे।

### सीएम ने स्वयं लिया था संज्ञान

बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में हाथियों की मौत के मामले को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने स्वयं संज्ञान में लिया था और रात्रि में ही आपात बैठक बुलाई थी। बैठक के उपरांत वन राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार,एसीएस अशोक वर्णवाल और वन बल प्रमुख असीम श्रीवास्तव की टीम के टाइगर रिजर्व भेजा गया था। हाथियों के पोस्टमार्टम में प्रथम दृष्टया विषाक्त पदार्थो खाने की बात सामने आई थी।

# पहलगाम घटना से प्रदेश में चारों तरफ आक्रोश, सड़क पर उतरे भाजपा-कांग्रेस

## आमजन और राजनीतिक दलों ने आतंकवाद के खिलाफ किया प्रदर्शन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पहलगाम घटना को लेकर पूरा मध्यप्रदेश आक्रोशित है। बुधवार को राजधानी भोपाल सहित पूरे प्रदेश में आमजन और राजनैतिक दलों ने आतंकवाद के खिलाफ प्रदर्शन किया। मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के अध्यक्ष सनवर पटेल के नेतृत्व में वोर्ड परिसर में पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला फूंका गया। यहां से मुस्लिम समाज के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर राष्ट्रपति के नाम का ज्ञापन सौंपा। पटेल ने कहा कि कश्मीर में कायरता पूर्ण आतंकवादी हमले को मध्यप्रदेश का मुस्लिम समाज बर्दाश्त नहीं करेगा। इसी तरह जय हिंद सेना ने भारत माता चौराहे पर प्रदर्शन कर पाकिस्तान का पुतला फूंका। इधर भोपाल के चार बत्ती चौराहे पर कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद की अगुवाई में प्रदर्शन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं और बच्चियां भी मौजूद थीं। प्रदर्शन के दौरान आतंकवाद मुर्दाबाद मोदी जी 56 इंच का सीना दिखाना होगा के नारे लगाए गए। इस मौके पर मसूद ने कहा कि पहलगाम की घटना देशभर के लिए गमगीन पैगाम है। देश को यह दिन देखना पड़ेगा ऐसा हमने सोचा नहीं था। आज पूरा देश केवल एक मांग कर रहा है कि सरकार आगे बढ़े और कार्रवाई करे। उन्होंने कहा कि पुलवामा के समय निष्पक्ष जांच हो गई होती तो यह घटना नहीं होती। पूरे देश को एक साथ खड़े होकर नफरत के खिलाफ आतंकवाद के खिलाफ ताकत से लड़ना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 56 इंच छाती की बात कही थी। हम आपके साथ खड़े हैं, 56 इंच का छाती दिखाइए। इधर, भोपाल में भारत माता चौराहे पर जय हिंद सेना ने प्रदर्शन किया। न्यू मार्केट व्यापार संरक्षण समिति के बैनर तले टॉप एन टाउन चौराहे पर व्यापारियों ने श्रद्धांजलि सभा आयोजित की।


न्यू मार्केट व्यापारी संघ ने कैंडल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

### ये आग तुम्हारे घरों तक जाएगीः शर्मा

घटना की निंदा करते हुए भाजपा विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि हम अपने नागरिकों का बदला लेंगे। आतंकवादी कान खोलकर सुन लें, शांति में अगर आग लगाई है, तो आंच तुम्हारे घरों तक जरूर जाएगी। यह शांति का टापू कश्मीर केसर की क्यारी है । उन्होंने कहा कि यदि मुगालता होगा तो वह दूर कर लेना, भारत रात 12 बजे भी बदला लेना जानता है। पूर्व मंत्री ऊषा ठाकुर ने पहलगाम हमले की निंदा करते हुए कहा कि राष्ट्र भक्त शीर्ष नेतृत्व की सरकार इस पर कड़ा एक्शन लेगी।

### पहलगाम घटना से देश दुखी, पूर्व मंत्री जन्मदिन के जश्न में डूबीं

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** पहलगाम घटना से जब पूरा देश दुखी है, तब छतरपुर की भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री ललिता यादव अपने जन्मदिन के जश्न में डूबी रहीं। बड़े-बड़े डीजे देर रात तक जन्मदिन से जुड़े गाने बजाते रहे। हैरानी की बात तो यह है कि इस जश्न में कई नेता और प्रशासनिक अधिकारी भी शामिल हुए। गौरतलब है कि मंगलवार को एक आंतकी हमले में कई लोगों की जान जाने की खबर सामने आई। जिसमें मध्यप्रदेश के भी लोग शामिल है। इस घटना से पूरा देश स्तब्ध हो गया और देश दुःख के शाये में डूब गया, लेकिन इसी दिन छतरपुर की भाजपा विधायक ललिता यादव अपने जन्मदिन के जश्न में डूबी दिखाई दीं। इस आयोजन को लेकर उनकी वीडियो वायरल हो रहा है, जिसे लेकर लोग अपने-अपने तरह से प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे हैं। बताया गया है कि मंगलवार को पूर्व मंत्री यादव के जन्म दिन को समारोह पूर्वक मनाने के लिए उनके छतरपुर स्थित निजी निवास पर बड़े-बड़े टेंट लगाए गए और डीजे और ढोल-नगाड़े देर रात तक बजते रहे। जानकारों की मानें रात 1 बजे आयोजन स्थल पर दर्जनों केक काटे गए। भाजपा के नेता और व्यापारी भी उन्हें बधाई देने पहुंचे, तो कई अपने साथ केक भी ले गए। इस आयोजन में पुलिस के कई अधिकारी भी वर्दी पहने नजर आए।

### संघ की शाखाओं में अपनापन महसूस करते थे बाबा साहब

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर संघ की शाखाओं में अपनापन महसूस करते थे। बाबा साहब अंबेडकर ने जब नेहरू मंत्रिमंडल से इस्तीफा दिया, तो अपने इस्तीफे की वजहें भी लिखी थीं। लेकिन उस पत्र को गायब कर दिया गया। मेघवाल बुधवार को जेके हॉस्टिपटल में आयोजित संविधान निर्माता भारत रत्न 'बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर एक विचार 'विषय पर संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में बाबा साहब पुणे के भावे स्कूल और अन्य स्कूलों में लगने वाली संघ की शाखाओं में भी जाते थे। एक बार तो ऐसा हुआ कि जब डॉ. हेडगेवार के स्थान पर बाबा साहब ने बौद्धिक भी दिया। बाबा साहब एक बहुआयामी, विशाल व्यक्तित्व वाले राष्ट्रपुरुष थे। उनके व्यक्तित्व को कम करके नहीं आंका जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बाबा साहब की 75वीं जयंती पर कांग्रेस का राज था, लेकिन कांग्रेस ने बाबा साहब के नाम पर कोई बड़ा काम नहीं किया। केवल एक डाक टिकट जारी किया गया। बाबा साहब की 100वीं जयंती पर वीपी सिंह प्रधानमंत्री थे और भारतीय जनता पार्टी सरकार को बाहर से समर्थन दे रही थी। उस समय बाबा साहब अंबेडकर जी को भारत रत्न दिया गया। इस मौके पर प्रज्ञा प्रवाह के अखिल भारतीय टोली के सदस्य डॉ. सदानंद दामोदर सप्रे ने कहा कि बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर विकसित भारत के लिए कार्य कर रहे थे। बाबा साहब ने हर वर्ग के कल्याण और सामाजिक समरसता के लिए कार्य किया। श्रमिकों को आठ घंटे के कार्य का नियम बाबा साहब के प्रयासों से शुरू हुआ। डॉ. बाबा साहब को मानने वाले बहुत लोग हैं।

**अंबेडकर एक विचार विषय पर संगोष्ठी को मेघवाल ने किया संबोधित**

# जनपोषण केंद्र के रूप में विकसित होंगी राशन दुकानें

## सीएम ने समीक्षा के दौरान अधिकारियों की जिम्मेदारी की तय



**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश में सरकारी राशन की दुकानों को जन पोषण केन्द्र के रूप में विकसित किया जाएगा। पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर इंदौर जिले की 30 दुकानों को जनपोषण केन्द्र बनाया गया है। बुधवार को इन केन्द्रों को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पात्र हितग्राहियों को नियमित समय पर गुणवत्ता पूर्ण राशन नहीं मिलने के लिए अधिकारी जिम्मेदार होंगे। मुख्यमंत्री खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता अधिकार संरक्षण विभाग की समीक्षा बैठक ले रहे थे। उन्हें बताया कि जन पोषण केंद्र के रूप में विभाग द्वारा एक नवाचार किया जा रहा है। इसमें केन्द्र सरकार के सहयोग से पॉयलेट प्रोजेक्ट के रूप में इंदौर जिले की 30 शासकीय उचित मूल्य दुकानों को जन पोषण केंद्र बनाया गया है। इन उचित मूल्य दुकानों द्वारा स्वयं के वित्तीय साधनों से व्यवस्था की गई है। विभाग द्वारा उज्जैन एवं सागर जिले की 15-15 दुकानों को भी जन पोषण केंद्र बनाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। बैठक में सीएम ने कहा कि प्रदेश में अब राशनकार्डधारकों को समय और गुणवत्ता पूर्ण राशन सामग्री नहीं मिलने पर विभाग के अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके लिए सभी जिलों के कलेक्टर को निर्देशित किया जाएगा। हालांकि यह लाभ उन्हीं राशनकार्डधारियों को मिलेगा,जिनके ई-केबाईसी की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को राशन पाने में किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। सार्वजनिक खाद्यान्न वितरण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाने के लिए व्यवस्थाओं को बेहतर और त्रुटिरहित बनाया जाए,ताकि कोई भी पात्र लाभार्थी राशन पाने से वंचित न रहे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनहित से जुड़ी सभी योजनाएं, विशेषकर खाद्यान्न वितरण, उज्जवला गैस योजना की सब्सिडी वितरण और घर-घर घरेलू गैस पाइप लाइन डालने का काम पूरी तत्परता और संवेदनशीलता के साथ किये जाएं, ताकि प्रदेश के नागरिकों को सरकार की सुविधाओं का भरपूर लाभ मिल सके।

### पूर्व लोकसभा अध्यक्ष का बेटा बन रुपए ट्रांसफर करने की कोशिश

**जागरण, इंदौर।** पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के बेटे मिलिंद महाजन की मिडवेस्ट ऑटो मोबाइल कंपनी के साथ ठगी का मामला सामने आया है। इसमें आरोपी ने खुद को लोकसभा अध्यक्ष का बेटा बताकर फर्जी डॉक्यूमेंट तैयार कर बैंक में मेल किए और अकाउंट से लाखों रुपए अन्य खातों में ट्रांसफर करने को कहा। मामले में शिकायत के बाद क्राइम ब्रांच ने केस रजिस्टर्ड किया है। मिडवेस्ट ऑटो मोबाइल कंपनी के एचआर अभिषेक शर्मा क्राइम ब्रांच पहुंचे। उन्होंने बताया कि कंपनी का अकाउंट एसबीआई ब्रांच साजन नगर में है। ब्रांच मैनेजर को सोमवार को दो बार कॉल आया। बात करने वाला खुद को मिलिंद महाजन बता रहा था और दो अकाउंट में 18 लाख से ज्यादा राशि ट्रांसफर करने को कह रहा था। उसने मिडवेस्ट ऑटो मोबाइल की फर्जी ईमेल आईडी बनाई और मिलिंद के नाम से एक लेटर भी भेजा है। इसमें लिखा मोबाइल नंबर मिलिंद महाजन का नहीं है। मोबाइल नंबर अलग होने के कारण बैंक मैनेजर को शक हुआ और उन्होंने कंपनी में फोन कर पूरी बात बताई। इसके बाद ईमेल आईडी भी कंपनी की नहीं होने की जानकारी लगी। वॉटर कंपनी के नाम से ली डिटेलः कुछ दिन पहले दो लोडिंग गाड़ियां लेने के लिए मिलिंद महाजन की कंपनी में एक वॉटर कंपनी से कॉल आया, जिसने लेटरहेड पर दो लोडिंग गाड़ियों के कोटेशन और कई अन्य डॉक्यूमेंट मांगे थे। इन दस्तावेजों पर मिलिंद के हस्ताक्षर भी हैं।

### पैरामेडिकल छात्रों को परीक्षा में शामिल करें

**जबलपुर।** हाईकोर्ट के जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने पैरामेडिकल छात्रों को परीक्षा में शामिल करने के निर्देश दिये हैं। मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर को तत्काल प्रवेश पत्र जारी करने कहा गया है। याचिकाकर्ता मंदसौर के साईं नाथ पैरामेडिकल कालेज मां पीताम्बरा पैरामेडिकल कालेज व राधा देवी कालेज के संचालकों की ओर से अधिवक्ता आकाश सिंघई ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मेडिकल विश्वविद्यालय ने आनलाइन फार्म भरने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल 2025 रखी थी। मेडिकल विश्वविद्यालय ने पोर्टल ही नहीं खोला, जिस कारण छात्र आवेदन नहीं कर पाये, मामले की सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने विश्वविद्यालय को छात्रों को प्रवेश पत्र जारी कर उन्हें परीक्षा में शामिल कराने के राहतकारी निर्देश दिये है।

### उत्कृष्टता पुरस्कार प्राप्त टीम मिली मुख्यमंत्री से

**विसं, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से प्रमुख सचिव राजस्व विवेक पोरवाल के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम ने मंत्रालय में मुलाकात की। साइबर तहसील की पहल के लिए इस टीम को 21 अप्रैल?2025 को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित सिविल सेवा दिवस पर साइबर तहसील की पहल के लिए नवाचारी श्रेणी के अंतर्गत प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार- 2023 से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग की टीम को बधाई देते हुए कहा कि विभाग की यह पहल सराहनीय है। अब तक लगभग 1.5 लाख प्रकरणों का साइबर तहसील के माध्यम से निराकरण बड़ी उपलब्धि है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### हर कार्रवाई को विपक्ष..

सिंधु जल समझौता स्थगित करने को पाकिस्तान ने सही कदम नहीं बताया है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज शरीफ ने गुरुवार को कहा कि यह पाबंदी सही नहीं है। बैठक के बाद उन्होंने कहा कि यह युद्ध जैसी स्थिति है और पाकिस्तान अपनी रक्षा के लिए सभी कदम उठाएगा। उन्होंने कहा कि हमें बातचीत से मसले हल करने चाहिए। उन्होंने कहा कि सिंधु जल समझौता केवल भारत और पाकिस्तान के बीच का मामला नहीं है, इसमें दुनिया की तमाम संस्थाएं जुड़ी हुई हैं।
पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में भारतीय हाई कमीशन के बाहर भीड़ ने जमकर हंगामा किया, कुछ लोगों ने गेट फांदने की भी कोशिश की और भारत विरोधी नारे लगाए। आरोप लग रहे हैं कि पाकिस्तान ने जानबूझकर भारतीय हाई कमीशन के बाहर से सुरक्षा हटा ली है।

### ईडी कोर्ट ने खारिज...

याचिकाओं का विरोध करते हुए अपने तर्क अदालत में रखे थे। कोर्ट ने इस केस में फरार प्यारेलाल केवट की उपस्थिति और आरोप पत्र को लेकर अगली सुनवाई 5 मई को तय की है। कोर्ट में सौरभ की तरफ से अधिवक्ता दीपेश जोशी ने कोर्ट को बताया कि उसके खिलाफ ईडी के पास अब तक कोई सबूत नहीं है। सौरभ ने दुबई का वीजा लेने के लिए जिस कंस्ट्रक्शन कंपनी के ब्रोशर का इस्तेमाल किया था, उसी को आधार बनाकर सौरभ को दुबई में 150 करोड़ के आलीशान विला का मालिक बताया जा रहा है। इसके साथ ही कोर्ट में यह पक्ष भी रखा गया कि सोने और नकदी से भरी जिस कार को सौरभ की बताया जा रहा है, वह उसके नाम पर पंजीकृत ही नहीं है।

### मॉक ड्रिल के 7 दिन ...

बजे तक भी फैक्ट्री परिसर के अंदर से लगातार धुआं उठ रहा था। आग लगने के बाद फैक्ट्री परिसर के अंदर रह रहकर धमाके होते रहे। लोगों के अनुसार इस क्षेत्र में फैक्ट्री ऑयल टैंक रखे हुए होते हैं। संभवतः उनमें आग लगने के चलते ही धमाके हुए हैं। हालांकि जागरण से बातचीत में भेल के अधिकारियों ने इससे इंकार किया। अधिकारियों के मुताबिक आग वेस्ट मटेरियल में लगी है, जिसके चलते बार बार धमाके होते रहे। यह वेस्ट मटेरियल वृक्षारोपण क्षेत्र के बीच सुनसान इलाके में स्थित है। इसलिए आग भड़कने के बाद प्रबंधन को इसकी जानकारी नहीं मिल सकी। बाद में सूखी घास पत्तियों के चलते आग तेजी से भड़की। आगजनी की घटना वृक्षारोपण क्षेत्र में हुई और किसी भी व्यक्ति, मशीन या संपत्ति को इससे कोई नुकसान नहीं हुआ है।

बाद में भेल प्रबंधन से सूचना मिलने के बाद नगर निगम की दमकलें भी मौके की ओर रवाना हुईं, लेकिन तब तक सीआईएसएफ की टीम ने काफी हद तक आग का फैलाव रोक लिया था। एक घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम ने भी मौके पर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

वहीं आग लगने की जानकारी मिलने के बाद मंत्री विश्वास सारंग, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह और गोविंदपुरा एसडीएम रवीश श्रीवास्तव मौके पर पहुंचे और अधिकारियों को आग बुझाने को लेकर निर्देश दिए। वहीं भेल प्रबंधन के अनुसार देर शाम तक आग पर पूरी तरह से काबू पा लिया गया था। इस दौरान लगभग 30 से ज्यादा दमकलें आग बुझाने के काम में लगी रहीं, जिसमें सीआईएसएफ, नगर निगम और मंडीदीप से भी दमकलों को बुलाया गया।

**सौरभ शर्मा केस** | अब इनकम टैक्स ने की कार्रवाई, राजसात करने की तैयारी, 250 पेज का नोटिस जारी

# इनोवा कार, 52 किलो गोल्ड और 11 करोड़ 60 लाख कैश अटैच

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** लोकायुक्त, आयकर और ईडी के छापों के बाद चर्चा में आए परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा के मामले में आयकर विभाग ने बुधवार को बड़ी कार्रवाई की है। आयकर विभाग ने इसे बेनामी संपत्ति मानते हुए अटैच कर लिया है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने इस मामले की गहराई से पड़ताल के बाद सबूत जुटा लिए हैं कि भले ही इनोवा कार सौरभ के सहयोगी चेतन सिंह गौर के नाम पर रजिस्टर थी, लेकिन उसमें रखा 52 किलो सोना और 11 करोड़ 60 लाख की नकदी का मालिक सौरभ ही था। आयकर विभाग ने इसके बाद चेतन को नोटिस जारी कर तीन महीने के भीतर जवाब पेश करने को कहा है। पिछले साल 18 दिसंबर को आय से अधिक संपत्ति के मामले में सौरभ के ठिकानों पर लोकायुक्त पुलिस ने छापा मारा था। इसके अगले ही दिन 19 दिसंबर की अलसुबह आयकर विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम को भोपाल के मेंडोरा इलाके में लावारिस हालत में खड़ी एक इनोवा कार से इतनी बड़ी मात्रा में गोल्ड और कैश मिला था।





### व्हाट्सएप चैट व अकाउंट डिटेल से सुलझी गुत्थी

सौरभ को लोकायुक्त पुलिस ने अदालत में सरेंडर करने से पहले 27 जनवरी को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद से लगातार लोकायुक्त, ईडी और आयकर जैसी तीनों एजेंसियों ने लगातार सौरभ और उसके पार्टनर्स शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौर से इस बारे में पूछताछ की थी। सौरभ सभी एजेंसियों से कार में मिले सोने और नकदी को अपना मानने से इंकार करता रहा। आयकर विभाग के सूत्रों ने बताया कि इस गुत्थी को सुलझाने सबूत जुटाने में आयकर विभाग की बेनामी संपत्ति विंग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। विंग के अफसरों ने सौरभ के व्हाट्सएप चैट, बैंक खातों की डिटेल, केस से जुड़े सभी लोगों के बयानों के जरिए ये साक्ष्य जुटा लिए हैं कि कार में मिला सोना और नकदी सौरभ का ही था।

### जवाब से असंतुष्ट होने पर राजसात होगी प्रॉपर्टी

आयकर विभाग ने अटैचमेंट के बाद सौरभ को बेनामी प्रॉपर्टी एक्ट के तहत 250 पेज का नोटिस भेजा है। इसकी एक कॉपी चेतन को भी भेजी गई है। तीन माह के भीतर इसका जवाब देना है। सौरभ के जवाब के बाद एक महीने के भीतर इनकम टैक्स डिपार्टमेंट आगे का निर्णय लेगा। संतुष्ट न होने पर इनकम टैक्स अटैचमेंट जारी रखते हुए मामले को एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी के पास भेज देगा। यह एक साल की समय सीमा के भीतर इस कार, सोने और नकदी को लेकर अपना निर्णय लेगा। इस अथॉरिटी को टैक्स, नियम या कानूनी उल्लंघनों से संबंधित मामलों में निर्णय देने कोर्ट या ट्रिब्यूनल जैसी कानूनी शक्तियां हासिल हैं। एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी भी छापे में मिली कार, गोल्ड और कैश को सौरभ का ही मानेगी तो यह सरकारी संपत्ति बन जाएगी और इसकी बिक्री से आई रकम सरकार के खाते में जमा होगी।

### मामला एक, जांच एजेंसी तीन, ईडी भी कर चुकी है गोल्ड और कैश अटैच

गौरतलब है कि सौरभ शर्मा मामले की जांच तीन एजेंसियां कर रही हैं। आयकर और लोकायुक्त के अलावा ईडी भी इस मामले की छानबीन कर रही है। ईडी ने अब तक सौरभ की लगभग 100 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच की है। इसमें इनोवा के साथ गोल्ड और कैश भी शामिल है। यह कार्रवाई ईडी ने पीएमएलए एक्ट के तहत की है। जांच एजेंसियों से जुड़े सूत्रों के मुताबिक ईडी ने गोल्ड और कैश को सौरभ से जुड़ा बताने के लिए बयानों को आधार बनाया है, वहीं आयकर विभाग ने कागजी और इलेक्ट्रॉनिक पड़ताल के बाद इसका मालिकाना हक सौरभ के साथ जोड़ा है। इसके साथ ही इनोवा कार और उसमें मिला गोल्ड और कैश आयकर विभाग की कस्टडी में ही है, इस कारण इस अटैचमेंट पर आयकर विभाग का दावा ज्यादा पुख्ता होगा।

# 'हिंदुस्तान जिंदाबाद', आतंक के खिलाफ कश्मीर में 35 साल का सबसे बड़ा प्रदर्शन




**नई दिल्ली, जेएनएन।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में 27 पर्यटकों की मौत के बाद देशभर में आक्रोश है। जम्मू-कश्मीर में भी लोगों का गुस्सा दिखा। आतंक के खिलाफ 35 साल का सबसे बड़ा प्रदर्शन हुआ। पहली बार आतंकी हमले के विरोध में कश्मीर पूरी तरह बंद रहा। मस्जिदों में लाउडस्पीकरों से लोगों से बंद में शामिल होने की अपील की और लोग खुद सड़कों पर विरोध में उतरे। पहलगाम में बाजार बंद रहे। होटल व्यावसासियों ने कहा, वे पर्यटकों और उनके परिवारों के साथ हैं। प्रदर्शनकारियों ने कहा, अगर हमारी जरूरत है, तो हम पूरी तरह से सेना के साथ हैं। हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। हम अंदर से आहत हैं। हम इंसान हैं। यह सिर्फ पैसे या व्यापार की बात नहीं है। कल मारे गए 26 निर्दोष लोग सबसे बड़ी क्षति हैं।

### 'मैं भारतीय हूं' के गूंजे नारे

दुकानदारों और होटल व्यवसायियों ने बुधवार को पहलगाम में विरोध मार्च निकाला और 'हिंदुस्तान जिंदाबाद' और 'मैं भारतीय हूं' के नारे लगाए। लोगों का कहना है कि वे अभी भी वहां फंसे पर्यटकों को सहायता प्रदान करेंगे।

### आदिल के जनाजे में उमड़े लोग

पहलगाम में जान गंवाने वालों में स्थानीय सैयद आदिल हुसैन शाह को सीएम उमर अब्दुल्ला ने अंतिम श्रद्धांजलि दी। उन्होंने परिजनों को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। आदिल ने आतंकियों से बंदूक छीनने की कोशिश की थी।

### कश्मीरी ने बचाई 11 पर्यटकों की जान

पहलगाम में आतंकी हमले के वक्त छत्तीसगढ़ के चार दोस्त परिवार समेत वहां घूमने गए थे। चिरमिरी से शिवांश जैन, कुलदीप स्थापक, अरविंद्र अग्रवाल, हैप्पी बधावान पत्नी व बच्चों के साथ 18 अप्रैल को गर्मी की छुट्टियां मनाने कश्मीर गए थे। 21 अप्रैल को वे पहलगाम पहुंचे। कुलदीप की पत्नी पूर्वा स्थापक भाजपा नेता और पार्षद है। शिवांश जैन ने बताया कि अचानक फायरिंग शुरू हो गई। लोग इधर-उधर भागने लगे। उन्होंने बताया, कश्मीरी व्यापारी नजाकत अली ने सभी को सुरक्षित बाहर निकाला। नजाकत हर साल सर्दियों में चिरमिरी आकर गर्म कपड़े बेचते हैं। पर्यटक उन्हीं के साथ पहलगाम के आसपास घूम रहे थे। फायरिंग के दौरान उन्होंने सूझबूझ दिखाते हुए सभी की जान बचाई। कुलदीप स्थापक के मामा राकेश परासर ने बताया कि उनके भांजा कुलदीप स्थापक, उनकी बहू पूर्वा स्थापक और कई लोग गए थे। तीन बच्चे भी थे।

### सिंधु जल से पाक की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा बड़ा असर

पहलगाम आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने सिंधु जल समझौते को रोकने का फैसला किया है। यह कदम पाकिस्तान के लिए आर्थिक रूप से गंभीर होगा। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा कृषि पर निर्भर करता है। वह सिंधु नदी बेसिन के पानी पर निर्भर है। समझौते के तहत पाकिस्तान को सिंधु और उसकी पश्चिमी सहायक नदियों (सिंधु, झेलम और चिनाब) का पानी आवंटित किया गया है। भारत सरकार का ताजा कदम पाकिस्तान को बड़ी चोट पहुंचाएगा। जल निलंबन से भारत को इन नदियों के प्रवाह को कंट्रोल करने की ताकत मिल सकती है। इससे पाकिस्तान में उपलब्ध पानी में काफी कमी आ सकती है।

**खाद्य सुरक्षा को खतरा :** सिंचाई में कमी से गेहूं, चावल, गन्ना और कपास जैसी प्रमुख फसलों की पैदावार पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा। कम पैदावार और कृषि उत्पादन में कमी से किसानों को भारी आय का नुकसान होगा। कृषि उत्पादन में भारी कमी से खाद्य पदार्थों की कमी हो सकती है और आयात पर निर्भरता बढ़ सकती है। इससे पाकिस्तान के विदेशी मुद्रा भंडार पर दबाव पड़ेगा। पानी की कमी के कारण इस क्षेत्र में गंभीर गिरावट से समग्र आर्थिक विकास दर नकारात्मक रूप से प्रभावित होगी।

**निर्यात में कमी:** कृषि उत्पाद और संबंधित औद्योगिक सामान पाकिस्तान के निर्यात के लिए महत्वपूर्ण हैं। उत्पादन में कमी से निर्यात आय में गिरावट आने की आशंका है। इससे देश के भुगतान संतुलन पर और दबाव पड़ेगा। निलंबन से यह बुनियादी ढांचा कम प्रभावी हो जाएगा। इससे निवेश का नुकसान होगा।

## पांच सवाल जो हर भारतीय के मन में हैं

### 1. भारत की प्रतिक्रिया क्या हो सकती है?

- **सैन्य कार्रवाई की संभावना सीमित:** बिहार चुनाव से पहले सरकार कड़ी कार्रवाई की बात जरूर करेगी, लेकिन पूर्ण युद्ध जैसी स्थिति की संभावना कम है। सर्जिकल स्ट्राइक या ड्रोन हमले जैसी सीमित जवाबी कार्रवाइयों हो सकती है।
- **कूटनीतिक दबाव:** भारत, पाक को एफएटीएफ और यूएन में आतंकी राष्ट्र साबित करने की कोशिश तेज कर सकता है। पाक की आर्थिक स्थिति नाजुक है, ऐसे में भारत उसका वैश्विक कद और कमजोर करने की रणनीति अपनाएगा।

### 2. क्या यह भाजपा को चुनावी लाभ देगा?

- राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद जैसे मुद्दे अक्सर भाजपा के पक्ष में काम करते हैं, खासकर अगर विपक्ष बंटा हो। 2019 में पुलवामा हमले के बाद बालाकोट एयरस्ट्राइक ने भाजपा को चुनावी फायदा पहुंचाया था।
- भाजपा इसे 'मजबूत नेतृत्व', 'राष्ट्रवाद' से जोड़ सकती है।
- टीवी डिबेट और सोशल मीडिया में विपक्ष की सुरक्षा नीतियों को कमजोर दिखाया जा सकता है।

### 3. पाक से युद्ध होगा या केवल बयानबाजी?

- अभी के हालात में युद्ध नहीं, सैन्य कार्रवाई हो सकती है।
- दोनों देशों के पास न्यूक्लियर हथियार हैं, इसलिए सीधा युद्ध किसी के भी हित में नहीं।
- भारत सीमावर्ती क्षेत्रों में ऑपरेशन बढ़ा सकता है।
- पाकिस्तान की सेना और सरकार दोनों आंतरिक दबाव में हैं, वे टकराव से बचना चाहेंगे।

### 4. अंतरराष्ट्रीय समुदाय क्या कहता है?

- अमेरिका, यूरोपीय यूनियन, रूस, यूएन सभी आतंकवाद की निंदा करते हैं, पर वे चाहते हैं कि भारत-पाक संयम बरतें।
- अमेरिका अफगानिस्तान और चीन पर ध्यान केंद्रित कर रहा है, इसलिए वह चाहता है कि दक्षिण एशिया शांत रहे।
- भारत की वैश्विक छवि अब एक 'जवाबदेह शक्ति' की है, जिससे वह अंतरराष्ट्रीय समर्थन के लिए कूटनीतिक तरीकों को प्राथमिकता देगा।

### 5. और अंत में

- यह हमला केवल एक सुरक्षा मुद्दा नहीं, बल्कि चुनावी राजनीति, अंतरराष्ट्रीय नीति और दक्षिण एशिया की शांति व्यवस्था का हिस्सा है।
- भारत कड़ा संदेश देगा, लेकिन पूर्ण युद्ध की संभावना कम।
- भाजपा चुनाव में भुना सकती है, विशेषकर राष्ट्रवाद पर।
- पाक पर दबाव बढ़ेगा, लेकिन वह सीधे युद्ध में नहीं कूदेगा।

### वर्ल्ड मीडिया की तीखी प्रतिक्रिया

इस हमले के बाद दुनिया स्तब्ध है। अमेरिकी के सीएनएन, ब्रिटेन के बीबीसी, कतर के अल जजीरा से लेकर पाकिसतान के डॉन तक ने हमले की निंदा करते हुए प्रमुखता से कवर किया है। वर्ल्ड मीडिया ने रिपोर्ट में लिखा, कश्मीर में टूरिस्टों को धर्म के आधार पर चुनकर मारना धार्मिक सहिष्णुता और नागरिक सुरक्षा पर सीध हमला है।

## संक्षिप्त समाचार

### पुतिन के सीक्रेट बेटे की सामने आई तस्वीर



**नई दिल्ली।** रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का दुनिया से छिपाया गया 10 साल का बेटा पहली बार देखा गया है, उसकी तस्वीर सामने आई है। एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार टेलीग्राम चैनल वीसीएचके-ओजीपीयू ने तस्वीर छापी है, जिसमें दावा किया है कि यह 10 साल का लड़का पुतिन के बच्चों में से एक है और उसे जन्म दिया है पुतिन के 41 साल की जिमनास्ट प्रेमिका अलीना काबेवा ने। इसका नाम इवान व्लादिमीरोविच पुतिन है, वह मुश्किल से दूसरे बच्चों के साथ बात करता है, सारा समय गार्ड, गवर्नेस, शिक्षकों के साथ बिताता है। लड़के की शक्ल खुद पुतिन के बचपन की शक्ल से मिलती है,जो उस समय सोवियत रूस में रहते थे। वहीं इवान का छोटा भाई व्लादिमीर जूनियर है, जो 4 साल का है। पुतिन ने कभी भी ओलंपिक गोल्ड मेडल विजेता काबेवा के साथ बच्चे पैदा होने की खबर की पुष्टि नहीं की है। वैसे पुतिन निजी जिंदगी को लेकर बेहद गोपनीय हैं। तलाकशुदा पुतिन ने एक इंटरव्यू में साफ कहा था कि मेरी एक निजी जिंदगी है, जिसमें मैं हस्तक्षेप की इजाजत नहीं देता, इसका सम्मान किया जाना चाहिए।

### बिहार: पीएससी की मुख्य परीक्षा पर रोक से इंकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बिहार लोकसेवा आयोग (बीपीएससी) की मुख्य परीक्षा पर रोक लगाने की मांग की मांग को अस्वीकार कर दिया। याचिकाकर्ताओं ने 25 अप्रैल को होने वाली मुख्य परीक्षा को पेपर लीक होने के कारण रद्द करने की मांग की थी। न्यायाधीश दीपांकर दत्ता और न्यायाधीश मनमोहन की खंडपीठ ने 70वीं बीपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा को पेपर लीक मामले के कारण रद्द करने को लेकर याचिका को खारिज कर दिया। याचिकाकर्ताओं के वकील अंजना प्रकाश,कोलिन गोंजालवेज ने कहा कि प्रारंभिक परीक्षा के दौरान पेपर लीक होने के कई वाट्सएप चैट मौजूद हैं। ऐसे कई वीडियो सबूत भी है, जिससे पता चलता है कि कई केंद्रों पर परीक्षा के दौरान लाउडस्पीकर से प्रश्न-पत्र का जवाब दिया गया। पीठ ने कहा कि क्या डिजिटल साक्ष्य को सबूत के तौर पर स्वीकार किया जा सकता है। सुनवाई के दौरान पीठ ने वीडियो क्लिप को भी देखा और कहा, सिर्फ एक परीक्षा केंद्र को लेकर पेपर लीक की बात कही जा रही है। मामला सामने आने के बाद इस केंद्र पर दोबारा परीक्षा का आयोजन किया गया। न्यायाधीश मनमोहन ने कहा कि याचिकाकर्ता का मानना है कि परीक्षा केंद्र में जाने के बाद एक केंद्र पर पेपर लीक हुआ।

सहारा के खिलाफ ईडी की सख्त कार्रवाई

## 1538 करोड़ की संपत्ति जब्त करने का आदेश

**नई दिल्ली, जेएनएन।** ईडी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सहारा प्राइम सिटी लिमिटेड की 1023 एकड़ जमीन को अस्थायी रूप से अटैच कर लिया है। इन जमीनों की कीमत साल 2016 के सर्किल रेट के अनुसार करीब 1538 करोड़ रुपए बताई गई है। जांच में सामने आया है कि यह जमीनें सहारा समूह की कई कंपनियों से फंड डायवर्ट कर बेनामी नामों पर खरीदी गई थीं। यह जमीनें देशभर के 16 शहरों में हैं, जिनमें आनंद, भुवनेश्वर, सिंधुदुर्ग, जयपुर, जम्मू, मैसूर, लखनऊ, बेंगलुरु, बीकानेर और सोलापुर जैसे शहर शामिल हैं। सबसे ज्यादा जमीनें बीकानेर में 168.5 एकड़ और सोलापुर में 125.5 एकड़ पाई गई। लखनऊ में 107.6 एकड़, जम्मू में 115.1 एकड़, और मैसूर में 73.8 एकड़ ज़मीन जब्त की गई है। यह कार्रवाई तीन राज्यों ओडिशा, बिहार और राजस्थान में हुई। ये कार्रवाई आईपीसी की धारा 420 और 120बी के तहत एफआईआर के आधार पर की गई है। सहारा समूह की कंपनियों के खिलाफ कुल 500 से ज्यादा एफआईआर दर्ज हैं, जिनमें से 300 से ज्यादा पीएमएलए के तहत दर्ज हैं। ईडी की छापेमारी में 2.98 करोड़ की नकदी भी जब्त की गई, इससे पहले भी इस मामले में ऐम्बी वैली की 707 एकड़ ज़मीन जिसकी बाज़ार कीमत लगभग 1460 करोड़ रुपए है, अटैच किया जा चुका है। फिलहाल मामले में जांच जारी है।

### पोंजी स्कीम चला रहा था समूह

ईडी की जांच में खुलासा हुआ है कि सहारा समूह की कई कंपनियों जैसे हमारा इंडिया क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी लिमिटेड, सहारा क्रेडिट को-ऑपरेटिव सोसाइटी, सहारा यूनिवर्सल मल्टीपरपज़ को-ऑपरेटिव सोसाइटी, सहारा इंडिया कमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड और अन्य के जरिए एक पोंज़ी स्कीम चलाई जा रही थी। इन स्कीमों में निवेशकों को ऊंचे रिटर्न का लालच देकर निवेश करवाया गया, एजेंट्स को मोटा कमीशन दिया गया और फिर निवेशकों को उनके मेच्योरिटी अमाउंट वापस नहीं दिए गए। ज़बरदस्ती उन्हें दोबारा निवेश करने के लिए मजबूर किया गया और खातों की किताबों में हेरफेर कर नए निवेश के रूप में दिखाया गया।

जेपीसी की बैठक में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जज गुप्ता बोले

## एक साथ चुनाव के लिए विधानसभा कार्यकाल में कटौती असंवैधानिक



**नई दिल्ली, जेएनएन।** एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक की जांच कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठक में सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश हेमंत गुप्ता ने सुझाव दिए हैं, जिसमें मौजूदा अनुच्छेद 82ए को बदलकर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने का नया प्रावधान शामिल है। 129वें संशोधन विधेयक 2024 द्वारा प्रस्तावित संविधान के अनुच्छेद 82ए का उद्देश्य एक राष्ट्र, एक चुनाव को सुगम बनाना है। सूत्रों ने बताया कि न्यायमूर्ति गुप्ता ने उन विधानसभाओं के कार्यकाल में कटौती के खिलाफ बात की, जिन्होंने कम से कम तीन साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया है, ताकि उनके चुनाव लोकसभा के साथ ही कराए जा सकें। इसके बजाय उन्होंने सुझाव दिया कि उनके कार्यकाल को बढ़ाया जाना चाहिए। सूत्रों ने बताया कि गुप्ता ने संसद और राज्य विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराने के लिए संविधान में संशोधन करने पर अपनी व्यापक सहमति भी जताई।

कांग्रेस सांसद व सुप्रीम कोर्ट के वकील अभिषेक सिंघवी ने कहा कि एक साथ चुनाव कराने का प्रस्ताव करने वाले मसौदा कानून मूल ढांचे, लोगों की इच्छा और संघवाद के सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं, जबकि कई अन्य न्यायविदों ने उनके सकारात्मक प्रभाव का हवाला दिया। सिंघवी ने कहा कि देश में संघवाद का विचार समय के साथ विकसित हुआ है, उन्होंने वित्त आयोग द्वारा राज्यों को वित्तीय संसाधनों के हस्तांतरण और स्थानीय निकायों के क्रमिक सशक्तिकरण का हवाला दिया। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि एक साथ चुनाव कराने से एजेंडा एकरूप हो जाएगा, जिससे राष्ट्रीय और राज्य चुनावों में एक ही पार्टी को फ़ायदा होगा।

### आलिया पर बिगड़े भाई के बोल, कहा- न शक्ल, न टैलेंट



**मुंबई।** आलिया भट्ट के सौतेले भाई राहुल भट्ट ने हाल ही में एक इंटरव्यू में न सिर्फ एक्ट्रेस की तुलना अपनी सगी बहन से की, बल्कि ये भी कहा कि वो उनके आगे कुछ भी नहीं है। राहुल भट्ट ने कहा है कि शक्ल और टैलेंट में आलिया भट्ट, पूजा भट्ट की आधी भी नहीं हैं। इसी दौरान उन्होंने रणबीर कपूर पर भी अटपटा बयान दिया है। हाल ही में हिंदी रश को दिए इंटरव्यू में राहुल भट्ट से कहा गया कि आलिया भट्ट, भट्ट परिवार को लीगेसी को आगे बढ़ा रही हैं। इस पर राहुल ने कहा, अगर आप मुझसे पूछेंगे तो मेरे ख्याल में, वो (आलिया) मेरी सगी बहन (पूजा भट्ट) के आगे आधी भी नहीं है। न तो टैलेंट, न तो लुक और न तो सेक्सी। मेरी सगी बहन के सामने पानी कम चाय। अगर आप हम सभी भाई बहनों में पूछोगे कि सबसे ज्यादा टैलेंटेड कौन है या सबसे ज्यादा मोरलिस्टिक कौन है, तो वो पूजा है। आगे राहुल भट्ट ने ये भी कहा कि पूजा भट्ट ही उनके पिता की लीगेसी को आगे ले जाने वालीं असल उत्तराधिकारी हैं।

### सीएम ने नथानियल की पार्थिव देह पर आर्पित की पुष्पाजंलि




**विंस, भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में मृत इंदौर के स्व. सुशील नथानियल की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। सीएम ने एयरपोर्ट इंदौर में शोकाकुल परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। सीएम से मिलते ही उनके परिजन फूट-फूटकर रो पड़े,जिन्हें सीएम ने ढांढस बंधाते हुए कहा कि दुख और शोक की इस घड़ी में न केवल प्रदेश अपितु पूरा देश उनके साथ है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को धैर्य प्रदान करने करने के ईश्वर से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ खजुराहो सांसद वीडी शर्मा,जल संसाधन तुलसीराम सिलावट सहित इंदौर के जन प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### इस्तांबुल में भूकंप लोग बिल्डिंग से कूदे

**अंकारा।** तुर्किये के इस्तांबुल में बुधवार को 6.2 तीव्रता का भूकंप आया। इसका केंद्र इस्तांबुल के पास मरमारा सागर में था। तुर्किये के मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि 51 आफ्टर शॉक भी आए हैं। अभी तक किसी के मारे जाने की खबर नहीं है, लेकिन घबराहट से कई लोग बिल्डिंग से कूद गए, जिससे 151 लोग घायल हो गए। जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने भी भूकंप की पुष्टि की है और कहा है कि भूकंप का केंद्र जमीन से नीचे 10 किमी की गहराई पर था। शहर,आसपास के इलाकों में बड़े झटके महसूस किए गए। भूकंप इतना शक्तिशाली था कि इसके झटके 440 किमी दूर राजधानी अंकारा भी महसूस किए गए। यह भूकंप सिलिवरी जिले के जिस इलाके में आया वो भूकंपीय एक्टिविटी के लिए जाना जाता है।

## बिहार को मिलेगी अमृत भारत एक्सप्रेस और नमो भारत रैपिड रेल की सौगात



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत रैपिड रेल को आधुनिक भारतीय रेल की त्रिवेणी कहा है। इस त्रिवेणी की दो नई रेलगाड़ियां का परिचालन बिहार से होने वाला है। बिहार में पहले से ही कई वंदे भारत एक्सप्रेस का परिचालन किया जा रहा है, जबकि एक अमृत भारतीय एक्सप्रेस का परिचालन पहले से दरभंगा और आनंद विहार टर्मिनल के बीच वाया अयोध्या किया जा रहा है। हाल ही में रेलवे ने बिहार के लिए कई नई परियोजनाएं स्वीकृत की है। पर्याप्त फंड आवंटन से पुरानी परियोजनाओं के निर्माण काम में भी तेजी आई है जिसकी बदौलत परियोजनाएं द्रुत गति से पूरी हो रही हैं। मोदी बिहार की ऐसी ही तीन परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित भी करने वाले हैं। नई गाड़ियों के परिचालन और नवनिर्मित परियोजनाओं के प्रारंभ होने से बिहार का रेल परिदृश्य पहले से बेहतर हो जाएगा। परियोजनाओं में सुपौल पिपरा नई लाइन, खगड़िया अलौली नई लाइन, हसनपुर विथान नई लाइन शामिल हैं। इन नई लाइनों पर दो पैसेंजर गाड़ियों का परिचालन भी प्रारंभ किया जाएगा। लेकिन बिहार वासियों के बीच सबसे अधिक उत्साह नमो भारत रैपिड रेल और सहरसा से लोकमान्य तिलक के बीच प्रारंभ की जा रही है अमृत भारत एक्सप्रेस के परिचालन को लेकर है। सहरसा से लोकमान्य तिलक टर्मिनस के लिए चलाई जाने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस देश की तीसरी अमृत भारत एक्सप्रेस है। पहले दो अमृत भारतीय एक्सप्रेस गाड़ियों का परिचालन दरभंगा से आनंद विहार टर्मिनल तथा मालदा टाउन से कर एम विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलुरू के बीच में किया जा रहा है। रेलवे ने पिपरा और सहरसा के बीच नई पैसेंजर सेवा प्रारंभ करने का फैसला लिया है जो नवनिर्मित सुपौल पिपरा लाइन को भी जोड़ेगा इसी तरह समस्तीपुर और सहरसा के बीच एक नई पैसेंजर सेवा प्रारंभ की जा रही है।

## चाक, डस्टर छोड़कर दफ्तरों में बाबूगिरी कर रहे मास्टर

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** स्कूल शिक्षा विभाग के शिक्षक चाक और डस्टर छोड़कर कार्यालयों में बाबूगिरी करने में लगे हुए हैं। नवसाक्षरता के नाम पर सूबे में पांच हजार से अधिक शिक्षक अटैचमेंट पर बने हुए हैं। डीपीआई के निर्देश पर भोपाल जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी अटैचमेंट समाप्त करने के आदेश जारी किए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग में करीब 15 हजार शिक्षक अटैचमेंट पर हैं। आयुक्त लोक शिक्षण शिल्पा गुप्ता ने पिछले साल नवंबर में सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए थे कि विभिन्न कामों के लिए विभिन्न कार्यालयों में अटैच किए गए शिक्षकों को तत्काल वापस करें। उन्होंने कलेक्टरों को 25 जून 2013 और 8 नवंबर 2017 के सामान्य प्रशासन विभाग, 30 मई 2017 और 20 सितंबर 2019 के स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशों का स्मरण दिलाते हुए पत्र जारी किए हैं। आदेशों में शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 (आरटीई) और न्यायालयीन प्रकरण में पारित निर्णयों के हवाले से कहा गया है कि शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्य में नहीं लगाया जा सकता है।

### यहां संलग्न है शिक्षक

आयुक्त के निर्देशों के बाद भी अभी तक प्रदेश में संभागीय संयुक्त संचालक लोक शिक्षण, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला परियोजना समन्वयक, विकास खंड शिक्षा अधिकारी और निर्वाचन कार्य के लिए कलेक्टर, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व (एसडीएम), तहसील सहित अन्य कार्यालयों में अटैच हैं। उक्त शिक्षकों के स्कूलों में लौटने से पढ़ाई की स्थिति सुधरेगी। अभी शिक्षकों की कमी के कारण सरकारी स्कूलों में पढ़ाई नहीं हो पा रही है। संचालक लोक शिक्षण केके द्विवेदी ने एक बार फिर सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को शिक्षकों के अटैचमेंच समाप्त करने के निर्देश दिए हैं। इसके बाद भोपाल जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र कुमार अहिरवार ने शिक्षकों के अटैचमेंट समाप्त करने के आदेश जारी किए हैं।

### कहां-कहां अटैच हैं मास्टर

स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा मंडल, लोक शिक्षण संचालनालय, राज्य शिक्षा केंद्र, डीईओ कार्यालय समेत अन्य जगहों पर कई शिक्षक अटैच हैं। जिले में शरद गुप्ता की मूल पदस्थापना हायर सेकेंडरी स्कूल नायसंमद, चंद्रेश सिंह चौहान की तारा सेवनिया स्कूल, सुधीर पाठक की सोहाया स्कूल, प्रफुल्ल राउत की हमीदिया क्रमांक 1 स्कूल, विकास मिश्रा की जहांगीराबाद स्कूल, पीयूष भटनागर की तुलसीनगर स्कूल, अजय गवली की कोटरा सुल्तानाबाद स्कूल में है। जेडी आफिस में सुधीर कलसे की पलासी स्कूल, हरनाथ मेहर की गुनगा स्कूल में परस्थापना है। जिला शिक्षा केंद्र अंतर्गत अटैच शिक्षकों में सुनीता ठाकुर ईंटखेड़ी स्कूल, उपेंद्र कौशल सोहाया स्कूल, शाकिब मो. ललरिया स्कूल, मनीष मानकर कालापानी स्कूल, तेज सिंह नेवरगढ़े परवलिया स्कूल, ब्रजकिशोर शुक्ला पिपलानी स्कूल, विनोद शर्मा फंदा स्कूल, नितेश नागर सदगुरु कबीर स्कूल, आरिफ मोहम्मद सीएम राइज स्कूल बरखेड़ी, सुशील भार्गव बालक स्टेशन स्कूल, निजाम खान काजीकैम्प स्कूल, निशात खान मुगालिया स्कूल, निर्वाचन कार्यालय (एसडीएम) में अटैच शिक्षकों में अनिल जैन बालक स्टेशन स्कूल, मो. आसिफ मुगालिया स्कूल, मनीष यादव परवलिया स्कूल, मनोज शर्मा ईंटखेड़ी स्कूल में है। जिपं कार्यालय में गोस्वामी बैरसिया स्कूल, दीपक सूर्यवंशी ईंटखेड़ी स्कूल है। राज्य शिक्षा केंद्र में सोनिया हसीजा प्राचार्य, प्रेमसिंह सिसोदिया उमाशि, सुनील श्रीवास्तव उमाशि शामिल हैं।

# पहलगाम हमला देश की एकता अखंडता पर कायराना हमला है आतंकवादियों को फांसी हो : उसैद हसन सिद्दीकी



## अल्पसंख्यक विकास कमेटी ने राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर सिंगरौली को जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवाद के खिलाफ कार्यवाही हेतु सौंपा ज्ञापन

**जागरण बैढ़न।** पहलगाम हमला देश की एकता अखंडता पर कायराना हमला है आतंकवादियों को फांसी हो राष्ट्रपति के नाम जिला कलेक्टर सिंगरौली को जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवाद के खिलाफ मध्य प्रदेश अल्पसंख्यक विकास कमेटी के प्रदेश उपाध्यक्ष अधिवक्ता उसैद हसन सिद्दीकी एवं जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग जिला सिंगरौली के अध्यक्ष सुदामा प्रसाद कुशवाहा ने पृथक पृथक सौंपा ज्ञापन अपने ज्ञापन मैं उल्लेख किया है कि जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग एवं मध्य प्रदेश अल्पसंख्यक विकास कमेटी जिला सिंगरौली जम्मू कश्मीर में आतंकवाद के बढ़ते प्रकोप को लेकर बहुत चिंतित हैं आज पूरा देश आतंकवाद के इस कायराना हरकत से गमगीन है हर दिल आक्रोश से भरा हुआ है पहलगाम हमला देश की एकता अखंडता पर कायराना हमला है जिसकी कड़ी निंदा करते हैं संकट की इस घड़ी में देश का हर नागरिक अपनी सेना और सरकार के साथ खड़ी हैआतंकवाद की वजह से निर्दोष लोगों की जानें जा रही हैं और क्षेत्र की शांति और सुरक्षा खतरे में है। जिला कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग विभाग जिला सिंगरौली एवं मध्य प्रदेश अल्पसंख्यक विकास कमेटी मांग करती हैं कि सरकार आतंकवाद के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई कर आतंकवादियों को फांसी दे और मृतक के परिवार जनों को अधिक से अधिक सहायता राशि एवं रोजगार उपलब्ध करावे और निर्दोष लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित किया जाए। उक्त अवसर पर जिला पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक शाह पूर्व प्रदेश सचिव भास्कर मिश्रा अनुसूचित जाति जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार साकेत सुदामा प्रसाद साकेत एडवोकेट जिला उपाध्यक्ष गंगा प्रसाद शाह जिला उपाध्यक्ष रामसागर शाह पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका निगम सिंगरौली जिला उपाध्यक्ष श्रीनाथ सोनी अब्दुल समिद खान मोहम्मद कादिर खान एडवोकेट आरटीआई जिला अध्यक्ष विद्या प्रसाद शाह एडवोकेट जिला महामंत्री अशोक कुशवाहा जिला सचिव शिव बालक कुशवाहा जियालाल कुशवाहा रामकृष्ण कुशवाहा आनंद कुशवाहा उपस्थित रहे।

# डीएवी सूर्य विहार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया विश्व पुस्तक दिवस



**जागरण बैढ़न।** शासन पावर परियोजना द्वारा वित्तपोषित विद्यालय डीएवी सूर्य विहार में हर्षोल्लास के साथ विश्व पुस्तक दिवस मनाया गया । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मृत्युंजय कुमार तिवारी ने प्रार्थना सभा में अपने उद्बोधन में पुस्तकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पुस्तकें हमारी अभिन्न मित्र हैं जो हमारे जीवन को उज्जवल बनाने में हमारा मार्गदर्शन करती है । संसार में जो भी महापुरुष सफलता के शिखर तक पहुंचे हैं उनके जीवन में पुस्तकों का अमूल्य योगदान है। छात्रों को पुस्तक के स्व अध्ययन हेतु प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि आप सभी को विद्यालय की लाइब्रेरी से पुस्तकें लेकर पढ़ना चाहिए तभी आप विषय की गहन जानकारी प्राप्त कर सकेंगे । इसी संदर्भ में उन्होंने छात्र.छात्राओं को प्रतिदिन नियमित रूप से 1 घंटे पुस्तक पढ़ने की शपथ दिलाई । विश्व पुस्तक दिवस मनाने का उद्देश्य पुस्तकें पढ़ने प्रकाशन और कॉपीराइट को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जाता है । इस संदर्भ में डीएवी सूर्य विहार में भी बड़े ही उत्साह के साथ विश्व पुस्तक दिवस का आयोजन किया गया । विद्यालय के सभी छात्र.छात्राओं एवं शैक्षिक और गैर शिक्षण कर्मचारियों ने अपने निर्धारित स्थान पर बैठकर 30 मिनट तक पूरे मनोयोग से पुस्तकों का अध्ययन किया । लोक कल्याण की प्रार्थना और शांति पाठ के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ ।

## श्रमदान के माध्यम से ग्राम पंचायत पापल में हुआ बोरी बंधन का कार्य

**जागरण बैढ़न।** जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत पापल में जल संरक्षण संबंधित संरचनाओं को संरक्षित करने का कार्य किया गया जिसके अंतर्गत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विकासखंड स्तरीय नोडल अधिकारी सह कृषि विस्तार अधिकारी मोहन लाल पाटीदार द्वारा बताया गया कि जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए जल गंगा जल संवर्धन अभियान की शुरुआत हो चुकी है अभियान 30 जून तक सतत रूप से चलेगा। उन्होंने बताया कि महाअभियान का उद्देश्य न केवल नए तालाबों का निर्माण और पुराने जल स्रोतों का पुनरुद्धार करना है बल्कि जनसहभागिता से इसे एक जन आंदोलन का रूप देना भी है। वही आज ग्राम पंचायत पापल में श्रमदान के माध्यम से सेमरिया नाला पर 120 बोरियों के माध्यम से बोरी बंधन का कार्य किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरपंच सचिव उमेश द्विवेदी जन अभियान परिषद के शिव प्रशाद साहू सेक्टर निवास कार्यक्रम समन्वयक शिवप्रसाद साहू सरपंच प्राणपति साहू सचिव उमेश द्विवेदी रोजगार सहायिका विनीता जायसवाल पंच सुरुपवती साकेत श्यामलाल शाह आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आशा एवं 50 ग्रामीण जन सहयोगी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत चितावल खुर्द के सचिव पर विभिन्न निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार करने का लगा आरोप

## उपसरपंच ने सौंपा आवेदन पत्र जांच की उठाई मांग

**जागरण चितरंगी।** ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत चितावल खुर्द में भ्रष्टाचार करने का गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत चितावल खुर्द के उपसरपंच मन्नू केवट ने ग्राम पंचायत के सचिव लगनधारी बैस के ऊपर सरकारी राशि के दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि सचिव द्वारा बिना ग्रामसभा प्रस्ताव पारित कराए ही लगभग 20 लाख रुपये की राशि का हेरा फेरी कर दिया गया है। उपसरपंच का कहना है कि पंचायत में 15 कूप निर्माण और 5 नाडेप टैंक का कार्य हुआ है लेकिन उससे कहीं अधिक निर्माण कार्य दिखाकर फर्जी तरीके से राशि की निकासी करके शासन को गुमराह किया गया है। इसके साथ ही चारा.भूसा और अन्य कार्यों के नाम पर भी भारी भरकम अनियमितता की गई है। उपसरपंच मन्नू केवट ने बताया कि सचिव द्वारा ग्राम पंचायत के कार्यों में ठेकेदारी पद्धति लागू कर दी गई है जबकि मनरेगा एवं पंचायत के अन्य मदों में कार्य ग्रामवासियों के माध्यम से कराना नियमानुसार होता है। उन्होंने यह भी कहा कि सचिव लगनधारी बैस वर्तमान में चितावल खुर्द के अलावा ग्राम पंचायत अगरहवा में भी सचिव का प्रभार लिए हुए हैं वहा भी इसी प्रकार की शिकायतें सामने आ रही हैं। इस संबंध में उपसरपंच ने चितरंगी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को एक लिखित आवेदन सौंपते हुए मामले की जांच की मांग की है। उन्होंने अपील की है कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए ताकि ग्रामीण विकास कार्यों में पारदर्शिता बनी रहे। उपसरपंच ने पंचायत सचिव की कार्यशैली पर नाराजगी जाहिर करते हुए सासन प्रशासन से जाच कर उचित कार्रवाई की अपील की है।

## डीजल के अवैध परिवहन एवं विक्रय की जॉच हेतु कलेक्टर ने किया जॉच दल का गठन

**जागरण बैढ़न।** पड़ोसी राज्यों से टैंकर के माध्यम से डीजल परिवह्न कर जिले में विक्रय किये जाने के संबंध में जॉच हेतु कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला द्वारा अवैध डीजल के परिवह्न विक्रय के रोकथाम हेतु अनुभागवार जाँच दल का गठन किया गया है। जिसके तह्त अनुभाग सिंगरौली में उपखण्ड अधिकारी सिंगरौली के नेतृत्व में जॉच दल गठित कर जॉच दल में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मोरवा जिला आपूर्ति अधिकारी तह्सीलदार सिंगरौली नगर सह्ति संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारियों को अवैध डीजल परिह्वन एवं विक्रय की जॉच हेतु दल में शामिल किया गया है। कलेक्टर के द्वारा अनुभाग देवसर में उपखण्ड अधिकारी देवसर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस देवसर सहायक आपूर्ति अधिकारी तह्सीलदार देवसर संबंधित थाना प्रभारी के दल में जॉच दल में नियुक्त किया गया। कलेक्टर के द्वारा अनुभाग चितरंगी के लिए उपखण्ड अधिकारी चितरंगी के नेतृत्व में जॉच दल गठित किया गया है। जॉच दल में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस चितरंगी कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी चितरंगी तह्सीलदार चितरंगी सह्ति संबंधित थाना प्रभारी को शामिल किया गया है। संबंधित जॉच दल द्वारा पड़ोसी राज्यों से लाए जा रहे डीजल की वैधानिकता एवं आवश्यक दस्तावेजों की जाँच कर की गई कार्यवाही का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेगें।

# सहाकार ग्लोबल की मनमानी, धूल धुएँ में दम तोड़ता महुआ गाँव पापल



**जागरण निवास।** सरई तहसील में बसे महुआ गाँव भरसेड़ी की शांत गलियाँ इन दिनों धूल रेत और खतरे से घिरी हैं। कारण है साहाकार ग्लोबल कंपनी की बेलगाम और गैर.जिम्मेदार गतिविधियाँ। यह कंपनी मुख्य बाज़ार और रिहायशी इलाकों के बीचोंबीच ओवरलोड गाड़ियों से दिन.रात रेत का परिवहन कर रही है न सेफ्टी का कोई ख्याल न ट्रिपाल की औपचारिकता। गाड़ियों से गिरती रेत ने सड़कों खतरनाक बना दिया है। दोपहिया वाहन चालक हर मोड़ पर अपनी जान जोखिम में डालकर निकलते हैं। और कंपनी की मनमानी यहीं नहीं रुकती सीधी सरई से सटी सड़क पर लगभग 10 मीटर ऊँची रेत की अवैध स्टॉकिंग की गई है। जब हवा चलती है तो वह रेत किसी भूत की तरह उड़कर राहगीरों की आँखों में चुभती है दमघोंटू बनकर उनकी साँसों में उतरती है।

## ग्राम पंचायत सरपंच पापल के बिना अनुमति का है यह स्टॉक

यह सब तब हो रहा है जब ग्राम निवास के नाम पर है रेता स्टॉक की लीज और स्टॉक कर रहा है ग्राम पापल में और पापल सरपंच से कोई विधिवत अनुमति भी नहीं ली गई है। न कोई प्रशासनिक रोक न कोई जवाबदेही लगता है जैसे प्रशासन खुद किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। अगर समय रहते प्रशासन व माइनिंग अधिकारी इस पर कोई कार्यवाही नहीं करते तो ग्रामीण हड़ताल करने में मजबूर हो जाएंगे और इसका जिम्मेवार प्रशासन होगा ।

# एनटीपीसी विंध्याचल विंध्य क्लब द्वारा संवाद सत्र का किया गया आयोजन



**जागरण विन्ध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल विंध्य क्लब समिति द्वारा एक संवाद सत्र आयोजित किया गया। इस संवाद सत्र की अध्यक्षता ई. सत्य फणि कुमार कार्यकारी निदेशक विंध्याचल ने की। उनके साथ संजीब कुमार साहा महाप्रबंधक प्रचालन एवं अनुरक्षण देबब्रत त्रिपाठी अपर महाप्रबंधक तकनीकी सेवाएँ और राकेश अरोड़ा मानव संसाधन प्रमुख विंध्याचल भी उपस्थित रहे। बैठक में क्लब समिति ने बीते वर्ष की उपलब्धियाँ साझा कीं और आने वाले साल के लिए कई नए और रोचक कार्यक्रमों की योजना भी प्रस्तुत की। इस दौरान समिति के सदस्यों का सम्मान भी किया गया जिन्होंने टाउनशिप में रहने वाले परिवारों के लिए सांस्कृतिक और खेल आयोजनों के माध्यम से एक जीवंत माहौल तैयार किया। इस साल विंध्य क्लब कई नई पहलें लेकर आया है जैसे बच्चों के लिए कहानी सत्र किताबों की चर्चा के लिए बुक क्लब आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप स्केचिंग क्लासेस साथ ही बैडमिंटन नृत्य मार्शल आर्ट और एरोबिक्स की ट्रेनिंग। क्लब अब केवल मनोरंजन का नहीं बल्कि सीखने और जुड़ने का भी एक शानदार मंच बन गया है। इस कार्यक्रम में श्रीमती मृणालिनी अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन विकास कुमार सिंह उप महाप्रबंधक टीएडी श्रीमती कामना शर्मा उप महाप्रबंधक मानव संसाधन प्रणव डोगरा वरिष्ठ प्रबन्धक टीएडी सहित कई विभागों के अधिकारी और सदस्य शामिल हुए। सभी ने क्लब की नई ऊर्जा और टाउनशिप जीवन में उसके योगदान की खुलकर सराहना की।

## सरई थाना क्षेत्र की बड़ी घटना एक युवक की टैंक में डूबने से मौत

**सिंगरौली।** जिले के सरई थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 14 घोघरा में आज दोपहर में घटना घटी आपको बता दें कि मृतक रोहित जायसवाल उम्र 19 वर्ष पिता हीरालाल जायसवाल निवासी नौढ़िया बायपास रोड में नए पक्का मकान का निर्माण कर रहे थे उसी के पीछे सेफ्टी टैंक बनाया गया था जो की रोहित दोपहर के समय घर में अकेले था उस समय टैंक में घुसकर नहा रहा था नहाने के बाद जैसे ही ऊपर चढ़ने लगा तभी सीढ़ी अचानक टूट गई और पानी में गिरकर मौत हो गई रोहित को तैरना नहीं आता था लगभग दोपहर समय की घटना बताई जा रही है घर के परिजन व अन्य लोगों को 2 घंटे बाद जानकारी हुई।

## औद्योगिक इकाईयों द्वारा कागजों पर लगाये गये पौधों की पूजा करेगा फौजी सेवा संगठन

**जागरण बैढ़न।** फौजी सेवा संगठन सिंगरौली जिले की औद्योगिक इकाईयों द्वारा कागजों पर लगाये गये पौधों की पाँच जून पर्यावरण दिवस के अवसर पर पूजा करेगा। फौजी सेवा संगठन के अध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि सिंगरौली जिले में एनटपीसी रिलायंस हिण्डालको एवं अडानी पावर के राख बांध हैं। नियमानुसार उक्त राख बांधों पर सघन वृक्षारोपण किया जाना था। उक्त औद्योगिक इकाइयों द्वारा दावा भी किया जाता है कि उनके राख बांधों पर वृक्षारोपण हुआ है परन्तु संगठन द्वारा जब राख बांधों पर जाकर देखा गया तो वहां कोई वृक्ष नहीं मिले। ऐसे में संगठन द्वारा जिला कलेक्टर को एक पत्र सौंपकर एनटीपीसी के शाहपुर तथा बलियरी राख बांध पर तथा सासन पावर लिमिटेड के हर्रहवा स्थित राख बांध पर व अडानी पावर के बंधौरा तथा हिण्डालको के बरगवां स्थित राख बांध पर कागजों में उगाये गये वृक्षों की पर्यावरण दिवस पर पूजा करने की अनुमति मांगी है। फौजी सेवा संगठन के सचिव नीरज पाण्डेय ने बताया कि जिले में पर्यावरण को लेकर जिस तरह लापरवाही बरती जा रही है वह आने वाले दिनों में सिंगरौली जिले के लिए नासूर साबित होगा। यदि हम लोग पर्यावरण के प्रति आज जागरूक नहीं हुये तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी। संगठन द्वारा जिला कलेक्टर को पत्र देकर मांग की गयी है कि एनटीपीसी रिलायंस हिण्डाल्को तथा अडानी कंपनी प्रबंधन से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पांच जून को राख बांधों पर कागजों में लगाये गये वृक्षों की पूजा हेतु साफ सफाई कराने तथा पूजन की व्यवस्था कराने के निर्देश जारी किये जायें। इस आयोजन की जानकारी एनजीटी नई दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सिंगरौली पर्यावरण मंत्री भारत सरकार को दे दी गयी है।

## महुआ गांव के पेट्रोल पंप में बदहाल व्यवस्था का आलम

**जागरण निवास।** महुआ गांव स्थित इंडियन पेट्रोल पंप आज बदइंतज़ामी और अनदेखी का जीवंत उदाहरण बन चुका है। जहां एक ओर देश स्वच्छता और सुविधाओं की ओर अग्रसर है वहीं यह पंप गंदगी अव्यवस्था और अमानवीयता का गढ़ बन गया है। न पीने को स्वच्छ जल की व्यवस्था है न ही महिलाओं के लिए शौचालय की सुविधा। और जो शौचालय नाम मात्र को मौजूद है वह भी दिन.रात ताले में कैद रहता है। भीतर गंदगी का आलम यह है कि किसी आपात स्थिति में प्रवेश भी असंभव हो जाए। स्थानीयों का कहना है कि जब से नया मैनेजर नियुक्त हुआ है स्थितियाँ और भी बदतर हो गई हैं। सुविधा नहीं दुर्व्यवस्था की सेवा मिलती है। पेट्रोल की मात्रा और गुणवत्ता को लेकर भी गुप्त चर्चाएं आम हैं कई लोगों का आरोप है कि माप में कटौती की जा रही है और ईंधन की गुणवत्ता संदिग्ध है। यह न केवल प्रशासनिक उदासीनता का दर्पण है बल्कि ग्रामीण जनता के साथ एक भद्दा मज़ाक भी है। क्या पेट्रोल पंप सिर्फ मुनाफाखोरी का अड्डा बनकर रह जाएगा क्या महिलाओं की गरिमा और जनसुविधाओं की बात केवल भाषणों तक सीमित रहेगी यह गंभीर चिंता का विषय है और संबंधित विभाग को तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए।

## तीन दो पहिया वाहनों में हुई भिड़ंत में दो लोग हुए घायल

**जागरण बैढ़न।** जिले का बरगवां क्षेत्र में दो सड़क दुर्घटनाएं पेश आई। एक और जहां बरगवां थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक उमेश विश्वकर्मा डगा क्षेत्र में किसी विवेचना के लिए जाते समय वाहन पलटने से घायल हो गए। वहीं डगा के समीप दो बाइक सवार समेत एक स्कूटी सवार आपस में टकरा गए इसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। इस बाबत निरीक्षक राकेश साहू ने बताया कि आज प्रधान आरक्षक उमेश विश्वकर्मा बोलेरो वाहन से विवेचना के लिए जा रहे थे। जब उनका वाहन कनई बायपास मार्ग के समीप पहुंचा तो एक दो पहिया वाहन चालक को बचाने के चक्कर में नियंत्रित होकर पलट गया। इस दुर्घटना में प्रधान आरक्षक उमेश विश्वकर्मा समेत चालक अजय वैश्य घायल हो गए जिन्हें उपचार हेतु बैढ़न के ट्रॉमा सेंटर भर्ती कराया गया है। बताया जाता है कि प्रधान आरक्षक उमेश विश्वकर्मा को कंधे पर चोट आई है। वहीं दूसरी दुर्घटना डगा क्षेत्र में ही करीब 3.30 पर घटी। जहां दो बाइक सवार विपरीत दिशा से आते हुए सीधे टकरा गए। वहीं एक स्कूटी सवार जो बाइक सवार के पीछे चल रहा था वह भी उनसे जा भिड़ा। इस घटना में दोनों बाइक सवारों को गंभीर चोटे आई हैं जिन्हें इलाज हेतु भर्ती कराया गया है।

# पोंडीडोल विद्यालय के नवीन भवन निर्माण में अवैध रेत का खेला

**जागरण सरई।** जिले के विकासखंड बैढ़न अंतर्गत संकुल केंद्र खनुआ के शासकीय माध्यमिक विद्यालय पोंड़ीडोल में नवीन भवन का निर्माण इस समय चल रहा है। जहां रॉयल्टी वाला रेत का उपयोग न कर 2 नंबर का अवैध रेत आस पास के नालों से उठाकर किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय नालों से रात में अवैध रेत का ढुलाई संविदाकार कराकर माला.माल हो रहा है। जबकि वहीं संविदाकार द्वारा शासन से एक नंबर रेत रॉयल्टी का पैसा लिया जा रहा है। इसके अलावा निर्माणाधीन भवन का चिलचिलाती धूप में नाम मात्र की तराई कराई जा रही है। जिससे पिलर. बीम सब कमजोर दिखाई दे रहे हैं कांक्रीट के लिए निर्मित मसाले में मानक के अनुरूप गिट्टी का भी प्रयोग नहीं की जा रही है। सीमेंट में तो और बड़ा खेल चल रहा है संविदाकार द्वारा निर्माण स्थल पर किसी प्रकार का कोई साइन बोर्ड नहीं लगवाया गया है जो निर्माण कार्य से संबंधित जानकारी लोगों को मिल सके। वहीं यह भी आरोप है कि क्रियान्वयन एजेंसी लोक निर्माण विभाग का अमला जानकर भी अनजान बना हुआ है यहां उक्त विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी दिखाई नहीं देते संविदाकार अपने मन मुताबिक कार्य कर रहा है। ग्रामीणों ने कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए विद्यालय भवन नवीन निर्माण की जांच कराकर निर्धारित



मापदंड एवं प्राकलन के अनुरूप कार्य कराये जाने की मांग की है।




## अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 08 | 06 | 02 | 12 | 1.104 |
| दिल्ली | 08 | 06 | 02 | 12 | 0.657 |
| मुंबई | 09 | 05 | 04 | 10 | 0.673 |
| बेंगलुरु | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.472 |
| पंजाब | 08 | 05 | 03 | 10 | 0.177 |
| लखनऊ | 09 | 05 | 04 | 10 | -0.054 |
| कोलकाता | 08 | 03 | 05 | 06 | 0.212 |
| राजस्थान | 08 | 02 | 06 | 04 | -0.633 |
| हैदराबाद | 08 | 02 | 06 | 04 | -1.361 |
| चेन्नई | 08 | 02 | 06 | 04 | -1.392 |

## ऑरेंज कैप (बल्लेबाज)



| | |
|---|---|
| साई सुदर्शन (गुजरात) | 417 |
| निकोलस (लखनऊ) | 377 |
| सूर्यकुमार यादव(मुंबई) | 373 |
| जोश बटलर (गुजरात) | 356 |

## पर्पल कैप (गेंदबाज)

| | |
|---|---|
| प्रसिद्ध कृष्णा (गुजरात) | 16 |
| कुलदीप यादव(दिल्ली) | 12 |
| नूर अहमद (चेन्नई) | 12 |
| साई किशोर (गुजरात) | 12 |



## बाउंड्री मीटर



690 छक्के
1230 चौके
82 अर्धशतक

सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाड़ी जयदेव उनादकट के आईपीएल में 100 विकेट पूरे हो गए। उन्होंने 107 मैचों में यह कारनामा किया।

# चेन्नई सुपर किंग्स और हैदराबाद के बीच प्लेऑफ की उम्मीदें जीवंत रखने की जंग

## मैच-43 : सीएसके के घर में मुकाबला शाम 7:30 बजे से

जेएनएन, चेन्नई

चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शुक्रवार को आईपीएल मैच में अपनी उम्मीद जीवंत रखने की रोचक जंग देखने को मिलेगी। इन दोनों टीमों का वर्तमान सत्र में अभी तक प्रदर्शन निराशाजनक रहा है। इन दोनों टीमों के आठ मैच में चार अंक हैं और अगर उन्हें प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीद को बनाए रखना है, तो उन्हें अपने सभी मैच जीतने होंगे। चेन्नई की टीम को घरेलू परिस्थितियों का फायदा उठाने के लिए जाना जाता है, लेकिन इस बार उसे यहां मुंह की खानी पड़ रही है। उसकी टीम अभी तक यहां के विकेट का सही अनुमान लगाने में नाकाम रही है। चेन्नई ने स्पिनर नूर अहमद की शानदार गेंदबाजी के दम पर मुंबई इंडियंस को हराकर अपने अभियान की अच्छी शुरुआत की थी, लेकिन इसके बाद उसकी लय गड़बड़ा गई और उसे अपने घरेलू मैदान पर लगातार तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा। यही नहीं उसकी टीम केकेआर के खिलाफ नौ विकेट पर 103 रन ही बना पाई जो उसका अपने घरेलू मैदान पर न्यूनतम स्कोर भी है। चेन्नई का अपने मैदान से इतर और अन्य स्थानों पर भी अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा है तथा उसने दूसरे मैदानों पर खेले गए चार मैच में से केवल एक मैच जीता है। इस बार उसके बल्लेबाज अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पा रहे हैं तथा नियमित कप्तान रुतुराज गायकवाड के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से उसकी समस्याएं बढ़ी हैं। महेंद्र सिंह धोनी की पूर्णकालिक कप्तान के रूप में वापसी हुई है और घुटने की परेशानी के बावजूद कप्तान के रूप में उनके फैसले काफी मायने रखते हैं। डेथ ओवरों की उनकी बल्लेबाजी तथा मैच के महत्वपूर्ण मोड़ पर लिए जाने वाले फैसले टीम को वापसी दिलाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। चेन्नई के लिए 17 वर्षीय आयुष म्हात्रे का टीम से जुड़ना अच्छा संकेत है। इस युवा बल्लेबाज ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ अपने पदार्पण मैच में अपनी बल्लेबाजी से प्रभावित किया था। चेन्नई ने अपने बल्लेबाजी विभाग को मजबूत करने के लिए दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस को भी अपनी टीम से जोड़ा है।





### पावरप्ले में 65 या उससे ज्यादा रन बना तो हैदराबाद का पलड़ा भारी रहेगा

हैदराबाद की कामयाबी का राज उनके पॉवरप्ले में धमाकेदार प्रदर्शन में छुपा है। आईपीएल 2024 से अब तक का आंकड़ा साफ बताता है कि जब भी टीम ने बल्लेबाजी पॉवरप्ले में 65 या उससे ज्यादा रन बनाए हैं, उन्होंने हर बार जीत दर्ज की है। ऐसे सभी 9 मुकाबलों में उनकी जीत हुई है। लेकिन जैसे ही टीम इस आंकड़े तक नहीं पहुंच पाई, उनका खेल ढहता नजर आया। 65 रन से कम बनाने पर उन्हें 15 में से 13 मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा है।

### किशन-रेड्डी को फॉर्म की तलाश

इस सीजन में इशान किशन और नीतीश रेड्डी की फॉर्म हैदराबाद के लिए एक बड़ी चिंता का विषय बनती जा रही है। किशन ने राजस्थान के खिलाफ पहले ही मुकाबले में 106 रन की धमाकेदार पारी खेली थी। उसके बाद के सात मैचों में वह पूरी तरह से फ्लॉप रहे हैं और सिर्फ 33 रन बनाए हैं। दूसरी ओर नीतीश का ग्राफ भी इस सीजन में लगातार नीचे गिरा है। 2024 में उन्होंने 143 की स्ट्राइक रेट और 33.7 की औसत से रन बनाए थे, जबकि 2025 में उनका औसत गिरकर 19 और स्ट्राइक रेट 110 रह गया है। सबसे बड़ी गिरावट उनके स्पिन के खिलाफ प्रदर्शन में देखी गई है। पिछले सीजन में स्पिन के खिलाफ उनका औसत 52.3 और स्ट्राइक रेट 181 था, लेकिन इस बार वह औसत 18 और स्ट्राइक रेट 110 तक सिमट गया है, साथ ही हर एक सिक्सर लगाने में उन्हें लगभग 10 गेंदें लग रही हैं।

### संभावित टीम इस प्रकार है

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रचिन रविंद्र, शेख रशीद, आयुष म्हात्रे, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, विजय शंकर, जेमी ओवर्टन, डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी (कप्तान और विकेटकीपर), नूर अहमद, मतिशा पथिराना, अंशुल कंबोज, आर अश्विन, खलील अहमद।

**सनराइजर्स हैदराबाद :** ट्रैविस हेड, अभिषेक शर्मा, इशान किशन, हेनरिक क्लासेन, नीतीश रेड्डी, अनिकेत वर्मा, अभिनव मनोहर, राहुल चाहर, पैट कमिंस, हर्षल पटेल, जयदेव उनादकट, इशान मलिंगा, जीशान अंसारी।

### सनराइजर्स पर भारी पड़ी अति आक्रामकता

सनराइजर्स की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। उसकी टीम ने भी शानदार शुरुआत की थी लेकिन इसके बाद उसे अपनी अति आक्रामकता भारी पड़ने लगी। पिछले सत्र में उसकी सफलता में अहम भूमिका निभाने वाले ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा की विस्फोटक सलामी जोड़ी इस बार नहीं चल पा रही है, जिससे टीम के मध्य क्रम की कलई भी खुल गई है। उसे पिछले मैच में मुंबई इंडियंस से सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था।

### हैदराबाद के स्पिनर्स नाकाम

हैदराबाद की सबसे बड़ी चिंता इस सीजन में उनकी स्पिन गेंदबाजी रही है, जो अब तक टीम की सबसे कमजोर कड़ी बनकर उभरी है। आईपीएल 2025 में हैदराबाद के स्पिनरों ने अब तक सिर्फ 8 विकेट लिए हैं, जो सभी टीमों में सबसे कम है।

## खेल एक नजर

### टेस्ट क्रिकेट के 150 साल की दास्तान है नई किताब में

**नई दिल्ली, जेएनएन।** क्रिकेट के पारंपरिक स्वरूप पर एक नई किताब टेस्ट क्रिकेट : अ क्रिस्टी में 1877 से टेस्ट क्रिकेट की शुरूआत के बाद से अब तक खेल में आये बदलावों और खिलाड़ियों के संस्मरणों को कलमबद्ध किया गया है। हैशे द्वारा प्रकाशित टिम विगमोर की किताब में महान क्रिकेटरों सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, पैट कमिंस, माइकल होल्डिंग, मुथैया मुरलीधरन, केविन पीटरसन, इयान चैपल और डेल स्टेन के इंटरव्यू भी हैं। प्रकाशक ने कहा कि बॉडीलाइन से बैजबॉल तक, वेस्टइंडीज क्रिकेट का सुनहरा दौर, शेन वॉर्न से इयान बॉथम तक पाठकों को टेस्ट क्रिकेट के इतिहास के बारे में जानने को मिलेगा।

### एशियाई मुक्केबाजी : पांच और भारतीय सेमीफाइनल में

**अम्मान (जोर्डन), जेएनएन।** पांच भारतीय मुक्केबाज एशियाई अंडर-15 चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। लड़कों के अंडर 15 वर्ग में नेल्सन के (55 किलो) ने पहले दौर में चीनी ताइपै के वांग शेंग यांग को रैफरी द्वारा मुकाबला रोके जाने (आरएससी) के आधार पर हराया। अभिजीत (61 किलो) और लक्ष्य फोगाट (64 किलो) ने किर्गीस्तान और जोर्डन के प्रतिद्वंद्वियों पर 5-0 से जीत दर्ज की। लड़कियों में प्रिंसी (52 किलो) ने यूक्रेन की येवा कुबानोवा को 5-0 से हराया। समृद्धि सतीश शिंदे (55 किलो) ने यूक्रेन की सेनिया साविना को आरएससी पर मात दी। छह भारतीय पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुके हैं।

### बांग्लादेश ने अनामुल हक को टीम में बुलाया वापस

**ढाका, जेएनएन।** जिम्बाब्वे से पहले टेस्ट मैच में मिली हार के बाद बांग्लादेश ने फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज अनामुल हक को दूसरे टेस्ट मैच के लिए टीम में वापस बुलाया है। बांग्लादेश ने 28 अप्रैल से जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए टीम में दो बदलाव किए हैं। दूसरे टेस्ट मैच के लिए अनकैप्ड बाएं हाथ के स्पिनर तनवीर इस्लाम को अनामुल के साथ टीम में जगह दी गई है, जबकि सलामी बल्लेबाज जाकिर हसन और तेज गेंदबाज नाहिद राणा को टीम से बाहर कर दिया।

# मोनफिल्स मैड्रिड में जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने, किशोर सिना आगे बढ़े



**मैड्रिड, जेएनएन।** इटली के किशोर खिलाड़ी फेडरिको सिना ने मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट में कोलमैन वोंग को सीधे सेटों में हराकर अपनी दूसरी एटीपी मास्टर्स 1000 जीत हासिल की, जबकि गेल मोनफिल्स इस प्रतियोगिता के इतिहास में जीत दर्ज करने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। 38 साल के मोनफिल्स ने खराब शुरुआत से उबरते हुए क्वालिफायर बोर्ना गोजो को 1-6, 6-2, 6-4 से हराकर 2022 के बाद मैड्रिड में अपनी पहली जीत दर्ज की। विश्व में 42वीं रैंकिंग के खिलाड़ी मोनफिल्स इस मास्टर्स 1000 क्ले-कोर्ट टूर्नामेंट में दो बार क्वार्टर फाइनल में पहुंचे हैं। मोनफिल्स का अगला मुकाबला सातवीं वरीयता प्राप्त गत चैंपियन आंद्रे रुबलेव से होगा। रुबलेव ने दो सप्ताह पहले मोंटे कार्लो में 32वें राउंड में मोनफिल्स को हराया था। इटली के 18 वर्षीय सिना ने पिछले महीने मियामी में फ्रांसिस्को कोमेसाना को हराया था। उन्होंने जीत का यह सिलसिला जारी रखते हुए वोंग के खिलाफ 7-6 (5), 6-1 से जीत हासिल की। उनका अगला मुकाबला अमेरिकी सेबेस्टियन कोर्डा से होगा। पुरुष वर्ग के अन्य मैचों में अलेक्जेंडर बुब्लिक ने एलेक्स मिशेलसन को 7-6 (2), 7-6 (4) से, कोमेसाना ने पेड्रो मार्टिनेज को 6-4, 6-4 से, नूनो बोर्गेस ने पाब्लो कैरेनो बुस्टा को 6-7 (7), 7-6 (3), 6-3 से, आर्थर रिंडरकनेच ने रोमन सफीउलिन को 7-6 (4), 6-1 से और क्रिस्टोफर ओकोनेल ने कैमिलो उगो काराबेली को 6-3, 6-4 से हराया।



**सुपरमॉम का जलवा** | महिला वर्ग में पिछले अक्टूबर में मातृत्व अवकाश से लौटीं बेलिंडा बेनसिक ने अपनी बेटी बेला के पहले जन्मदिन पर जेनेप सोनमेज को 6-0, 6-2 से हराया। तीन बार की मैड्रिड ओपन चैंपियन और इस साल फरवरी में मातृत्व अवकाश से वापसी करने वाली पेट्रा क्वितोवा सीधे सेटों में केटी वोलिनेट्स से 6-4, 6-0 से हार गईं। वर्ष 2022 के आखिर में मां बनने वाली अनास्तासिजा सेवस्तोवा ने अनास्तासिया पावलुचेनकोवा को 6-4, 7-5 से हराया। एक अन्य मैच में एम्मा राडुकानु ने सुजान लैमेंस को 7-6 (4), 6-4 से पराजित किया। महिला वर्ग में अन्य मुकाबलों में अमेरिकी एलिसिया पार्क और बर्नार्डा पेरा सीधे सेटों में आगे बढ़ीं। पेरा ने जाना फेट को 6-4, 6-3 से, जबकि पार्क ने विक्टोरिया जिमेनेज कासिंत्सेवा को 6-3, 6-3 से हराया।

# खेलमंत्री ने महासंघों से कहा-गुटबाजी का खामियाजा भुगत रहे हैं खिलाड़ी

## खिलाड़ियों के लिए डिजिलॉकर सुविधा शुरू



**नई दिल्ली, जेएनएन।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि राष्ट्रीय खेल महासंघों को खिलाड़ियों पर से फोकस हटाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने महासंघों से भारत की ओलंपिक 2036 की मेजबानी का दावा सफल रहने के लिए गुटबाजी और भाई भतीजावाद खत्म करने की अपील की। डिजिलॉकर में सर्टिफिकेट का पहला सेट लांच करने के मौके पर खेलमंत्री ने राष्ट्रीय खेल महासंघों से जुड़े मसलों पर बेबाक राय रखी। डिजिलॉकर दस्तावेजों और सर्टिफिकेट के संग्रहण का क्लाउड आधारित प्लेटफॉर्म है, जिससे दस्तावेजों को साझा करना और प्रमाणित करना आसान हो जाएगा। मांडविया ने 40 राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि मुझे एनएसएफ में दखल देना पसंद नहीं है, लेकिन इसके यह मायने नहीं है कि खिलाड़ियों पर फोकस की सरकार की नीति से भटकने की उन्हें अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि मैंने विभिन्न महासंघों के कई गुटों से बात की है और मैंने उनसे इस पर काम करने के लिए कहा है, ताकि खिलाड़ियों को नुकसान नहीं हो। उन्होंने कहा कि आपको खिलाड़ियों का ध्यान रखना है और गुटबाजी होने पर उन्हें नुकसान होता है। मैं इसकी अनुमति नहीं दूंगा। एनएसएफ को जिम्मेदार होना होगा। मांडविया का इशारा संभवतः मुक्केबाजी, फुटबॉल, कुश्ती और घुड़सवारी जैसे खेलों के महासंघों की ओर था जिनकी अंतर्कलह अंतरराष्ट्रीय महासंघों और अदालत तक पहुंच गई है।

# अटल को हराकर आरसीसी बनीं चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** आरसीसी क्रिकेट अकादमी ने छठवें साद अंसारी मेमोरियल अंडर-14 इंटर क्लब वनडे क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल में अटल अकादमी को सात विकेट से हराकर प्लेट ग्रुप में खिताब जीता।

एलीट ग्रुप के सेमीफाइनल में यूसीसीए ने आरजीसीए को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। ऑल सेंट्स क्रिकेट ग्रांउड पर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी अटल क्रिकेट अकादमी 36.3 ओवर में 182 रन पर ऑलआउट हो गई। टीम के लिए नितांत ने 45 और आरुष ने 42 रन रन बनाए। आरसीसी क्रिकेट अकादमी के अली नकवी ने 8 ओवर में 33 रन देकर 4 विकेट झटके। समर को 2 सफलता मिली।

जवाब में आरसीसी ने 37 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। विमलेश ने नाबाद 65 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उमेद ने 38 और मोहम्मद अली खान ने नाबाद 31 रन बनाए। अटल क्रिकेट अकादमी के गौतम और तनय ने 1-1 विकेट चटकाए। अली नकवी और विमलेश को सयुंक्त मैन ऑफ द मैच चुना गया। सेंचुरियन क्रिकेट ग्राउंड पर यूसीसीए की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में 6 विकेट खोकर 153 रन बनाए। जवाब में आरजीसीए 40 ओवर में आठ विकेट खोकर 89 रन ही बना सकी।



# सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में प्रज्ञानानंदा पर सबकी निगाहें

**वारसॉ (पोलैंड), जेएनएन।** ग्रैंड शतरंज टूर के अंतर्गत शनिवार से शुरू होने वाले सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज टूर्नामेंट में नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन शिरकत नहीं करेंगे, जिससे सभी की निगाहें भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा पर लगी होंगी। हमवतन अरविंद चिदंबरम के साथ प्रज्ञानानंदा खिताब के लिए दावेदारों में शामिल हैं और कार्लसन की अनुपस्थिति से उनकी संभावनायें मजबूत हुई हैं। ईरानी से फ्रांसीसी बने अलीरेजा फिरौजा भी खिताब जीतने के लिए बेकरार हैं, जबकि उनके हमवतन मैक्सिम वचियर-लाग्रेव पिछले दशक में फ्रांसीसी खिलाड़ियों की विरासत को बरकरार रखना चाहेंगे। दस खिलाड़ियों में केवल दो भारतीय प्रतिस्पर्धी हैं। देखना होगा कि इस साल ग्रैंड शतरंज टूर कौन जीतेगा। टूर्नामेंट की कुल पुरस्कार राशि 175000 अमेरीकी डालर है। स्पीड शतरंज में अपनी सटीकता के कारण प्रज्ञानानंदा का प्रदर्शन देखने वाला होगा। अरविंद चिदंबरम ने प्राग मास्टर्स जीतने के लिए बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था, जिसके कारण आयोजकों ने उन्हें वाइल्ड कार्ड स्पॉट देने का प्रस्ताव दिया था। लेवोन अरोनियन और वेसलिन टोपालोव दो सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं, लेकिन ऐसा लगता नहीं है कि वे युवाओं के लिए गंभीर चुनौती पेश करेंगे। पोलैंड के डूडा जान क्रिफ्जोफ और फिरोजा प्रमुख दावेदार हो सकते हैं, लेकिन वे प्रज्ञानानंदा की मजबूती जानते हैं।



# यश की तूफानी पारी से जीती सुपर किंग्स अली हमीदिया ने अयाज-11 को हराया

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच यश जांगिड़ (22 गेंद में 45 रन) की तूफानी पारी की बदौलत वेदांत सुपर किंग्स ने वीसीपीएल टी-20 टूर्नामेंट में गोल्डन टाइगर्स को चार विकेट से हराया। वहीं अन्य मुकाबले में अली हमीदिया ने अयाज-11 को 9 विकेट से हराया। नेहरू नगर पुलिस लाइन मैदान पर गोल्डन टाइगर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 180 रन बनाए। रिजवान ने 43, कप्तान नितेश पालीया ने 35 रन का योगदान दिया। वेदांत सुपर किंग्स के सौरभ राजपूत ने 3 विकेट झटके। उदय मिश्रा और शिखर नवल को 2-2 सफलता मिली। जवाब में सुपर किंग्स ने 19.4 ओवर में 6 विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। अभय सिंह ने 46, यश जांगिड़ ने 45 और फैजल खान ने 40 रन बनाए। गोल्डन टाइगर्स शिखर ने दो विकेट झटके। अयाज एकादश 19 ओवर में 108 रन पर ऑलआउट हो गई। सोहैल मसूद ने 30 और शहाब खान ने 24 रन का योगदान दिया। अली हमीदिया के दीपक मलवीया ने 3, जबकि आरपी और अमीदुद्दीन ने 2-2 विकेट लिए। जवाब में अली हमीदिया ने अभिषेक गिरी (59) और कप्तान देवेंद्र नायक (नाबाद 35) की पारियों की बदौलत 10.5 ओवर में एक विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया।



# मप्र के समरदीप ने जीता गोल्ड मेडल

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश के समरदीप सिंह ने 28वीं राष्ट्रीय महासंघ सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में शॉटपुट में स्वर्ण पदक हासिल किया। यह प्रतियोगिता केरल के कोच्चि में आयोजित की गई। इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर समरदीप ने 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप-2025 के लिए क्वालिफाई किया। यह चैंपियनशिप 27 से 31 मई 2025 तक दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित की जाएगी।



# वाटर स्पोटर्स चैंपियनशिप, पहले दिन हुई ड्रैगन बोट रेस

**भोपाल, खेप्र।** राजधानी के छोटे तालाब पर 35वीं राष्ट्रीय केनो स्प्रिंट जूनियर महिला-पुरुष व सब जूनियर प्रतियोगिता, 13वीं राष्ट्रीय ड्रैगन और 18वीं राष्ट्रीय पैरा केनो प्रतियोगिता एक साथ आयोजित की जा रही है। मध्य प्रदेश कयाकिंग एवं कैनोइंग एसोसिएशन व भारतीय कयाकिंग एवं केनोइंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में देशभर के 1300 से अधिक खिलाड़ी तथा 40 तकनीकी अधिकारी हिस्सा ले रहे है। पहले दिन ड्रैगन बोट की 2000 मीटर रेस हुई, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का परिचय दिया।





खिलाड़ियों ने पहलगाम में आंतकी हमले में मारे गए पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए कैंडल मार्च निकाला।

### हिट एण्ड रन योजनांतर्गत 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस द्वारा अनुविभागीय अधिकारी उचेहरा की अनुशंसा पर राजा रमीज खान निवासी वार्ड नम्बर 13 छोटी छिपहटी उचेहरा को पत्नी साजदा बेगम की छोटा हाथी वाहन से टक्कर लगने से मृत्यु होने पर हिट एण्ड रन मुआवजा योजना 2022 के तहत 2 लाख रूपये की आर्थिक स्वीकृत की गई है।

### 8 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**सतना।** राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत दो व्यक्तियों की मृत्यु प्राकृतिक आपदा में होने से उनके परिजनों को 4 लाख प्रत्येक के मान से अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रघुराजनगर (ग्रामीण) एलआर जांगडे द्वारा 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है।

# विद्यालय में अनुपस्थित मिले 32 शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी

## जन शिक्षक व प्राचार्य के प्रतिवेदन पर जिला शिक्षा अधिकारी ने की कार्यवाही

जागरण सतना

स्कूलो के संचालन का समय कलेक्टर द्वारा निर्धारित किये जाने के बाद जिले में कई ऐसे शिक्षक है जो निर्धारित समय सीमा का पालन नही कर रहे और निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित पाये जा रहे है। विद्यालयो का निरीक्षण करने वाले जन शिक्षको एवं संकुल प्राचार्य द्वारा दिये गये प्रतिवेदन के बाद जिला शिक्षा अधिकारी तरूणेन्द्र प्रताप सिंह ने संबंधित शिक्षको को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में जवाब तलब किया है। वहीं कई अतिथि शिक्षक भी निरीक्षण में अनुपस्थित मिले है जिन पर कार्यवाही कर वेतन काटने के निर्देश संकुल प्राचार्यो को जिला शिक्षा अधिकारी ने दिये है। उल्लेखनीय है कि स्कूलो के संचालन का समय सुबह साढे 7 बजे से साढे 12 बजे तक निर्धारित किया गया है।

### इन पर हुई कार्यवाही

गुढुआ संकुल केन्द्र अंतर्गत आने वाले शा.मा.शा. भरहटा में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक श्रीमती भारतीय वर्मा जन शिक्षक द्वारा 8 बजे दिन किये गये निरीक्षण में अनुपस्थित पाई गई है। मुकुंदपुर संकुल केन्द्र के माध्यामिक शा.आमिन में पदस्थ सहायक अध्यापक काशी नाथ कोल संकुल प्राचार्य के निरीक्षण में 8 मार्च से निरंतर अनुपस्थित मिले है। उनके अवकाश का आवेदन भी विभाग के पास नही है। मैहर के लटा गांव संकुल केन्द्र के अंतर्गत आने वाले शासकीय शाला इटहरा में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक सर्वेश सिंह गोड निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये अजवाइन संकुल के भटुरा माध्यामिक शाला में पदस्थ शिक्षक श्रीमती उर्मिला देवी रावत अनुपस्थित मिली है। इसी प्रकार कोलगडी संकुल केन्द्र के पोड़ी माध्यामिक शाला में पदस्थ शिक्षक श्रीमती मीनाक्षी रैकवार कौशल चौधरी श्रीमती कंचन मिश्रा , श्रीमती मंजू खरे, श्रीमती प्रतीत चुर्वेदी, श्रीमती रंजना मिश्रा, निरीक्षण में अनुपस्थित मिली है। अजवाइन संकुल केन्द्र के हाई स्कूल सलैया में पदस्थ शिक्षक श्रीमती निरजा तिवारी प्राचार्य और रावेन्द्र शुक्ला सहायक शिक्षक बीआरसीसी के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले है। संकुल केन्द्र मगरौरा के अमिलिया कला हाई स्कूल में पदस्थ अध्यापक सभाराज कुशवाहा और माध्यामिक शिक्षक धीरेन्द्र शुक्ला अनुपस्थित पाये गये जबकि अजवाइन संकुल के प्राथमिक शाला संतीपुर में पदस्थ शिक्षक सत्याप्रकाश खरे निरीक्षण में अनुपस्थित मिले है। वहीं मगरौरा के अमिलिया कला हाइ स्कूल में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक बैजनाथ कुशवाहा और केदरनाथ कुशवाहा को भी कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। इतना ही नही संकुल केन्द्र आमा तारा के शासकीय शाला ककरा में पदस्थ श्रीमती अर्चना मसखरे अजवाइन संकुल के आश्रम स्कूल अजवाइन में पदस्थ महेन्द्र साकेत रामबहोरी पाण्डेय अनुपस्थित मिले वहीं मगरौरा सकुल के बरेठी माध्यामिक शाला पदस्थ सहायक शिक्षक श्रीकांत द्विवेदी प्राथमिक शिक्षक रामखेलावन निरीक्षण में अनुपस्थित मिले। जबकि प्राथमिक शाला डोंगरी टोला में पदस्थ प्राथमिक शिक्षक श्रीमती ममता सोनी सहायक शिक्षक सुरेश सोनी , कोलगडी संकुल के पोंडी में पदस्थ माध्यामिक शिक्षक श्रीमती नीरू रैकवार , कोलगडी संकुल के पिथौराबाद माध्यामिक शाला में पदस्थ शिक्षक जितेन्द्र कुमार तिवारी रामगोपाल पाण्डेय , पिथरौबाद मा.शा. में पदस्थ कोदूलाल वर्मा , श्यामनगर प्राथमिक शाला अहरी टोला में पदस्थ रामप्रकाश कुशवाहा प्राथमिक शिक्षक और रामू आदिवासी एवं कोलगडी संकुल के प्राथमिक शाला नौपुला पिपरी में पदस्थ शिक्षक उर्मिला दहायत और अर्चना सेन निरीक्षण में अनुपस्थित मिली है। जिन्हे कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है। जबकि श्रीमती शांति दहायत भगवान दास साहू योगेन्द्र साकेत , लवकेश सोनी, रश्मि शुक्ला, अतिथि शिक्षक बिना अवकाश के अनुपस्थित पाये गये जिसमें संकुल प्राचार्य घुनवारा को वेतन कटाने के निर्देश दिये गये है। वहीं करतहा में पदस्थ जितेन्द्र सिंह, श्रीमती भारती तिवारी एवं पिंकी पाण्डेय अतिथि शिक्षक है जो निरीक्षण में अनुपस्थित मिली है इनका वेतन काटने संकुल प्राचार्य मगरौरा को निर्देशित किया गया है।


कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी जिला सतना (म.प्र.)
क्रमांक/673/सतर्कता/निरीक्षण/2025 सतना दिनांक - 24.04.25

1. श्रीमती मीनाक्षी रैकवार, माध्यमिक शिक्षक
2. श्री कौशल चौधरी, माध्यमिक शिक्षक
3. श्रीमती कंचन मिश्रा, प्राथमिक शिक्षक
4. श्रीमती मंजू खरे, प्राथमिक शिक्षक
5. श्रीमती प्रीती चतुर्वेदी, प्राथमिक शिक्षक
6. श्रीमती रंजना मिश्रा, प्राथमिक शिक्षक

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला सतना म.प्र.
सतना दिनांक - 24.04.25

पृष्ठांक/674/सतर्कता/निरीक्षण/2025
प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त लोक शिक्षण म.प्र.भोपाल
2. कलेक्टर जिला सतना म.प्र.
3. संयुक्त संचालक लोक शिक्षण रीवा संभाग रीवा
4. विकासखंड शिक्षा अधिकारी /बीआरसीसी उचेहरा जिला सतना म.प्र.
5. संकुल प्राचार्य शा.उमावि.कोलगढ़ी की ओर भेजकर निर्देशित किया जाता है कि संबंधित को पत्र तामील करवाकर पावती भेजे एवं बिना इस कार्यालय की अनुमति के संबंधित का वेतन आहरण न करे।

जिला शिक्षा अधिकारी
जिला सतना म.प्र.

> निर्धारित समय सीमा का पालन नही करने वाले एवं निरीक्षण में अनुपस्थित पाये गये शिक्षको को कारण बताओ नोटिस जारी कर तीन दिन में समाधान कारक जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये है। साथ ही अनुपस्थित मिले अतिथि शिक्षको का वेतन काटने संकुल प्राचार्यो को निर्देशित किया गया है।
>
> **टीपी सिंह जिला शिक्षा अधिकारी सतना**

# कांग्रेस के छोटे से बड़े कार्यकर्ता बूथ स्तर में भ्रमण करेंगे

## हवाई अड्डे मामले में कांग्रेस ने चलाया गांव.गांव हस्ताक्षर अभियान



**जागरण सतना।** जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोहावल के मंडलम कांग्रेस कमेटी हाटी एवं कठबरिया की बैठक जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा के मुख्य अतिथि व पूर्व विधायक कल्पना वर्मा के विशेष उपस्थिति में एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सिंह सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा ने कहा कि पार्टी में बड़े से छोटे स्तर तक के कार्यकर्ता बूथ में भ्रमण कर पार्टी के कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने का काम करेंगे कांग्रेस ने हवाई अड्डे मामले में गांव.गांव हस्ताक्षर अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया व कठवरिया एवं हाटी में हस्ताक्षर अभियान चलाया हवाई अड्डे मामले में श्री मिश्रा ने जिले के लोकसभा एवं विधानसभा के सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों से सवाल किया कि आखिर हवाई अड्डा बड़े विमान उतरने लायक कब बनेगा जिले के जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों को एवं अधिकारियों को इसका जवाब जनता की अदालत में देना चाहिए । आगामी 27 अप्रैल को मध्य प्रदेश के ग्वालियर में संविधान बचाओ महारैली का आयोजन किया गया है श्री मिश्रा ने जिले के सभी कार्यकर्ताओं से पहुंचने की अपील की है।

### संविधान बचाने के लिए चलाया जायेगा जन जागरण अभियान : कल्पना वर्मा

बैठक को पूर्व विधायक कल्पना वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा है कि संविधान को बचाने के लिए जिले में जन जागरण अभियान चलाया जाएगा जिसमें पार्टी कार्य कर्ताओं के साथ साथ मैं स्वयं दरवाजे दरवाजे में दस्तक दूंगी व भारतीय जनता पार्टी के द्वारा संविधान बदलने की जो साजिश रची जा रही है उसे बेनकाब करेंगे। बैठक में जिला संगठन मंत्री प्रदीप समदड़िया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रवीण सिंह संगठन मंत्री राममणि शुक्ला जनपद सदस्य सीमा बागड़ी वंदना बागड़ी मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह रवि शुक्ला मक्कू सिंह अशोक शर्मा विज्ञान सिंह पुष्पराज सिंह छोटेलाल अच्छेलाल चौधरी प्रेम नारायण सिंह राजू सिंह बाल गोविंद सिंह सुनील सिंह राजेंद्र द्विवेदी श्याम लाल चौधरी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# 193 लीटर अवैध शराब जब्त , 23 तस्करों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज

**जागरण सतना ।** पुलिस अधीक्षक मैहर सुधीर अग्रवाल के निर्देश पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने 193 लीटर अवैध जप्त कर 23 तस्करो के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही हेतू निर्देशित किया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश के पालन में 23अप्रैल 25 को समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुल 193 लीटर अवैध शराब जप्त की गई एवम 23 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। पुलिस के द्वारा 76 ली अंग्रेजी 40ली कच्ची 77ली देशी प्लेन शराब कुल 78620 रूपये की जप्त की गई है। इसी क्रम में कार्यवाही करते हुए दिनांक 22 अप्रैल को भी पुलिस के द्वारा 60 ली अवैध शराब जप्त करते हुए 14 तस्करों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किए गए हैं। पुलिस की यह कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।

# आगामी बरसात में 25 लाख पौधों का होगा रोपण

## जनप्रतिनिधि और आमजन की भागीदारी से हो जल गंगा संवर्धन के कार्य



**जागरण सतना।** सतना जिले में आगामी बरसात में 25 लाख पौधों को रोपण किया जायेगा। सतना मेडीकल कॉलेज का नामकरण पं. अटल बिहारी बाजपेयी मेडीकल कॉलेज के नाम पर करने राज्य शासन को प्रस्ताव भेजा जायेगा। इस आशय के सर्व सम्मति से निर्णय गुरूवार को नगरीय विकास एवं आवास मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय की अध्यक्षता में संपन्न विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में सर्व सम्मति से लिये गये। प्रभारी मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि जिले में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों में जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि और आमजन की सहभागिता लेकर इसे जनान्दोलन का रूप दिया जाये। इस मौके पर नगरीय विकास एवं आवास राज्यमंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी, सांसद गणेश सिंह, विधायक सुरेन्द्र सिंह गहरवार, विक्रम सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रामखेलावन कोल, उपाध्यक्ष सुस्मिता सिंह, स्पीकर नगर निगम राजेश चतुर्वेदी, जिला पंचायत सदस्य संजय सिंह, ज्ञानेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष भगवती प्रसाद पाण्डेय, विधायक सतना प्रतिनिधि राजदीप सिंह, कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता, सीईओ जिला पंचायत संजना जैन, आयुक्त नगर निगम शेर सिंह मीना, एसडीएम राहुल सिलाडिया, जितेन्द्र वर्मा, सुधीर बेक, एपी द्विवेदी सहित जिला विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

समीक्षा बैठक में पूर्व बैठक की कार्यवाही के पालन प्रतिवेदन में प्रभारी मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि सतना नगर निगम क्षेत्र के रेस्टोरेशन और सडक के रिपेयर कार्य में सुधार के लिये नगरीय विकास राज्यमंत्री, कलेक्टर और नगर निगम के अधिकारियों तथा ठेकेदारों के साथ बैठक कर समीक्षा करें और प्रतिवेदन प्रभारी मंत्री को भेंजे। सांसद भी इस बैठक में शामिल हो। उन्होंने कहा कि बरसात के पहले सतना नगर निगम की सडकें धूल और गड्ढे से मुक्त होनी चाहिए। जो भी ठेकेदार ठीक काम नहीं कर रहे उन्हें ब्लैक लिस्ट करें। आयुक्त नगर निगम ने बताया कि जून माह तक रेस्टोरेशन पूर्ण कर सडकों का काम पूरा कर लिया जायेगा। पिंडरा-नकैला-बरौंधा सडक के रिपेयरिंग कार्य की जानकारी में कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी ने बताया कि रिपेयरिंग का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। आवश्यकतानुसार नवीन सडक स्वीकृति का प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है। सीईओ जिला पंचायत संजना जैन ने बताया कि आजीविका मिशन का एक प्रशिक्षण केन्द्र अमरपाटन में संचालित है। सतना जिले के सीटीसी के लिए सोहावल जनपद में 10 लाख का बजट प्राप्त हुआ है। जिसे शीघ्र प्रारंभ किया जायेगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 135 बीजी चित्रकूट-मझगवां-सतना खण्ड का प्रस्तावित चार लेन चौडीकरण 77.11 किमी लम्बाई की सडक 2480 करोड रूपये की अनुमानित लागत की परियोजना है। जिसमें चित्रकूट बायपास, पिंड्रा बायपास, खूझा और करही बायपास भी शामिल है। सतना-मैहर के 40.32 किमी के खण्ड में 4.45 किमी शेष कार्य छोडकर 2 लेन पेव्ड शोल्डर का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सांसद श्री सिंह ने इस मार्ग की सर्विस लेन भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एलके तिवारी ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कोठी और नागौद के अलावा अन्य स्थानों पर विशेषज्ञ चिकित्सक की पद स्थापना नहीं है। जिला अस्पताल की ओपीडी में मेडीकल कॉलेज सतना के चिकित्सकों का सहयोग लिया जा रहा है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधा के क्षेत्र में सतना मेडीकल कॉलेज के अस्पताल के लिए राज्य शासन द्वारा 383 करोड रूपये की स्वीकृति दी गई है।

# रामपुर पुलिस ने जब्त की 345 शीशी नशीली कफ सिरप

## आरोपी गिरफ्तार कार भी जब्त




**जागरण सतना।** कार से नशीली कफ सिरप की खेप ले जाते रामपुर बाघेलान टीआई संदीप चतुर्वेदी ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 345 सीसी नशीली कफ सिरप जप्त की है। इस कार्यवाही में 8 लाख रूपये कीमत की कार भी जप्त हुई है। इस तरह से पूरी कार्यवाही में 67 हजार 275 रूपये की नशीली कफसिरप , 8 लाख रूपये की कार सहित कुल 8 लाख 67 हजार , 275 रूपये की जप्ती बनाई गई है। यह कार्यवाही एसपी के निर्देश पर की गई है।

### रीवा जिले का निवासी बताया जा रहा तस्कर

रेड कार्यवाही के दौरान घटनास्थल सगौनी बाईपास सतना रीवा रोड से आरोपी इस्लामुद्दीन खान उर्फछोटे पिता नसीबुद्दीन खान उम्र 37 वर्ष निवासी वार्ड क्र 42 दाराशाह बिछिया तकिया मजार के पास थाना बिछिया जिला रीवा के कब्जे से कार क्र डीएल 9 सीयू 0457 की डिग्गी में रखी प्लास्टिक की तीन बोरियों में 345 शीशी प्रतिबंधित अवैध आनरेक्स कम्पनी की नशीली कफसिरप जप्त की गई है। आरोपी के विरूद्ध पुलिस ने एनडीपीएस का अपराध पंजीबद्ध किया है उसे न्यायालय में पेश किया गया है।




























जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com